* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

26 नवंबर, 2022
मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शनिवार, वर्ष 08, अंक 38

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

**अमिताभ के नाम, आवाज, फोटो के इस्तेमाल पर रोक**
दिल्ली हाइकोर्ट ने सरकार से कंटेंट हटाने को कहा



SURJABASHA

FLORENCE
Group of Institutions
(A Unit of : Haji Abdur Razzaque Educational Society)
Irba, Ranchi-835219 (Jharkhand)



Admission OPEN
PLACEMENT Assistance Scholarship Facility Available
NURSING: ANM GNM POST BASIC B.SC. BASIC B.SC. M.SC.
PARAMEDICAL: DRESSERS DMLT ECG X-RAY OPHTHALMIC ASST. OT ASSISTANT
PHARMACY: D-PHARM
Separate Hostel For Boys And Girls
M.: 9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail : fsnirba@gmail.com
Website : www.florenceinstirba.com

CHHOTANAGPUR PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI
No.: 3430699
Opp. : P.H.E.D. Office, Booty Road, Ranchi-834012
ADMISSION OPEN FOR SESSION
2023-24
NURSERY to IX[th]
Separate Hostel Facility For Boys & Girls
BUS FACILITY AVAILABLE.
CONTACT NO. :
98359 36571
94311 06503
83405 81301

# अवैध खनन मामले में हेमंत सोरेन को इडी बुलाने की कर रही तैयारी

## ■ मुख्यमंत्री से दोबारा सात दिसंबर को पूछताछ संभव | ■ हेमंत से बीते 17 नवंबर को 10 घंटे हुई थी पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (इडी) दूसरी बार समन भेजने की तैयारी में है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सात दिसंबर को सीएम को दोबारा पूछताछ के लिए इडी बुला सकती है। बीते 17 नवंबर को इडी की टीम करीब 10 घंटे हेमंत सोरेन से पूछताछ की थी। इडी के रांची स्थित जोनल कार्यालय में सीएम से पूछताछ के दौरान इडी के संयुक्त निदेशक कपिल राज सहित कई अन्य अधिकारी शामिल थे। अबतक की जांच और कार्रवाई में कई नये तथ्य सामने आने की चर्चा है। साहिबगंज में 1000 करोड़ के अवैध खनन मामले में पूर्व में गिरफ्तार सीएम के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा के घर से छापेमारी में एक लिफाफा मिला था, इसमें सीएम के बैंक खाते से जुड़ा चेकबुक भी शामिल था, जिसमें दो चेकबुक हस्ताक्षरित थे। नेताओं और नौकरशाहों के करीबी प्रेम प्रकाश के ठिकाने से दो एके-47 बंदूकों और 60 कारतूसों की बरामदगी भी इडी ने की थी। इडी की छानबीन में यह पता चला था कि सीएम आवास की सुरक्षा में तैनात रांची पुलिस के दो जवानों को अवैध तरीके से प्रेम प्रकाश के अंगरक्षक के रूप में उपलब्ध कराया गया था। इन सभी सवालों पर इडी मुख्यमंत्री से पहली बार पूछताछ कर चुके हैं। अब इडी नये सवालों के साथ सीएम को बुलाने की तैयारी कर रही है।



## पूजा सिंघल ने बिना टेंडर दिया था बालू खनन का ठेका, चार्जशीट की तैयारी

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य खनिज विकास निगम (जेएसएमडीसी) के प्रबंध निदेशक के रूप में झारखंड कैडर की आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल ने कथित तौर पर केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के दिशानिर्देशों के विपरीत अपने पसंदीदा ठेकेदारों को बालू खनन का अधिकार दे दिया था। जेएसएमडीसी ने केवल चर्चा के बाद ठेकेदारों को दो बालू खदानें आवंटित किया था।

जेएसएमडीसी एक सार्वजनिक उपक्रम है। सीवीसी नियमों एक सार्वजनिक उपक्रम प्रतिस्पर्द्धी बोली के माध्यम से अनुबंध प्रदान करेगा, लेकिन नियम के विपरीत साल 2021 में गढ़वा जिले में पचडुमर और सुंदीपुर नामक दो बालू खदानों को ठेकेदार नंद किशोर सिंह और आत्मानंद उपाध्याय को आवंटित कर दिया गया था। पूजा सिंघल ने पलामू संभाग के लिए रेत परियोजना के मंडल अधिकारी के रूप में संविदा कर्मचारी अशोक कुमार की प्रतिनियुक्ति की थी। वह अपनी मनमर्जी से ठेकेदारों को खनन अधिकार देने का आदेश पारित करता था। सिंघल पर भ्रष्टाचार के आरोपों के बावजूद अशोक कुमार को संरक्षण देने का आरोप है। अशोक के खिलाफ प्राथमिकी भी दर्ज की गयी थी। इडी को अवैध खनन की जांच के दौरान कई तथ्य मिले हैं।

गौरतलब है कि इडी ने मई में आइएएस पूजा सिंघल को मनरेगा घोटाला मामले में गिरफ्तार कर चार्जशीट दायर की थी। इडी झारखंड से 1000 करोड़ रुपये के अवैध पत्थर खनन घोटाले में भी उनके खिलाफ चार्चजशीट दायर करने की तैयारी में हैं।

## सुमन कुमार से इडी दो दिनों तक करेगी पूछताछ

**रांची (आजाद सिपाही)।** मनी लाउंड्रिंग मामले के आरोपी निलंबित आइएएस पूजा सिंघल के पति अभिषेक झा के सीए सुमन कुमार से दो दिनों तक इडी पूछताछ करेगी। यह पूछताछ जेल में होगी। अवैध खनन के मामले में कई नये तथ्य आने के बाद इडी ने फिर से सुमन कुमार से पूछताछ करने के लिए इडी कोर्ट से अनुमति मांगी थी, जिस पर कोर्ट ने जेल में पूछताछ करने की अनुमति दे दी है। मई महीने में हुई सुमन कुमार की गिरफ्तारी के बाद भी इडी ने उससे पूछताछ की थी। बता दें कि बीते दिनों सीए सुमन कुमार की ओर इडी कोर्ट में डिस्चार्ज पिटिशन भी दाखिल किया गया, जिस पर एक दिसंबर को सुनवाई होनी है। इडी कोर्ट ने पूर्व में ही सुमन कुमार की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सुमन कुमार पर मनरेगा घोटाले की राशि से मनी लाउंड्रिंग करने में पूजा सिंघल का साथ देने का आरोप है। उनके आवास पर इडी की छापेमारी में 17 करोड़ 49 लाख 87 हजार 200 रुपये एवं उसके कार्यालय परिसर से 29.70 लाख रुपये की राशि बरामद की गयी थी। जिसके बाद इस मामले में उन्हें 7 मई को गिरफ्तार किया था, तभी से वह जेल में हैं।

### केंद्र ने जीएसटी क्षतिपूर्ति के रूप में 17 हजार करोड़ जारी किये

# झारखंड को 338 करोड़ मिले

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने अप्रैल से जून, 2022 की अवधि के लिए शेष जीएसटी मुआवजे के लिए राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को 17 हजार करोड़ रुपये जारी किये हैं। वर्ष 2022-23 के दौरान उपरोक्त राशि सहित राज्यों/संघ शासित प्रदेशों को अब तक जारी मुआवजे की कुल राशि एक लाख 15 हजार 662 करोड़ रुपये है। यह इस तथ्य के बावजूद है कि अक्टूबर, 2022 तक कुल उपकर संग्रह केवल 72 हजार 147 करोड़ रुपये है। केंद्र द्वारा अपने संसाधनों से 43 हजार 515 करोड़ रुपये जारी किये जा रहे हैं। इस साल मई में भी केंद्र सरकार ने रुपये जारी किये थे।

**राज्य/संघ राज्य क्षेत्र का नाम (करोड़ रुपये में)**

| राज्य | करोड़ | | |
|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 682 | केरल | 773 |
| असम | 192 | मध्य प्रदेश | 722 |
| बिहार | 91 | महाराष्ट्र | 2,081 |
| छत्तीसगढ़ | 500 | ओडिशा | 524 |
| दिल्ली | 1,200 | पुदुचेरी | 73 |
| गोवा | 119 | पंजाब | 984 |
| गुजरात | 856 | राजस्थान | 806 |
| हरियाणा | 622 | तमिलनाडु | 1,188 |
| हिमाचल प्रदेश | 226 | तेलंगाना | 542 |
| जम्मू और कश्मीर | 208 | उत्तर प्रदेश | 1,202 |
| झारखंड | 338 | उत्तराखंड | 342 |
| कर्नाटक | 1,915 | पश्चिम बंगाल | 814 |
| | | कुल | 17,0002 |

## वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने झारखंड को 1.36 लाख करोड़ दिलाने की रखी मांग

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार ने केंद्र सरकार से कोयला कंपनियों के पास बकाया 1.36 लाख करोड़ रुपये उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही जीएसटी क्षतिपूर्ति अवधि को 5 वर्षों तक बढ़ाने का सुझाव दिया है। झारखंड के वित्तमंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने शुकवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय बजट निर्माण के पहले प्री-बजट बैठक में इन मांगों को रखा। उरांव ने कहा कि इस वर्ष जीएसटी के तहत झारखंड में प्रोटेक्टेड रेवन्यू के अनुरूप टैक्स संग्रहण नहीं हो पाया। वहीं जुलाई 2022 से क्षतिपूर्ति भुगतान की व्यवस्था समाप्त होने से झारखंड को प्रति वर्ष 4500 करोड़का नुकसान होने का अनुमान है। इसलिए केंद्र सरकार क्षतिपूर्ति अवधि को पांच वर्षों तक विस्तारित करे।



वित्तमंत्री ने बताया कि कोयला खनन मुख्यतः कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी इकाइयों सीसीएल, बीसीसीएल और इसीएल की ओर से की जाती है। इन कोयला कंपनियों के पास राज्य सरकार का काफी बकाया है, जिसमें मुख्य रूप से जमीन अधिग्रहण के एवज में 1 लाख 01 हजार 142 करोड़ का बकाया शामिल है। इसके अलावा कॉमन कॉज के रूप में 32 हजार करोड़ का बकाया और कोयला रॉयल्टी के रूप में 2900 करोड़ रुपये का बकाया है। उन्होंने बताया कि कोल कंपनियों का यह दायित्व होता है कि बंद खदानों का विधिवत माइंस क्लोजर किया जाये, जिसके नहीं करने से लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है, वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है। इसके अलावा अवैध खनन को भी बढ़ावा मिल रहा है। इसलिए विधिवत रूप से खदानों को बंद कराया जाये या वैकल्पिक उपयोग के रूप में विकसित किया जाये। बहुउद्देश्यीय पार्क, वाटर स्पोर्ट्स और एडवेंचर टूरिज्म के रूप में इन्हें विकसित कर रोजगार सृजन किया जा सकता है।

वित्तमंत्री ने कहा कि साहेबगंज को मल्टीमॉडल टर्मिनल के रूप विकसित किया जा रहा है। आने वाले समय में साहेबगंज इकोनॉमी हब के रूप में विकसित होगा, इसलिए साहेबगंज में एयरपोर्ट का निर्माण कर हवाई मार्ग से जोड़ने की भी कार्रवाई की जानी चाहिए। उरांव ने बताया कि इस वर्ष राज्य में मॉनसून की कम बारिश से सूखा की स्थिति है। सूखा से राहत दिलाने के लिए राज्य के 22 जिलों के 226 प्रखंडों को सूखा क्षेत्र घोषित किया गया है। तत्काल राहत के तहत प्रत्येक परिवार को 3500 रुपये की सहायता दी जा रही है, इसलिए केंद्र आवश्यक सहायता उपलब्ध कराये। राज्य सरकार की ओर से सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने और ग्रामीण सड़कों के लिए सहायता उपलब्ध कराने की भी मांग की गयी।

# कूप निर्माण में राशि का दुरुपयोग मामले में 10 के खिलाफ एसीबी जांच, मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी

## 4 अभियंता, मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, लाभुक पर गबन का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भ्रष्ट्राचार निरोधक ब्यूरो जांच संख्या-01/2017 दिनांक 25.01.2017 (हजारीबाग प्रमंडल) में मनरेगा योजनान्तर्गत कूप निर्माण में सरकारी राशि का दुरूपयोग करने संबंधी 10 आरोपियों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान करने की अनुमति भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को प्रदान करने संबंधी प्रस्ताव पर मंजूरी दे दी है।

जांचकर्ता द्वारा उल्लेख किया गया है कि चतरा निवासी बसंत सिंह एवं नरेश सिंह के नाम से दो कूप निर्माण की योजना थी, परंतु एक ही कूप निर्माण कर दोनों कूप की राशि निकासी कर सरकारी राशि का गबन किया गया है। यह स्पष्ट रूप से प्रमाणित होता है कि नरेश सिंह के नाम से कूप निर्माण के नाम पर मुखिया, पंचायत सेवक एवं कनीय अभियंता मिलीभगत कर 58,280 रुपये की सरकारी राशि की निकासी कर गबन कर लिया गया।

इस योजनाओं की जांच से स्पष्ट है कि स्थल पर बिना कार्य कराये ही 2,65,299 रुपये सरकारी राशि का निकासी कर बंदरबांट कर गबन किया गया है, जिसके लिये प्रेमचंद्र पांडेय, लाभुक, विशुन उरांव, रोजगार सेवक, नरेश हजाम, पंचायत सेवक, विवेक कुमार, पंचायत सेवक, संजू देवी, मुखिया, मिथिलेश सिंह उर्फ राकेश सिंह, सामग्री आपूर्तिकर्ता (वर्तमान मुखिया, सीमा पंचायत, चतरा), केदार सिंह, कनीय अभियंता, राजेश कुमार, कनीय अभियंता, संजय सिंह, सहायक अभियंता, तारणी मंडल, कार्यपालक अभियंता, एनआरइपी एवं अन्य के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का साक्ष्य पाया गया।

# अमित अग्रवाल मामले में सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप करने से इंकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कैश देकर पीआइएल मैनेज करने के केस में जेल की सलाखों में बंद कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज करते झारखंड हाइकोर्ट की कार्रवाई में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। इस मामले की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेके माहेश्वरी और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की खंडपीठ ने की। कोर्ट ने झारखंड हाइकोर्ट में मामला लंबित होने के कारण हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता का ऐसा ही एक मामला झारखंड हाइकोर्ट में लंबित है और सुनवाई 30 नवंबर को होनी है। इसलिए हाइकोर्ट को पहले मामले का फैसला करना चाहिए। अमित अग्रवाल ने इस मामले में इडी को प्रतिवादी बनाया था। अमित अग्रवाल ने झारखंड हाइकोर्ट के समक्ष इस आधार पर याचिका दायर की थी कि वह जबरन वसूली मामले में अधिवक्ता राजीव कुमार के खिलाफ शिकायतकर्ता थे। उनकी शिकायत और कोलकाता पुलिस द्वारा बिछाये गये जाल के बाद राजीव कुमार को 50 लाख रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया गया था। इडी ने उन्हें आरोपी बना दिया। हाइकोर्ट में इडी ने जवाब दाखिल करने के लिए तीन सप्ताह का समय मांगा है और मामले की सुनवाई 30 नवंबर को होनी है।

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS





HOUSE OF :
Marbles, Tiles Granites, Kota
Cuddappa & Sanitary Ware
Contact for 4.5", 6" Boring

KUNDAN MARBLE & SANITATIONS
Near Holiday Home, Kanke Road, Ranchi-834008
E-mail : kundanmarble@gmail.com
Contact : 9334471800, 9472760801, 9334671802

## टेंडर हार्ट स्कूल की संस्थापक मंजू गार्गी का निधन



**रांची (आजाद सिपाही)।** टेंडर हार्ट स्कूल की संस्थापक मंजू गार्गी का निधन हो गया है। मंजू गार्गी पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही है, जिनका इलाज कोलकाता के अस्पताल में हो रहा था। मंजू गार्गी ने अपनी अंतिम सांस कोलकाता के अस्पताल में ली। कुछ दिन पहले लंग्स में इन्फेक्शन की शिकायत के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।

# देश का नया इतिहास लिखा जा रहा : नरेंद्र मोदी

● प्रधानमंत्री असम के वीर सपूत लचित बरफुकान की जयंती कार्यक्रम में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत के इतिहास को दबाया गया। पहले जानबूझकर विदेशी एजेंडा बढ़ाने का काम किया गया। भारत का इतिहास, सिर्फ गुलामी का इतिहास नहीं है। यह योद्धाओं का इतिहास है। अत्याचारियों के विरुद्ध अभूतपूर्व शौर्य और पराक्रम दिखाने का इतिहास है। हम इन गलतियों को सुधार रहे हैं। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य से हमें आजादी के बाद भी वही इतिहास पढ़ाया जाता रहा, जो गुलामी के कालखंड में साजिशन रचा गया था। आजादी के बाद जरूरत थी हमें गुलाम बनाने वाले विदेशियों के एजेंडों को बदला जाए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। देश के हर कोने में मां भारती के वीर बेटे-बेटियों ने कैसे आतताइयों का मुकाबला किया, अपना जीवन समर्पित कर दिया। इसे जानबूझकर दबा दिया गया। मोदी शुक्रवार को दिल्ली के विज्ञान भवन में असम के वीर सपूत लचित बरफुकान की 400वीं जयंती कार्यक्रम के समापन समारोह में बोल रहे थे।



इस दौरान उन्होंने सेनापति लचित के योगदान को याद किया और देश के इतिहास को लेकर अपनी बातें रखीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं असम की धरती को प्रणाम करता हूं, जिसने लचित जैसे वीर दिये। वीर लचित ने अपने जीवन में खूब साहस और वीरता दिखायी है। असम की धरती इसकी गवाह रही है। उन्होंने आगे कहा कि अगर कोई तलवार के जोर से हमें झुकाना चाहता है, हमारी पहचान को बदलना चाहता है तो हमें उसका जवाब भी देना आता है।

लचित बरफुकन का जन्म 24 नवंबर 1622 को हुआ। वे अहोम साम्राज्य के प्रसिद्ध सेनापति थे। लचित को पूर्वोत्तर का शिवाजी भी कहा जाता है, क्योंकि उन्होंने शिवाजी की तरह मुगलों को कई बार रणनीति से हराया था। मुगलों को हराने वाले लचित की याद में हर साल असम में 24 नवंबर को लचित दिवस मनाया जाता है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 49,600 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 64,500 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 26 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com



# तेजस्वी और आदित्य ठाकरे के बीच पक रही है सियासी खिचड़ी

## सियासत : दोनों युवा नेताओं की मुलाकात ने थोड़ी हलचल तो बढ़ायी है

**महाराष्ट्र और बिहार में राजनीतिक परिवर्तन के बाद शिवसेना नेता आदित्य ठाकरे राजद नेता और बिहार के डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव से मिलने पहुंचे। दो युवा नेताओं की मुलाकात महाराष्ट्र और बिहार ही नहीं, बल्कि ठाकरे परिवार की बदली हुई राजनीति का संकेत दे रही है। इन दोनों की मुलाकात इसलिए चर्चा में है, क्योंकि शिवसेना के संस्थापक और आदित्य के दादा बाल ठाकरे ने कभी तेजस्वी के पिता और राजद के संस्थापक लालू यादव को 'राजनीति में छुआछूत की बीमारी' कहा था। इसके बावजूद आदित्य ठाकरे का तेजस्वी यादव से मिलने पटना आना खास राजनीतिक संदेश तो देता ही है। इन दोनों की मुलाकात ऐसे समय हुई है, जब शिवसेना दो गुटों में बंट चुकी है और महानगरपालिका बीएमसी चुनाव सिर पर है। बीएमसी पर तीन दशक से काबिज शिवसेना को बेदखल करने के लिए भाजपा-शिंदे गुट एकजुट है। इस तरह बीएमसी पर अपने सियासी वर्चस्व को बनाये रखने की उद्धव ठाकरे के सामने चुनौती खड़ी हो गयी है। आदित्य भले ही इसे निजी मुलाकात बता रहे हों, लेकिन राजनीतिक विश्लेषक महाराष्ट्र की बदली सियासत और शिवसेना को दोबारा से मजबूत करने के नजरिये से देख रहे हैं। इधर बिहार में इस मुलाकात को महागठबंधन के भीतर बढ़ते कद के रूप में देखा जा रहा है, जिसका संकेत पिछले दिनों नीतीश कुमार भी दे चुके हैं। वैसे महाराष्ट्र में सत्ता गंवाने के बाद आदित्य ठाकरे सक्रिय हैं और अलग-अलग नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। पहले वह राहुल गांधी से मिले और उनके साथ पैदल चले और अब तेजस्वी से उनकी मुलाकात हुई है। ऐसे में यह मानना स्वाभाविक ही है कि दो युवा नेताओं की यह मुलाकात भविष्य की सियासत को लेकर है, जिसे महाराष्ट्र के होने वाले बीएमसी के चुनाव से लेकर 2024 के लोकसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा सकता है। इन दोनों नेताओं की मुलाकात का सियासी नजरिये से विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

राजनीति भी अजीब फंडा है। इसमें कदम रखनेवाले का न कोई स्थायी दोस्त होता है और न स्थायी दुश्मन। आक्रामक राजनीति के इस दौर में, जहां राजनीति का मतलब केवल सत्ता है और सिद्धांतों-नीतियों को तिलांजलि दे दी गयी है, दोस्त और दुश्मन ऐसे बदलते हैं, जैसे गिरगिट के रंग। इसलिए तो जिस लालू यादव को कभी बाल ठाकरे ने 'राजनीति में छुआछूत की बीमारी' कहा था, आज उनका पोता आदित्य ठाकरे उसी लालू के पुत्र तेजस्वी यादव से मिलने पटना आता है और गलबहियां करता हुआ दुनिया को दिखता है। इन दोनों की मुलाकात ऐसे समय में हुई है, जब महाराष्ट्र और बिहार में सियासी माहौल पूरी तरह बदल गया है। शिवसेना दो धड़ों में बंट चुकी है, आदित्य के पिता उद्धव ठाकरे सत्ता गंवा चुके हैं और इधर बिहार में तेजस्वी का राजनीतिक प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। वह विपक्ष से सत्ता पक्ष में आ चुके हैं।

आदित्य ठाकरे की पटना में तेजस्वी से मुलाकात हुई। इसके बाद ये दोनों नेता एक साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से भी मिलने पहुंचे। शिवसेना ने इस मुलाकात को 'संविधान और प्रजातंत्र को बचाने' की मुलाकात बताया है, जबकि तेजस्वी यादव ने इस मुलाकात को लेकर लोकतंत्र और विपक्षी एकता की बात की है। भाजपा ने इस मुलाकात के लेकर नीतीश कुमार पर निशाना साधा है। बिहार भाजपा के अध्यक्ष संजय जायसवाल ने कहा कि आदित्य ठाकरे अपनी जमीन तलाश कर रहे हैं। एक तरह से उनका सीधे तेजस्वी यादव से मिलना यह बताता है कि बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार अप्रासंगिक हो गये हैं। संजय जायसवाल का कहना है कि तेजस्वी यादव ने एक औपचारिकता के तौर पर आदित्य ठाकरे को नीतीश कुमार से मिलवा दिया, लेकिन अब कोई बाहर का भी आता है तो वो सीधा तेजस्वी से ही मिलना पसंद करता है। यह इस बात का साफ संकेत है कि बिहार में तेजस्वी यादव लगातार मजबूत हो रहे हैं। उनका सियासी कद अब नीतीश से ऊंचा नहीं, तो कम से कम बराबर तो हो ही गयी है।

हालांकि महाराष्ट्र में इस मुलाकात के अलग मायने निकाले जा रहे हैं। महाराष्ट्र की राजनीति जाननेवाले कहते हैं कि यह विपक्षी एकता की मुहिम का ही एक हिस्सा है। हालांकि इस बात में भी संदेह नहीं कि आदित्य ठाकरे शिवसेना में टूट के बाद पार्टी को आगे बढ़ाने में लगे हुए हैं। वह जानते हैं कि उनका पहला मुकाबला बाला साहेब ठाकरे के 'असली उत्तराधिकारी' होने का दावा करने वाले एकनाथ शिंदे गुट से है, जिसने उनके हाथ से सत्ता छीन ली है। वैसे कुछ लोग मानते हैं कि बाल ठाकरे की कोई विचारधारा नहीं थी, बल्कि वह खुद एक विचारधार थे। इधर बिहार में लालू यादव भी किसी विचारधारा में बंधे नहीं हैं, बल्कि खुद एक विचारधारा बन गये हैं। ऐसे में यह बेहद दिलचस्प है कि कट्टर दक्षिणपंथी पृष्ठभूमि के आदित्य ठाकरे समाजवादी धारा में तैरनेवाले तेजस्वी यादव के साथ सामंजस्य कैसे बिठा पाते हैं। यह केवल आदित्य ठाकरे के लिए ही नहीं, बल्कि तेजस्वी यादव के लिए भी चुनौतीपूर्ण है, जिन्हें लालू प्रसाद यादव की उस राजनीतिक जमीन पर चलना है, जो हमेशा से कट्टर हिंदुत्व के खिलाफ रही है।



यह सभी जानते हैं कि महाराष्ट्र में ठाकरे परिवार की राजनीति 'एंटी नॉर्थ इंडिया' या 'यूपी-बिहार जैसे राज्यों से मुंबई में बसने वालों के खिलाफ' रही है। शिवसेना का मुंबई में रहने वाले यूपी और बिहार के लोगों के खिलाफ बयानबाजी का इतिहास रहा है। कई बार इस तरह के विरोध में हिंसा भी हुई है। जब 1995 में शिवसेना पहली बार सत्ता में आयी थी, तो बाला साहेब ठाकरे ने कहा था कि उत्तर भारतीयों को राशन कार्ड नहीं देना चाहिए। बाद में लालू यादव ने शिवाजी पार्क में एक रैली की और उसमें बहुत भारी भीड़ जुटी थी। उसके बाद बाला साहेब ठाकरे पीछे हट गये थे।

लेकिन अब राजनीति की इस नयी तस्वीर में एक तरफ बाला साहेब ठाकरे के पोते आदित्य ठाकरे हैं, तो दूसरी तरफ लालू प्रसाद यादव के बेटे तेजस्वी यादव हैं। हालांकि लालू यादव और बाला साहब ठाकरे के बीच कभी सीधा टकराव नहीं हुआ, लेकिन वे दोनों कभी एक-दूसरे के साथ भी नहीं थे। वह जमाना भी अलग था। उस समय शिवसेना और भाजपा साथ थी। ऐसे में दोनों परिवारों के युवा नेताओं की इस मुलाकात को 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए विपक्षी एकता के तौर पर भी पेश किया जा रहा है। आदित्य ठाकरे इससे पहले राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' में शामिल हो चुके हैं। वहीं तेजस्वी यादव ने महाराष्ट में उद्धव ठाकरे की सरकार को गिराने के लिए सरकारी एजेंसियों और पैसे के दुरुपयोग की बात कही थी।

### दोस्ती या बिहारी वोटरों पर निशाना

इस मुलाकात का एक प्रमुख कारण मुंबई नगर निगम का आसन्न चुनाव भी माना जा रहा है। जानकार कहते हैं कि आज पूरे देश में एक तरह से पहचान के संकट की राजनीति चल रही है, जिसमें जाति और क्षेत्र दोनों का महत्व है। बिहार जाति, धर्म और क्षेत्र तीनों का प्रतिनिधित्व करता है। तेजस्वी यादव आज की तारीख में बिहार के सबसे बड़े युवा नेता हैं। ऐसा माना जाता है कि वो लालू यादव की विरासत को बेहतर तरीके से आगे ले जा रहे हैं। मुंबई बिहारियों का एक तरह से अड्डा है। वहां काम करने वाले मजदूर, ऑटो रिक्शा या बाकी गाड़ियां चलाने वाले ड्राइवर, सड़क किनारे के छोटे-मोटे कारोबारी, इन सबमें बड़ी संख्या में बिहार के लोग काम करते हैं। आदित्य ठाकरे के मन में इन्हीं वोटरों को लुभाना हो सकता है, इसलिए वह राज्य के नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं। दरअसल, शिवसेना के टूटने के बाद इसके दोनों ही गुट खुद को बाला साहब ठाकरे के असली उत्तराधिकारी बता रहे हैं। ऐसे में बिहार और यूपी से आकर बसे वोटरों पर आदित्य ठाकरे की नजर हो सकती है। इस बात में कोई संदेह नहीं कि आदित्य ठाकरे को अगर तेजस्वी यादव का साथ मिल जाता है, तो इसका लाभ शिवसेना के ठाकरे गुट को मिल सकता है। शायद इसी उम्मीद में आदित्य ठाकरे ने तेजस्वी यादव से मुलाकात की है, क्योंकि बिना फायदे के कोई किसी से नहीं मिलता। दूसरी तरफ इस मुलाकात से तेजस्वी यादव को भी फायदा हो सकता है। दरअसल बिहार और यूपी जैसे राज्यों से मुंबई, दिल्ली या सूरत जैसे शहरों में लगातार लोगों का पलायन हो रहा है। उनके लिए मुंबई को निरापद ठिकाना बनाने में यदि तेजस्वी कामयाब हो गये, तो ऐसे प्रवासी कामगारों का बिहार में रह रहा परिवार स्वाभाविक तौर पर राजद के साथ आ जायेगा।

अंतिम परिणाम चाहे जो भी हो, एक बात तय है कि आदित्य ठाकरे वैसे ही तेजस्वी से मिलने पटना नहीं पहुंचे। तेजस्वी ने भी बिना किसी कारण के आदित्य ठाकरे से मुलाकात नहीं कर ली। इस मुलाकात की सियासी खिचड़ी का स्वाद चखने के लिए अभी इंतजार करना ही श्रेयस्कर होगा।

# सौतेली मां ने 3 मासूम बच्चों को खिला दिया जहर मिला भोजन, एक की मौत

**एक की हालत गंभीर हैं, जबकि एक अन्य सुरक्षित है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** कोई माता कैसे कुमाता बनकर मां और संतान के रिश्ते को कलंकित कर सकती है ऐसा मामला गिरिडीह जिले के तिसरी प्रखंड में सामने आया है। यहां के रोहनटांडा गांव में एक सौतेली मां पर अपने बच्चों को विषाक्त भोजन देकर मारने का आरोप लगा है। भोजन खाने के बाद एक बच्चे की मौत हो गयी है। वहीं, एक की हालत गंभीर हैं, जबकि एक अन्य सुरक्षित है।

बताया जा रहा है कि रोहनटांडा निवासी सुनील सोरेन और सेलीन मरांडी के 5 बच्चे थे। सुनील सोरेन की पहली पत्नी सेलीन मरांडी की मौत के बाद उसने सुनीता हांसदा से दूसरा विवाह कर लिया। लेकिन, विवाह के कुछ समय बाद से ही सुनीता हांसदा का बच्चों के साथ संबंध ठीक नहीं था। लगातार बच्चों के साथ मारपीट की शिकायत सामने आती थी।

मानवता की सारी हदों को पार करते हुए सौतेली मां ने खाने में जहर डाल कर तीन बच्चों को खिला दिया, जिसमें एक बच्चे की मौत हो गयी। एक का सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है और एक सुरक्षित है। विषाक्त भोजन खाने से जिस बच्चे की मौत हुई है वह 3 साल का अनिल सोरेन है। वहीं, 9 वर्षीय शंकर सोरेन की स्थिति खराब है जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। जबकि; 13 वर्षीय सोनू सोरेन अभी सुरक्षित है। जिसे अस्पताल से डिस्चार्ज करने के बाद घर लाया गया।

घटना की जानकारी मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। तीसरी थाना प्रभारी पीकू कुमार ने बताया कि घटना कि जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे और आरोपी महिला को हिरासत में लिया गया है। मामले की तफ्तीश के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# ओबीसी को आरक्षण की मांग को लेकर हाइकोर्ट में पीआइएल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नगर निकाय चुनाव में ओबीसी को आरक्षण दिये जाने की मांग को लेकर झारखंड हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है। प्रार्थी राजेश गुप्ता ने हाइकोर्ट में पीआइएल दायर की है। याचिका में राज्य सरकार द्वारा सुप्रीम कोर्ट में दिए हलफनामे का जिक्र करते हुए कहा गया है कि सरकार ने पंचायत चुनाव के दौरान सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान ट्रिपल टेस्ट कराने की बात कही थी। सरकार ने कहा था कि आगामी चुनाव से पहले ट्रिपल टेस्ट करा लिया जायेगा, लेकिन राज्य में अब तक ट्रिपल टेस्ट कराने की प्रक्रिया शुरू नहीं की गयी है। याचिका में ट्रिपल टेस्ट कराने के बाद आरक्षण देने की मांग की गयी है।

**नगर निकाय चुनाव**

बता दें कि इससे पहले रांची नगर निगम के मेयर का पद अनुसूचित जनजाति से हटाकर अनुसूचित जाति के व्यक्ति के लिए किये जाने के खिलाफ झारखंड हाइकोर्ट में जनहित याचिका दायर की जा चुकी है। लक्ष्मीनारायण मुंडा ने याचिका दायर कर कहा है कि पांचवीं सूची के तहत अनुसूचित जिले में मेयर या अध्यक्ष का पद एसटी के लिए ही आरक्षित करने का प्रावधान है, लेकिन चुनाव आयोग ने नियमों का उल्लंघन करते हुए इस बार एससी के लिए मेयर का पद आरक्षित कर दिया है। याचिका में कहा गया है झारखंड में पांचवी अनुसूची लागू है।

# दुमका में आदिवासी गर्ल्स हॉस्टल में लगी आग

**बड़े हादसे का शिकार होते-होते बचीं छात्राएं**

**कुछ के शैक्षणिक दस्तावेज भी जलकर राख**

आजाद सिपाही संवाददाता

**दुमका।** दुमका में आदिवासी गर्ल्स हॉस्टल में आग लग गयी। कई छात्रा बड़े हादसे का शिकार होते-होते बच गयीं। करहड़बिल मुहल्ला में रामरतन सिंह रोड स्थित आदिवासी गर्ल्स हॉस्टल में शुक्रवार को आग लग गयी। बताया जा रहा है कि गैस सिलेंडर लीक होने की वजह से यह हादसा हुआ है।



### छत से कूदकर छात्राओं ने बचायी जान

हॉस्टल में लगने के बाद कई छात्रों ने किसी तरह छत से कूदकर अपनी जान बचायी है। इस हादसे में कई छात्राओं के घायल होने की भी खबर है। इनमें बसंती मुर्मू गंभीर रूप से घायल हैं जिन्हें फूलो-झानो मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। यहां इनका इलाज चल रहा है।

### खाना बनाने के दौरान हुआ हादसा

घटना के संबंध में बताया गया कि कमरे में कुछ छात्राएं खाना बना रही थीं। अचानक गैस लीक होने की वजह से कमरे में आग लग गयी। इससे पहले भी आग पर नियंत्रण पाया जाता आग हॉस्टल में फैल गयी। तुरंत इसकी सूचना फायर ब्रिगेड को दी गयी। बचाव कर्मियों ने करीब 300 छात्राओं को सुरक्षित निकाला है।

### फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू

कुछ छात्राएं घायल हैं जिनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही एसडीओ महेश्वर महतो और नगर थाना प्रभारी नवल किशोर सिंह घटनास्थल पर पहुंचे हैं। वरीय अधिकारियों ने घटनास्थल का मुआयना किया और बचाव कार्य का जायजा लिया। फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पा लिया है। इस आग में कुछ छात्राओं के जरूर कागजात भी जल गये हैं जिनमें शैक्षणिक दस्तावेज भी शामिल हैं।

## गैर सरकारी सदस्य के रूप सभी की नियुक्ति तीन साल के लिए

# राज्य और क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार का गठन

**नियुक्ति से झामुमो कार्यकर्ता खुश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य परिवहन प्राधिकार में 11 गैर सदस्यों की नियुक्ति परिवहन मंत्री सह झामुमो के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन के निर्देश पर की गयी है। प्राधिकार में नियुक्त सभी गैर सरकारी 11 सदस्य झामुमो के हैं। इनमें से दो सदस्य तो अभी पार्टी के जिला अध्यक्ष हैं। बाकी 9 सदस्य या तो झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता हैं या केंद्रीय समिति के सदस्य, इस नियुक्ति से झामुमो कार्यकर्ताओं को खुशी मिली है। गैर सरकारी सदस्य के रूप सभी की नियुक्ति तीन साल के लिए की गयी है।

### झारखंड राज्य परिवहन प्राधिकार के सदस्य

हजारीबाग के संजीव कुमार, झामुमो के केंद्रीय कमेटी के सदस्य और पार्टी के टिकट पर बड़कागांव विधानसभा से तीन बार चुनाव लड़ कर हार चुके हैं।

पश्चिम सिंहभूम जिला के चाईबासा से सोनाराम देवगम, झामुमो जिला सचिव

प्रमंडल स्तर पर नियुक्त क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सदस्य।

**कोल्हान प्रमंडल**

बारीडीह (जमशेदपुर) के प्रमोद लाल, झामुमो के पूर्व कार्यकारिणी सदस्य, अभी सक्रिय नेता।

बहरागोड़ा (जमशेदपुर) के आदित्य प्रधान, झामुमो केंद्रीय समिति के सदस्य

**संथालपरगना प्रमंडल**

गोड्डा के गांधीग्राम के बासुदेव सोरेन, झामुमो जिला अध्यक्ष

दुमका के कुसुमडीह के निरंजन कुमार मिश्रा, झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता।

**उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल**

बोकारो स्टील सिटी के मंटू यादव, झामुमो के केंद्रीय सदस्य हैं। 2009 और 2014 में झामुमो के टिकट पर बोकारो से चुनाव लड़े, मुंह की खानी पड़ी।

गिरीडीह के भंडारीडीह के शहनवाज अंसारी, जिला उपाध्यक्ष

**पलामू प्रमंडल**

डाल्टनगंज के राजेंद्र कुमार सिन्हा गुड्डू , झामुमो जिला अध्यक्ष

गढ़वा नगर ऊंटारी निवासी सूर्यदेव महतो, झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता, मंत्री मिथिलेश ठाकुर के करीबी

**दक्षिण छोटानागपुर प्रमंडल**

ओरमांझी के तालकेश्वर महतो, झामुमो के सक्रिय सदस्य, झामुमो छात्र संघ से भी जुड़े थे।

# मध्याह्न भोजन में दिया गया सड़ा अंडा

**स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बीडीओ से की शिकायत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी (हजारीबाग)।** प्रखंड के कन्या मध्य विद्यालय में अध्ययन रत छात्र छात्राओं ने शुक्रवार को मध्याह्न भोजन में सड़ा हुआ अंडा मिलने पर बीडीओ किस्टो कुमार बेसरा के पास पहुंचे व इसकी शिकायत बीडीओ से की। जानकारी के कन्या मध्य विद्यालय में शुक्रवार को मध्याह्न भोजन में अंडा दिया गया जो सड़ा हुआ पाया गया।



अंडा मिलते ही स्कूली बच्चे आक्रोशित हो गये और बीडीओ किस्टो कुमार बेसरा के पास पहुंचे व इसकी शिकायत की। अपने कार्यालय में स्कूली बच्चों को देखकर बीडीओ भी हतप्रभ हो गये। इस बाबत पूछे जाने पर किस्टो कुमार बेसरा ने कहा कि मामला संज्ञान में आया है। मैंने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी चंद्रशेखर भारती को मामले की जाच कर रिपोर्ट देने को कहा है। इस मामले में जो भी दोषी होगा कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 25.4 °c | 10.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.02 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.09 बजे |



# हरमू में सुप्रसिद्ध बर्लिन जनरल हॉस्पिटल का हुआ शुभारंभ

## ■ स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और सांसद संजय सेठ ने किया उद्घाटन

## ■ झारखंड में बर्लिन जैसे अस्पताल की जरूरत थी : मंत्री बन्ना गुप्ता

## ■ गरीबों की सेवा के लिए सांसद मद से देंगे 40 लाख रुपये: संजय सेठ

**मरीजों की संतुष्टि ही अस्पताल की उपलब्धिः भानु प्रताप सिंह**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची को बर्लिन जनरल हॉस्पिटल के रूप में मिला अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस एक ऐसा अस्पताल जो एक बेंच मार्क साबित होगा। अब रांची शहर के मरीजों को अत्याधुनिक सुविधाओं और क्वालिटी केयर सेवाओं के लिए दूसरे शहर की ओर रुख करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बर्लिन जनरल हॉस्पिटल की स्थापना इसी को ध्यान में रखकर की गयी है। शुक्रवार की शाम 4 बजे बर्लिन जनरल अस्पताल का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और सांसद संजय सेठ ने किया।





### आम जनता को होगी सुविधा

इस अवसर पर बन्ना गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में अस्पताल का बहुत पुराना अनुभव रहा है। नया अस्पताल 70 बेड का खुला है। इसमें कार्डियो से लेकर सभी तरह की सुविधाएं आम जनता को मिलेगी। स्वस्थ सेवा के क्षत्र में बर्लिन का बेहतर नाम है। इस अस्पताल का निर्माण आलिशान तरीके से किया गया है। उम्मीद करते हैं कि इस अस्पताल में गरीब लोगों को कम कीमत पर बेहतर से बेहतर सुविधाएं और स्वास्थ्य सेवा मिलेंगी। गरीब लोगों के कल्याण में यह एक मील का पत्थर साबित होगा।

### आबादी के अनुसार अस्पताल बढ़ना जरूरी

इस अवसर पर रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा कि रांची शहर की आबादी लगातार बढ़ रही है और उसके अनुसार यहां पर स्वस्थ सुविधा भी बढ़ानी होंगी। बर्लिन हॉस्पिटल बहुत बढ़िया चले यह शुभकामनाएं हैं और सिर्फ सेवा भाव से अपना काम करें, इसके लिए शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि हमने अस्पताल के डॉक्टर को एक प्रस्ताव दिया है कि अपनी ओर से एक डायलिसिस सेंटर बना देंगे। इसमें गरीब आदमी को 500-700 रुपये में डायलिसिस हो जाये, इससे बड़ी सुविधा आम आदमियों को नहीं मिल सकती। इस काम के लिए सांसद मद से 40 लाख रुपये दिलवायेंगे। सेवा भाव के साथ काम करने पर ईश्वर का आशीर्वाद भी मिलेगा और लोगों को भी इसकी सुविधाएं मिलेंगी। हमें उम्मीद है कि यह अस्पताल सेवा के क्षत्र में मिल का पत्थर साबित होगा। उन्होंने हरमू क्षत्र में अस्पताल स्थापित करने के लिए बधाई दी।

### बर्लिन जनरल हॉस्पिटल में एक छत के नीचे सभी सुविधाएं उपलब्ध होंगी

**यहां आगंतुकों की अगवानी प्रसिद्ध समाजसेवी ओर उद्यमी भानु प्रताप सिंह ने की। बता दें समाज में होने वाले हर जन कार्यक्रम में भानु प्रताप सिंह बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं। उनका कहना है कि हरमू इलाके में बर्लिन अस्पताल खुल जाने से राजधानी रांची के लोगों को एक छत के नीचे सभी सुविधायें उपलब्ध होंगी। अस्पताल का उद्देश्य सेवा भावना है। यहां आने वाले मरीजों की संतुष्टि ही अस्पताल की उपलब्धि होगी।**

### अत्याधुनिक सुविधा से युक्त और स्टाफ हैं ट्रेंड

बताते चलें कि बर्लिन जनरल हॉस्पिटल के स्टाफ वेल ट्रेंड हैं। उनका व्यवहार उच्च कोटि का है। यहां पर अत्याधुनिक जांच मशीने लगायी गयी हैं। कैसे मरीजों का समय बचे इसे भी ध्यान में रखा गया है। यह अस्पताल हरमू बाजार स्थित पंचमुखी मंदिर के पास है। बर्लिन जनरल हॉस्पिटल के उदघाटन समारोह में शहर के कई गणमान्य लोगों के साथ आम जनता ने भी शिरकत की। अस्पताल को देख उन्हें बहुत खुशी हुई। वह कह रहे थे यह अस्पताल एक बेंच मार्क साबित होगा। यह बहुत ही सराहनीय कदम है। इससे रांची कि जनता को बहुत लाभ मिलेगा। क्वालिटी केयर क्लोज टू होम के उच्च मापदंडों और विचारों के साथ बर्लिन डायग्नोस्टिक और डे केयर (बीडीडीसी) की स्थापना की गयी है, जहां सभी तरह की अत्याधुनिक जांच की सुविधायें उपलब्ध हैं। यह केंद्र पूरे रांची में पीइटी -सीटी सेवा वाला पहला और सफलतम केंद्र है। यह बीडीडीसी आधुनिक उपकरणों के साथ कई सेवाएं भी प्रदान करती रही है और डायग्नोस्टिक्स और डे-केयर में माहिर है।

बर्लिन ने शहर के अन्य अस्पतालों में अपनी डायग्नोस्टिक और इमेजिंग प्रयोगशालायें भी स्थापित की हैं। कोरोना काल में महामारी को मात देने के उद्देश्य से हरमू में एक कोविड केंद्र की स्थापना की गयी। यहां इस दौरान 300 से भी अधिक कोविड के मरीजों का इलाज किया। जिसकी सफलता दर 98% से अधिक थी। यहीं से बर्लिन अस्पताल शुरू करने की प्रेरणा मिली। सेवा भाव से प्रेरित लक्ष्य को ध्यान में रखकर, अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस अस्पताल खोलने की ओर कदम बढ़ाया गया। एकत्रित जानकारी और अनुभवी वरिष्ठ लोगों के साथ, बर्लिन जनरल अस्पताल क्वालिटी केयर क्लोज टू होम विचारों को मजबूत करते हुए शुरू करने के लिए तैयार है। बर्लिन जनरल हॉस्पिटल आइसीयू, एनआइसीयू, एचडीयू, जनरल वार्ड, मॉड्यूलर ओटी, डायलिसिस और लेबर रूम वाला अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित अस्पताल है। इस हॉस्पिटल में मानव जीवन से जुड़े हर विभाग और उससे जुड़े प्रसिद्ध डॉक्टर्स उपलब्ध रहेंगे। इसमें चिकित्सा जगत द्वारा पेश किये जाने वाले सर्वोत्तम तकनीकी उपकरणों के साथ सभी डायग्नोस्टिक सेवाएं भी होंगी। हमारी अपनी किफायती दरों पर इन-हाउस फार्मेसी भी होगी। साथ ही मुफ्त एंबुलेंस सुविधा सहित 24#7 आपातकालीन सेवाएं प्रदान की जायेंगी। अस्पताल में अनुभवी और अत्यधिक पेशेवर चिकित्सा विशेषज्ञ होंगे। अब रांची शहर के मरीजों को अत्याधुनिक सुविधाओं और क्वालिटी केयर के लिए दूसरे शहर जाने की जरुरत नहीं पड़े, इसी को ध्यान में रखकर बर्लिन जनरल हॉस्पिटल को आपके लिए लाया गया है।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

उदघाटन समारोह में बर्लिन जनरल अस्पताल के डायरेक्टर डॉ प्रणव नारायण, डॉ. अंबुज श्रीवास्तव, मेडिकल डायरेक्टर डॉ. एचडी शरण और डॉ. कृष्ण मुरारी प्रसाद उपस्थित थे। साथ ही शहर के जाने-माने डॉ. एचपी नारायण ने भी शिरकत की। उनके अलावा उपमहापौर संजीव विजयवर्गीय, विनोद कुमार, अजय झा, समाजसेवी और उद्यमी भानु प्रताप सिंह, आजाद सिपाही के प्रधान संपादक हरिनारायण सिंह, झारखंड सरकार के पूर्व महाधिवक्ता अनिल सिन्हा, राज अस्पताल के डॉ गौतम गंभीर, अखिल भारतीय सेवा भारती के गुरु शरण जी, समाज सेवी डॉ समर सिंह, पार्षद अरुण झा, भाजपा नेता रमेश कुमार सिंह, बिहार के पूर्व विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह ओर कृपा शंकर सिंह भी उपस्थित रहे।

# भाजपा की सरकार बनी तो झारखंडी होंगे खदान के मालिक और माफिया होंगे बाहर : बाबूलाल

**अगर पुलिस की कमी है तो भाजपा के कार्यकर्ता बॉर्डर पर जाकर बालू को बाहर जाने से रोकेंगे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मेरे शासन काल में यहां के युवाओं को अपने पैरों पर खड़े होने के लिए उनके बीच बस तथा क्रशर मशीन का वितरण करवाया था। राज्य में भाजपा की सरकार बनते ही माफियाओं की खदान को लेकर यहां के युवाओं को दे दिया जायेगा। उक्त बातें शुक्रवार को श्री मरांडी ने दुमका जिले में भाजपा द्वारा आयोजित हेमंत हटाओ, झारखंड बचाओ जनाक्रोश सभा में कहीं। श्री मरांडी ने कहा कि जब-जब हेमंत सोरेन किसी मामले में फंसते हैं वे आदिवासी होने की दुहाई देने लगते हैं। और कहते हैं कि मुझे आदिवासी होने के कारण तंग किया जाता है। हेमंत सोरेन को बताना चाहिए कि आज तक उन्होंने कितने आदिवासियों की मदद की है। कितने आदिवासियों को खदान आवंटित किये हैं। राज्य के आदिवासियों को बताना चाहिए। वे मदद सिर्फ अपने परिवार और करीबी मित्रों की करते हैं।




### मुख्यमंत्री ने बालू घाटों की नीलामी की पर सदन और जनता को कर रहे दिग्भ्रमित

श्री मरांडी ने कहा कि जब सदन चलता है और हमलोग बालू को लेकर सवाल करते हैं और बालू घाटों की नीलामी करने को कहते हैं तो राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सदन को आश्वासन देते हैं कि बालू घाटों की नीलामी कर दी जायेगी। जबतक सदन चलता है तबतक पुलिस वाले बालू ट्रैक्टर को वे नहीं पकड़ते हैं और सदन समाप्त होते ही धर पकड़ शुरू हो जाती है। उन्होंने कहा कि राज्य के सभी बॉर्डर पर कड़ी चौकसी करनी चाहिए ताकि राज्य का बालू बाहर न जाये। अगर सरकार के पास पुलिस की कमी है तो भाजपा के कार्यकर्ता उस जिम्मेदारी को निभाने को तैयार हैं। श्री मरांडी ने कार्यकर्ताओं को टिप्स देते हुए आह्वान किया कि आज के बाद यदि पुलिस आपकी बालू की गाड़ी को पकड़ेगी तो बालू खरीदने के लिए थाना पहुंच जाना।

### हेमंत सोरेन राज्य की जनता की उम्मीद को पूरा नहीं कर पाये

कहा कि जिस उम्मीद और आशा के साथ राज्य की जनता ने हेमंत सोरेन को सत्ता सौंपी थी, हेमंत सोरेन उस आशा और उम्मीद को पूरा नहीं कर पाये। आज राज्य में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। राज्य में बालू, कोयला, लोहा, पत्थर सहित अन्य खनिजों की अवैध खनन हो रहा है और दूसरे राज्यों में भेजा जा रहा है। पुलिस पैसे की वसूली में लगी हुई है। महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं, छोटी-छोटी बच्चियों के साथ दुष्कर्म किया जा रहा है। अपराधियों में कोई भय नहीं है उनका मनोबल बढ़ा हुआ है, लेकिन सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। लोकतंत्र में राज्य का मालिक जनता होती है अतः आज मैं आप लोगों के बीच यह कहने आया हूं कि जिस हेमंत सोरेन की सरकार को आपने राज्य की सत्ता सौंपी है विकास करने के लिए लेकिन वह हेमंत सोरेन की सरकार लुटेरों की सरकार निकली। यह संदेश आप सब यहां से अपने-अपने घरों में गांवों में जाकर लोगों को बतायें कि हेमंत सोरेन की सरकार आज किस तरह से राज्य को लूटने का काम कर रही है। राज्य के खजाने को खाली करने का काम कर रही है।

## विधायक सरयू राय ने झारखंड सरकार पर साधा निशाना

# सरयू ने पूछा सीएम से सवाल, मंत्री के परिवार वाले लड़ सकें चुनाव क्या इसलिए लगी रोक ?

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** विधायक सरयू राय ने नगरपालिका चुनाव को लेकर झारखंड सरकार पर जमकर निशाना साधा है। सरयू राय ने कहा है कि नगरपालिका चुनावों के साथ सरकार साजिश कर रही है। नगर निकाय का चुनाव रोकने की कोशिश संविधान के प्रावधान के खिलाफ है। सरकार के एक मंत्री अपने परिवार के लाभ के लिए मुख्यमंत्री पर दबाव डालकर यह फैसला लेने के लिए मजबूर कर रहे हैं। यही वजह है कि दो जगहों पर सरकार ने चुनाव टालने का फैसला लिया है।

### राज्य सरकार कर रही है बड़ी साजिश

सरयू राय ने सरकार पर साजिश का आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग ने सरकार के पास 48 नगर निकायों का चुनाव कराने का प्रस्ताव भेजा। साजिश के तहत सरकार ने 48 में से केवल 46 नगर निकायों में ही चुनाव कराने का प्रस्ताव राज्यपाल को भेज दिया जिस पर राज्यपाल का अनुमोदन भी प्राप्त हो गया।

### क्यों नहीं कराया जा रहा है चुनाव स्पष्ट करें हेमंत सोरेन

जिन दो नगर निगम पर चुनाव के लिए रोक लगी उनमें मानगो नगर निगम और जुगसलाई नगर परिषद का चुनाव कराने का प्रस्ताव राज्यपाल के पास अनुमोदनार्थ नहीं भेजा गया। यह एक बड़ी साजिश है। सरयू राय ने आगे कहा, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को इसका कारण सार्वजनिक करना चाहिए कि आखिर क्यों इन दो जगहों पर चुनाव से रोक लगी। कौन सी ऐसी परिस्थिति आ गयी कि मानगो और जुगसलाई के निकायों में चुनाव नहीं कराना राज्य सरकार को सही नहीं लगा।



### मंत्री की वजह से लगी है रोक

सरयू राय ने कहा कि राज्य सरकार के एक मंत्री अपनी पत्नी को और अपने भाई को इन निकायों से चुनाव लड़ाना चाह रहे थे? परंतु जिला प्रशासन के प्रयास के बावजूद इनका नाम मानगो नगर निगम की निर्वाचन सूची में प्रकाशित नहीं हो पायी? इस कारण ये लोग न तो वहां से चुनाव लड़ सकते थे और न ही मतदान कर सकते थे। सरकार इस वजह से इन दो जगहों पर चुनाव नहीं करा रही है ताकि इस कमी को दूर किया जा सके जिसके बाद इनके प्रतिनिधित्व में आसानी होगी फिर चुनाव का ऐलान किया जा सकेगा।

## कचहरी चौक से सर्जना चौक तक को नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया

# जाम की समस्या दूर करने के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान फिर शुरू

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने के तमाम प्रयास के बाद भी सड़कों से अतिक्रमण नहीं हट पा रहा है। अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने के बाद कुछ समय के लिए सड़कें अतिक्रमण मुक्त रहती हैं, फिर सड़कों पर दुकानें सज जाती हैं। कचहरी चौक से सर्जना चौक तक को नो वेंडिंग जोन घोषित किया गया है। इसके बाद भी सड़क पर फुटपाथ दुकानें लग रही हैं। इसे लेकर नगर निगम शुक्रवार से अभियान शुरू कर दिया है।

### कचहरी चौक से सर्जना चौक तक फुटपाथ दुकान लगाने पर रोक

रांची शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने की दिशा में रांची नगर निगम व जिला प्रशासन की ओर से पिछले 10 दिनों से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है, लेकिन टीम के जाते ही दुकानदार फिर से सड़क किनारे दुकान सजा लेते हैं। इसे देखते हुए अपर नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन ने कचहरी चौक से लेकर सर्जना चौक तक सड़क पर फुटपाथ दुकानें लगाने पर रोक लगा दी है।

### निगम चलायेगा अभियान

अपर नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन ने कहा है कि 25 नवंबर से निगम की टीम इस सड़क पर लगातार अभियान चलायेगी। अगर इस दौरान सड़क पर किसी प्रकार की दुकान लगी या गाड़ी मिलेगी, तो उसे जब्त कर लिया जायेगा।

### कचहरी से सर्जना चौक तक ही फुटपाथ दुकान लगाने पर रोक क्यों, रतन टॉकीज तक लगे रोक : संजय सेठ



रांची (आजाद सिपाही)। सांसद संजय सेठ ने कचहरी से सर्जना चौक तक फुटपाथ दुकान लगाने पर रोक लगाने पर कड़ी आपत्ति जतायी है। कहा कि सबसे ज्यादा जाम डेली मार्केट से रतन टॉकीज तक लगता है। डेली मार्केट से रतन टॉकीज तक फुटपाथ दुकान पर रोक क्यों नहीं लगती। हनुमान मंदिर के आस पास रोड के किनारे पूरा अतिक्रमण कर लिया गया है। सैकड़ों की संख्या में रोड पर ठेला लगाया जाता है। दोनों तरफ अतिक्रमण किया हुआ है। आम लोग जो दुकान से सामान खरीदने जाते हैं, उन्हें मजबूरी में रोड पर गाड़ी पार्क करनी पड़ती है क्योंकि पार्किंग की जगह पर ठेला लगा होता है। रोजाना जब स्कूल की छुट्टी होती है रतन टॉकीज से सर्जना चौक तक बसों की लंबी कतार लगी रहती है। डेली मार्केट के सामने चर्च रोड जाने वाले रास्ते को ही अतिक्रमण कर दुकान लगा दिया गया है। कोई देखने वाला नहीं। प्रशासन की इस पर नजर नहीं जाती। सड़क के दोनों तरफ अतिक्रमण होने के कारण आज लोग परेशान होते हैं। वहीं गाड़ी रोड पर लगाने के कारण ट्रैफिक पुलिस द्वारा चालान काट दिया जाता है। फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले को अगर दुकानदार मना करते हैं तो मारपीट की नौबत आ जाती है। दुकानदार कुछ नहीं बोल पाते हैं। कांटा टोली में बनने वाले फ्लाइओवर के कारण कांटा टोली से बहू बाजार तक वन वे कर दिया गया है। कर्बला चौक से मिशनरी मैदान होते हुए संत जेवियर कॉलेज जाने वाले रास्ते में भयंकर जाम लगा रहता है। वहां भी दोनों तरफ अतिक्रमण किया हुआ है। इस रोड पर भी प्रशासन को अतिक्रमण हटाना चाहिए ताकि लोगों को जाम से मुक्ति मिल सके। संजय सेठ ने कहा कि प्रशासन रतन टॉकीज तक अतिक्रमण हटाये और ट्रैफिक की व्यवस्था को सुदृढ़ करें ताकि लोगों को जाम से मुक्ति मिल सके।

# दो हजार बिजली कर्मी हड़ताल पर जाने की तैयारी में

**दिसंबर में गहरा सकता है बिजली संकट**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दिसंबर में झारखंड के बिजली कर्मी हड़ताल करेंगे। हड़ताल की शुरुआत छह दिसंबर से होगी। छह को धरना-प्रदर्शन और सात से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करेंगे। झारखंड पावर वर्कर्स यूनियन की ओर से हड़ताल बुलायी गयी है। यूनियन की मानें तो संघ लगातार आंदोलन की मजबूती पर काम कर रहा है। यूनियन के अध्यक्ष आशीष कुमार ने बताया कि यूनियन लगातार अलग-अलग जिलों का दौरा कर कर्मियों को हड़ताल के प्रति एकजुट कर रहे हैं। पिछले दिनों हजारीबाग जिला का दौरा किया गया। वहीं 28 नवंबर को डाल्टेनगंज और 29 नवंबर को गढ़वा जिले का दौरा किया जायेगा। जानकारी हो कि राज्य के लगभग दो हजार बिजली कर्मी आंदोलन में शामिल होंगे। जिससे राज्य में बिजली संकट गहरा सकता है।

**क्या है मामलाः** प्रोन्नति में कर्मियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। कई कर्मियों की वार्षिक वेतन वृद्धि तक रोक दी गयी है। प्रबंधन का आदेश दो सितंबर को जारी किया गया। तब से कर्मियों में असंतोष है। इस संदर्भ में कई बार अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक से गुहार लगायी गयी, लेकिन न्याय नहीं मिला। निदेशक मानव संसाधन से कई बार वार्ता हुई। अधिकारी यूनियन से सहमत भी हुए लेकिन अपने गलत आदेश को वापस नहीं लिया। जिससे सभी कर्मियों में भारी असंतोष है।

### 18 सूत्री मांगों के लिए आंदोलन

यूनियन की मानें तो आंदोलन 18 सूत्री मांग के लिए किया जा रहा है। साल 2006 की अधिसूचना के तहत सभी कर्मियों को नियमित किया जाये। निगम कर्मियों को छह फीसदी ऊर्जा भत्ता दिया जाये। झारखंड ऊर्जा विकास निगम की ओर से पे मेट्रिक्स के ग्रेड पे को इनिशियल पे के अनुपात में सुधार कर बढ़ोतरी करते हुए सातवें वेतनमान के लागू होने की तिथि से दिया जाये। जूनियन इंजीनियर के पद पर आइटीआइ वालों को प्रमोशन, सभी कर्मियों के प्रमोशन के लिए परीक्षा की बाध्यता समाप्त की जाये समेत अन्य मांग शामिल है।

## राशन लेने के लिए पीडीएस डिलर और कार्ड धारक को हो रही परेशानी

**चरही (आजाद सिपाही)।** नयी तकनीक के द्वारा राशन उठाव को लेकर राशन कार्ड धारक एंव पीडीएस डीलर को हो रही है परेशानी। लाख छुपाये प्यार मगर दुनियां को पता चल जायेगा। इस गना ने सच दिखाया है। भारत सरकार ने राशन कार्ड धारक को 100 प्रतिशत राशन देने के लिए काई प्रकार का नियम लागू किया जा रहा है, लेकिन उतने ही शातिर पीडीएस डीलर अभी वर्तमान में नया नियम लागू किया गया है कि राशन को कांटा में चढाकर फिंगर लगाकर शिलीप निकाला जायेगा। तब राशन कार्डधारियों को पूरा राशन मिल सकता है। लेकिन उतना ही चलाक डिलर लोगों ने गरीबों के अनाज पर डाका डाला जा रहा है जितना राशन को काटना है उतना किलो राशन में किलो ग्राम चढ़कर शिलीप को निकाला जा रहा है। इदर राशन कार्ड धारक एक शिलीप को निकालने के लिए दो दिन झेलना पड़ रहा है बिना खाये पिए पीडीएस दुकान में मजमा देखने को मिल रहा है और साथ ही डीलर लोग भी काफी परेशान में दिख रहे है। सरकार का इस तरह का नियम एवं कानून से जनता और डीलर दोनों को भुक्तभोगी होना पड़ रहा है।

## युवाओं को प्रशिक्षण के बाद मिला रोजगार, उपायुक्त ने सौंपे नियुक्ति पत्र



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** कौशल विकास एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत एचसीएल टेक्नोलॉजी लिमिटेड के द्वारा जिले में 1 वर्षीय प्रशिक्षण सह इंटर्नशिप सह प्लेसमेंट कार्यक्रम एचसीएल टेकबी. के द्वारा चलाया गया। जिसमें 143 अभ्यर्थियों में से 20 सफल अभ्यर्थियों को चयनित किया गया। इसके उपरांत शुक्रवार को उपायुक्त नैंसी सहाय के द्वारा सफल अभ्यर्थियों को ऑफर लेटर प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि प्लेसमेंट लिंक्स ट्रेनिंग कार्यक्रम के जरिये राज्य के युवाओं को प्रशिक्षित कर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। इस दौरान कंपनी के स्टेट हेड राजा कुणाल और क्लस्टर लीडर असित दुबे की उपस्थिति रही।

## हाथियों के झुंड ने किसानों के धान को चट किया

**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** गोरहर थाना क्षेत्र के भैयाडीह टोला में गुरुवार के रात्रि को हाथियों का झुंड ने जम कर उत्पात मचाया। इस दौरान हाथियों ने रात्री को लगभग 9.30 बजे दर्जनों किसान जेठू महतो पिता स्व कैला महतो, हरि महतो पिता स्व झबर महतो, त्रिवेणी सिंह पिता स्व. दुलाल सिंह, चंद्रिका सिंह पिता स्व. प्रयाग सिंह, लीलावती देवी पिता जगदीश महतो, मसोमात जानती पति स्व. लक्ष्मण महतो, प्रयाग महतो पिता स्व. सुकर महतो के खलिहान में रखा हुआ धान को खा गये। इस साल किसानों को धान का उपज भी कम हुआ है जिसे हाथियों के द्वारा खा लिया गया। किसानों के समक्ष भूखे मरने की नौबत आ गई है। सूचना मिलने पर पंचायत समिति सदस्य लखन कुमार महतो और वार्ड सदस्य कुंजलाल महतो ने किसानों के खेत और खलिहान में रखा हुआ धान का जायजा लेते हुए वन विभाग के पदाधिकारियों से आग्रह किया कि हाथियों के द्वारा किसानों का नुकसान का मुआवजा देने का प्रयास करेंगे।

## नहाने गये युवक की तालाब में डूबने से मौत

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र मरकच्चो के दक्षिणी पंचायत स्थित फुलवारी तालाब में नहाने के क्रम में एक युवक की मौत शुक्रवार सुबह हो गई। मृतक युवक की पहचान दक्षिणी पंचायत के भगवतीडीह निवासी मंजूर आलम का 25 वर्षीय पुत्र सलमान आदीन के रूप में कई गयी है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार सलमान आदीन शुक्रवार की शुबह नहाने कहकर घर से निकला। एक घंटे के बाद खबर मिली कि फुलवारी आहर में एक युवक की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गयी। सूचना मिलने पर पहुंचे मरकच्चो थाना के एसआइ कुंदन कुमार ने घटना की जानकारी परिजनों से लेते हुए शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। उधर घटना के बाद परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## काली महिला मंडल का 36 घंटे का भजन का कार्यक्रम भव्य गजरा के साथ संपन्न

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** सामंतों काली महिला मंडल का 36 घण्टे का भजनों के कार्यक्रम भव्य गजरा के साथ संपन्न हुआ। काली महिला मंडल की पदाधिकारी एवं सदस्यों ने एक एक कर गजरा अर्पित किया। इस दौरान माता रानी को आज पहनावा गजरों.. की प्रस्तुति कर श्रद्धलु भक्त भक्ति के सागर में गोता लगाते रहे। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न देवी देवताओं का दरबार आकर्षण का केंद्र बिंदु रहा। वही भव्य लाइटिंग से काली मंदिर का गुम्बज एवं आस पास दूधिया रौशनी से सजाया गया। कार्यक्रम में श्री राम संकीर्तन मंडल, श्री हनुमान संकीर्तन मंडल, श्री श्याम मित्र मंडल, ओम संकीर्तन मंडल, महिला मंडल तथा बाहर के गायको ने माता दुर्गा, मां काली, वीर हनुमान, बाबा भोलेशंकर, श्याम बाबा पर आधरित राजस्थानी, भोजपुरी, कालसिकल भजन प्रस्तुत किया। इस अवसर पर भजन गायक रामगढ से आरती, दीपक सिंह, आरधना सिंह, मुन्ना भदानी, विनोद चौरसिया, राकेश कप्सीमे, गुड्डू मिश्रा, मनोज माथुर, पंकज केशरी, गिरघारी सुमानी, अशोक अग्रवाल मेरठी, राजा चौरसिया, डॉ बी रानी ने भजन प्रस्तुत किया। मौके पर पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता कार्यक्रम में शामिल हुई। उन्होंने कहा कि भक्ति में ही शक्ति का संचार होता है और मां काली शक्ति की देवी है। काली महिला मंडल ने सभी भजन मंडलियों गायको अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। मौके पर राम मंडल के सचिव अरविंद चौधरी, विक्की केशरी, विजय पांडेय, गौतम पांडेय, आशुतोष भदानी, उमेश यादव, मुकेश सिंह, बबलू पांडेय, विशाल कप्सीमे, मिलन चक्रवर्ती, रजनीश झा आदि उपस्थित थे। इधर गुरुवार को मंदिर परिसर में नव कन्याओं का पूजन किया गया और इस दौरान उन्हें चुनरी भेट की गई। वही भंडारा का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में काली महिला मंडल की सरोजिनी सिंह,पूनम वर्णवाल, मिना पांडेय, प्रतिमा सिंह, सुनीता लाल, मुन्नी वर्णवाल, आशा मोदी, मीना सिन्हा, मालती देवी, इंदु यादव, रेखा यादव, सुनीता चौधरी, प्रो नीरा सिन्हा, ब्यूटी सिंह, सुषमा सुमन, रेखा देवी, करीना देवी, मंजू सिंह, पुष्पा सिंह, फूल कुमारी भारती, सावित्री तिवारी, उषा रानी, रुबिता सिन्हा, माला सेठ, नीलम मिश्रा, विद्या देवी, रेणु मिश्रा, पिंकी देवी, सुलेखा झा, दीक्षा मिश्रा, सोनी जायसवाल, अरिंदम बनर्जी आदि शामिल है।

## कोडरमा जंक्शन होकर चलने वाली आसनसोल-वाराणसी-आसनसोल मेमू ट्रेन विभिन्न तिथियों में हुई रद्द

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** कोडरमा स्टेशन पर एनआई कार्य को लेकर धनबाद कोडरमा गया जंक्शन होकर गुजरने वाली आसनसोल-वाराणसी-आसनसोल मेमू एक्सप्रेस को विभिन्न तिथियों को रद कर दिया गया है। यह मेमू ट्रेन नवंबर माह में 25, 26, 27, 29 एवं 30 नवंबर तथा 01 दिसंबर को ट्रेन संख्या 13553/13554 आसनसोल-वाराणसी-आसनसोल मेमू एक्सप्रेस रद्द कर दिया गया है। वहीं, कोडरमा जंक्शन होकर आने और जाने वाले एक जोड़ी ट्रेन पुनर्निधारित व चार ट्रेनों का परिचालन नियंत्रित कर किया जायेगा। पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया कि पुनर्निधारित कर चलायी जाने वाली ट्रेन में पूर्णिया कोर्ट से खुलने वाली ट्रेन संख्या 18625 पूर्णिया कोर्ट-हटिया एक्सप्रेस नवंबर माह में 25, 27 एवं 30 नवंबर को पूर्णिया कोर्ट से 90 मिनट तथा 29 नवंबर को पूर्णिया कोर्ट से 180 मिनट देर से खुलेगी। नवंबर माह में 25, 26, 29 एवं 30 को नई दिल्ली से खुलने वाली ट्रेन संख्या 12802 नयी दिल्ली-पूरी एक्सप्रेस एवं डीडीयू मंडल में 90 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। नवंबर माह में 24 को नयी दिल्ली से खुलने वाली ट्रेन संख्या 12802 नई दिल्ली-पूरी एक्सप्रेस उत्तर मध्य रेल एवं डीडीयू मंडल में 180 मिनट नियंत्रित कर चलाई जा रही है। नवंबर माह में 28 को नई दिल्ली से खुलने वाली ट्रेन संख्या 12802 नई दिल्ली-पूरी एक्सप्रेस उत्तर मध्य रेल एवं डीडीयू मंडल में 240 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी। नवंबर माह में 29 को कोलकाता से खुलने वाली ट्रेन संख्या 12357 कोलकाता-अमृतसर एक्सप्रेस पूर्व रेलवे में 60 मिनट नियंत्रित कर चलायी जायेगी।

### स्वाधार गृह पर गंभीर आरोप

# मालिक के घर लगवाया जाता था पोछा

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड के हजारीबाग जिले से 21 नवंबर की रात सुरक्षाकर्मी को उसके कमरे में बंद कर फरार चार युवती सहित सात महिलाओं में से दो को पुलिस ने बरामद कर लिया है। लेकिन, बरामद नाबालिग ने स्वाधार केंद्र पर गंभीर आरोप लगाये हैं। दोनों का बयान कोर्ट में 164 के तरह दर्ज कराया गया है। स्वाधार केंद्र में प्रताड़ित किये जाने के अलावा मालिक के घर पोछा एवं कपड़े धोने और यूपी में शादी करने का दबाव बनाने जैसे गंभीर आरोप लगाये गये हैं।

### बयान में युवती ने क्या-क्या कहा

बयान में बताया कि इन्हें स्वजनों से बातचीत नहीं करने दिया जाता था। बात-बात पर परेशान किया जाता था। यहां तक कि खाना-पीना भी समय पर नहीं दिया जाता था। झूठ बोला जाता था कि उसके माता-पिता बात नहीं करना चाहते इसलिए यूपी की ओर शादी कर लो। इसके लिए पैसे भी लिए जाते थे। बताया कि इसी कारण से वे सब फरार हो गई। हालांकि गंभीर आरोप लगा रही नाबालिग केरेडारी की है और वह अपने पिता के मर्जी के खिलाफ दो बार घर से फरार हो चुकी है। उसकी बरामदगी के लिए केरेडारी में धरना हुआ था।

### ढाई साल से पैसे नहीं मिले, भोजन के मिलते हैं 46 रुपये

आरोप के बाद संचालिका पूनम साहू ने बताया कि ढाई साल से एक रुपया भी सरकार ने नहीं दिया है। किसी तरह चंदा कर स्वाधारगृह चलाया जा रहा है। एक महिला को रखने के एवज में भोजन मद में 46 रुपए दिए जाते है, इतने कम रुपये में कैसे लड़कियों को मनपसंद भोजन करा रही हूं। बताया कि हमारे यहां नाबालिग लड़कियों को रखने का कोई प्रावधान नहीं है, बावजूद इसके बाल कल्याण समिति ने रखवा दिया। अब यहीं नाबालिग झूठे आरोप लगाकर संस्था को बदनाम और अपनी गलती छिपा रही हैं।

### सात दिन बाद ही फरार हो गई युवती

जानकारी के अनुसार, वह 14 नवंबर को स्वाधार गृह आयी थी और सात दिन बाद फरार भी हो गई । मालूम हो कि बुधवार को एक युवती बरही से बरामद की गई थी। गुरुवार को दूसरी नाबालिग केरेडारी से लोहसिंघना थाना की पुलिस द्वारा बरामद की गई।

### थाना प्रभारी का क्या है कहना

लोहसिंघना थाना प्रभारी अरविंद कुमार सिंह का कहना है कि 164 का बयान दर्ज कराया है, संचालिका से भी पूछताछ की गई है। कोर्ट में क्या बयान दी है, इसकी जानकारी नहीं है, फरार होकर गलती की है। अब बचने के लिए बोल रही है। पुलिस जांच कर रही है।

### खरकी से 40 किलो का केन बम बरामद

## बम निरोधक दस्ते ने किया डिफ्यूज









बंटी मिश्र

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के खरकी गांव स्थित स्कूल के बगल में झड़ी में चालीस किलो का केन बम पुलिस ने बरामद किया।भाकपा माओवादियो द्वारा उक्त केन बम को रखा गया था। बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी थी। पर एन वक्त पर पुलिस को पता चल गया। जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक हजारीबाग ने टीम गठित कर उग्रवादियों के द्वारा पुलिस को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से खरकी स्कूल के समीप झाड़ियों में छुपा कर रखे गये बम को बरामद किया गया। केन बम की बरामदगी के बाद झारखंड जगुआर के बीडीडीएस टीम के द्वारा निष्क्रिय किया गया। बता दे क्षेत्र में ही उग्रवादियों के द्वारा कुछ पोस्टर भी रखा गया था। जिसमें पुलिस दल तथा अधिकारियों को निशाना बनाने की बात लिखी गई है। माओवादियों ने बम को रखकर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराया है। बीते कुछ वर्षों से माओवादी शांत थे जिससे लगने लगा कि इलाके में अमन चैन कायम है। पर रह रह कर बम मिलने से भाकपा माओवादी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे है। भाकपा माओवादी ने हस्तलिखित पोस्टर भी छोड़ा है। जिसमें जंगल पर जेसीबी नही चलाने की बात लिखी गई है। पुलिस की दलाली नही करने आदि बातें लिखकर लोगो को धमकाने का काम किया है। मनरेगा की दलाली नही करने की बात भी पोष्टर में लिखी गयी है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक घायल

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत हुटपा में बुधवार को अज्ञात वाहन के चपेट में आने से युवक घायल हो गया। घायल युवक दशरथ गिरी पिता स्व शंभू गिरी ( 29 ) हुटपा का रहने वाला है। घायल युवक का इलाज रांची रिम्स हॉस्पिटल में चल रहा है। झारखंड के शिक्षा मंत्री जगन्नाथ महतो के पर्सनल असिस्टेंट सुधीर कुमार पहुंचे। इस दौरान घायल दशरथ गिरी से मिले और हालचाल जाना। साथ ही सभी डॉक्टर को जल्द से जल्द इलाज करने का दिया आदेश दिया। उन्होंन कहा जल्द से जल्द नहीं होगा इलाज तो होगी आगे की कार्रवाई। मौके पर उपस्थित रुचि कुजूर जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा झामुमो, कमाल कुरैशी जिला उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा झामुमो, अनूप लकड़ा,धर्मेंद्र आदि उपस्थित थे।

## भारत लोकतंत्र की जननी विषय पर व्याख्यान आज

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में शनिवार को भारत लोकतंत्र की जननी विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग के अवकाश प्राप्त विभागाध्यक्ष डॉक्टर केपी शर्मा होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव करेंगे। उक्त जानकारी व्याख्यान समन्वयक गंगानाथ झा ने दी। उन्होंने कहा कि भारत लोकतंत्र का केंद्र रहा है। इसकी लोकतांत्रिक परंपरा की विरासत काफी प्राचीन रही है। इन्हीं सब बिंदुओं पर विद्वत जनों के द्वारा प्रकाश डाला जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्वान्ह 11:30 बजे से होगा।

# मॉडल स्कूल चारदीवारी का विधायक ने किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरकट्ठा।** प्रखंड के मॉडल स्कूल बंडासिंघा बरकट्ठा में विधायक अमित कुमार यादव ने चाहरदीवारी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक अमित कुमार यादव ने निर्माण कार्य का शिलान्यास नारियल फोड़कर किया। मौके पर विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि क्षेत्र में विकास कार्यों को बढ़ावा देना मेरी प्राथमिकता है। इस विद्यालय में चारदीवारी निर्माण होने से बच्चे और विद्यालय दोनों सुरक्षित रहेंगे। यह चाहरदीवारी ग्रामीण विकास विभाग डीएमएफटी मद से लगभग 55 लाख की लागत से बनना है। चारदीवारी निर्माण कार्य मेसर्स भैया वरूण के द्वारा कराया जा रहा है। मौके पर राकेश रोशन एसी हजारीबाग, बरकट्ठा बीडीओ कृति बाला लकड़ा, मुखिया ललीता देवी, गोरहर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार शाहा, ठिकेदार वरूण, मुखिया शंकर दास, समाजसेवी धीरेंद्र पांडेय, भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकलाल नायक, कुलदीप पांडेय, राजकुमार यादव, त्रिभुवन मोदी, रीतलाल प्रसाद, रवि गोस्वामी, सुकर ठाकुर, सुनील नायक, बबलु पांडेय, नंदु राणा, किशोर साव समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## कौलेश्वर मिश्रा से मिले बरकट्ठा विधायक, जल्द स्वस्थ होने की कामना



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के झरपो निवासी सहायक अध्यापक कौलेश्वर मिश्रा कुछ दिन पूर्व भराजो में मोटरसाइकिल टक्कर से पैर टूट गया था। जिनका इलाज हजारीबाग के अंबा क्लिनिक में डा रूपेश कुमार के पास हो रहा है। शुक्रवार को बरकट्ठा के विधायक अमित कुमार यादव ने अस्पताल पहुंच कर मिल कर स्थिति का जायजा लिया और डाक्टर से बात कर ठीक से इलाज करने की बात कहा और जल्द स्वास्थ्य होने की कामना किया। मिलने के बाद इलाज के लिए सहयोग भी किया। बरकट्ठा विधायक ने कहा कि दुर्घटना होने की सुचना मिलते ही उनके बारे हाल चाल लेते रहते थे।

## प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के होलंग मैदान में प्रखंड स्तर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया इस प्रतियोगिता में उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय धर्मपुर के बच्चों के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया जिसका नेतृत्व विद्यालय के शारीरिक शिक्षक मुकेश कुमार कुशवाहा के द्वारा किया गया प्रतियोगिता के विभिन्न खेलों में बच्चों के द्वारा लगभग 20 प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया गया जिसमें लंबी कूद 100 मीटर दौड़ चक्का फेंक भाला फेंक वह 15 सो मीटर की दौड़ की प्रतियोगिता में बच्चों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया साथ ही कबड्डी में बालिकाओं फुटबॉल और वॉलीबॉल में बालक टीम विजयी रही। यह सारे खिलाड़ी जिला स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे। इसके लिए सभी सफल प्रतिभागियों को विद्यालय प्रबंधन समिति मध्य विद्यालय एवं उच्च विद्यालय के प्रभारी एवं सभी शिक्षकों के द्वारा शुभकामनायें दी गई।

## जनता दरबार में दो दर्जन से अधिक मामले आये



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त नैंसी सहाय ने शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग दो दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में, बरही के कटीयोन में सामुदायिक भवन निर्माण के संबंध में, जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में, पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में, खतियानी जमीन हड़पने के संबंध में, भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार, मनरेगा, भूमि, म्यूटेशन, पेंशन, भूमि अधिग्रहण, आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

## विभागीय परीक्षा पास कर बने डाक सहायकों ने किया उप डाकघर का भ्रमण



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** हाल ही में विभागीय परीक्षा पास कर बने डाक सहायकों का प्रशिक्षण हजारीबाग प्रमंडल कार्यालय में दिया जा रहा है। जिन्हें प्रशिक्षण के दौरान कॉलेज मोड़ उप डाकघर का भ्रमण कराया गया और कुछ अहम बातें भी बताई गई। सहायक डाक अधीक्षक (सेंट्रल) विकास रंजन ने प्रशिक्षु डाक सहायकों को बताया कि हमें अपने ग्राहकों से प्रेमपूर्वक व सहयोगात्मक रवैया अपनाना चाहिए। उप डाकपाल नंदन कुमार द्वारा कॉलेज डाकघर की स्वच्छता एवं आकर्षक साज-सज्जा की प्रशंसा करते हुए उन्होंने बताया कि कुछ दिन पूर्व यहां फ्रांस की महिला पहुंची और इस डाक घर को भारत का अद्भुत डाकघर बताया। नंदन कुमार के मधुर व्यवहार का परिणाम है कि इस डाकघर का व्यवसाय कई गुणा बढ़ गया है। आप सबों को भी इसी प्रकार अपने कार्यस्थल के स्वच्छता एवं मधुर व्यवहार पर ध्यान देना है ताकि डाकघर के प्रति लोगों का रुझान बना रहे। प्रशिक्षण के दौरान आए लोगों ने भी कॉलेज उप डाकघर को बहुत प्रशंसा की।

## हरली में पीएम आवास का उद्घाटन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के हरली पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बेला तोल में अनीता देवी पति मोहन भुइया, गुल्लू महतो का पीएम आवास गृह प्रवेश एवं घरों का उद्घाटन मुखिया कविता देवी ने फीता काटकर किया। इस दौरान मुखिया ने कहा कि सरकार के द्वारा गरीबों को आवास दिया जा रहा है। आग्रह किया कि लाभुक समय पर पीएम आवास, अंबेडकर आवास बनाकर कंप्लीट करें। मौके पर उप मुखिया सुनील कुमार, मुखिया प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार, वार्ड सदस्य रेखा कुमारी, लक्ष्मी देवी, रोजगार सेवक अशोक साव, वार्ड प्रतिनिधि ईश्वरी साव, पूर्व पैक्स अध्यक्ष चुरामन महतो, विजेंद्र कुमार, प्रेम भारती एवं दर्जनों ग्रामीण की उपस्थिति में पीएम आवास योजना ग्रह प्रवेश करवाया गया।

### कोडरमा में कांग्रेस का भारत जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम

# भाईचारगी का पैगाम लेकर देशवासियों को जोड़ रहे हैं: राजेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोडरमा।** कांग्रेस के राष्ट्रव्यापी भारत जोड़ो पदयात्रा कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड प्रदेश भारत जोड़ो पदयात्रा प्रभारी पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह जिला प्रभारी शहजादा अनवर ने कोडरमा में आयोजित पार्टी के पदयात्रा कार्यक्रम में भाग लिया। इसमें अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष शकील अख़्तर अंसारी, विधानसभा पदयात्रा प्रभारी रविशंकर यादव, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष लीलावती मेहता, किसान प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र यादव उपस्थित रहे। वहीं कोडरमा जिला परिषद सदस्य लक्ष्मण यादव एवं बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अशरफ अंसारी अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हुए। जिन्हें प्रदेश अध्यक्ष सहित प्रदेश के नेताओं ने माला पहना कर कांग्रेस की सदस्यता दिलाई। मुख्य मार्ग होते हुए पदयात्रा प्रस्तावित करमा मेडिकल कॉलेज प्रांगण पहुंची जहां जिला पदयात्रा संयोजक अनिल यादव अल्पसंख्यक जिलाध्यक्ष फैयाज कैसर एवं साथियों द्वारा भारत जोड़ो पदयात्रियों का स्वागत किया गया। पदयात्रा पुनः प्रारंभ हुई जो महाराणा प्रताप चौक पर माल्यार्पण करते हुए झंडा चौक सभा स्थल पर पहुंची। यहां मुख्य वक्ता राजेश ठाकुर ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी और हम सब भाइचारगी का पैगाम लेकर देशवासियों को जोड़ते चल रहे हैं जबकि भाजपा और इनके प्रधानमंत्री को राहुल जी का जूता और टी-शर्ट दिखता है। खुद दस लाख का सूट पहनते हैं, झूठ पर झूठ बोलते हैं चाय बेचते बेचते देश की सार्वजनिक कंपनियां बेच डाली। पूर्व केंद्रीय मंत्री सह पूर्व सांसद सुबोधकांत सहाय ने कि राहुल गांधी 2000 किलोमीटर पर यात्रा कर चुके हैं। जनसैलाब ही बता रहा है कि 2024 में देश ने राहुल गांधी को अपना नेता मान लिया। प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ने ऐलान किया कि कोडरमा लोकसभा और विधानसभा कांग्रेस का था तो भविष्य में भी कांग्रेस का रहेगा। भारत जोड़ो पर यात्रियों को असनाबाद में मुस्लिम समुदाय के लोगों सहित महाराणा प्रताप चौक पर जिला उपाध्यक्ष राम लखन पासवान की अगुवाई में आदिवासी समाज के लोगों ने ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया।

**मुख्य रुप से ये हुए शामिल:** भारत जोड़ो पदयात्रा में मुख्य रूप से मनोज सहाय, निर्मल कुमार ओझा, तुलसी मोदी, नारायण वर्णवाल, राजकुमार यादव, अज्जू सिंह, अनवारूल हक, राजेंद्र जयसवाल, संजय सेठ, आशीष पांडेय, संजय कुमार शर्मा, राजेश यादव, सईद नसीम, विजय शर्मा, प्रीति सहाय, अर्चना देवी, दशरथ पासवान, भागीरथ पासवान, सुषमा पांडेय, मुखिया मोनी देवी, केसरी देवी, बेबी सिन्हा, सलमा खातून, शहूद खान, अनंत मेहता, प्रमोद वर्णवाल, केदार राणा, राजू सिंह, प्रभात कुमार राम, चांद आलम, मिश्वाउद्दीन, अरमान खान, अशरफ अली, डॉ जितेंद्र, विकास सिन्हा, प्रदीप सिंह, सरोज मेहता, बबलू तिवारी, सरस बबलू, भोला दास, लक्ष्मण विश्वकर्मा, राजीव साव, उपेंद्र सिंह, उमेश साहू, आफताब हक, चौधरी पासवान, अनिल कुमार, रणधीर कुमार, विजय प्रसाद सिंह शामिल हुए।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 26 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## पंचायत समिति सदस्यों के साथ बीडीओ ने की बैठक



टंडवा (आजाद सिपाही)। झारखंड सरकार के निदेर्शानुसार योजना चयन एव सभी विभागों को देख रेख के लिए समिति निर्माण को लेकर प्रखंड के पंचायत समिति सदस्यों के साथ प्रखंड सभागार में बैठक आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रमुख रीना कुमारी, संचालन बीडीओ रंथू महतो ने किया। मुख्य रूप से सरकार के विभिन्न विभागों से योजना चयन, वित्तीय लेने देंन की बिषयों पर चर्चा विचार विर्मश किया गया। जिसमे सामान्य प्रशासन समिति, वित अंकेक्षण तथा योजना एव विकास समिति की छह सदस्यी समिति की अध्यक्ष प्रमुख रीना कुमारी, स्वास्थ्य शिक्षा समिति, महिला शिशु एवं समाजिक कल्याण समिति के अध्यक्ष उप प्रमुख जितेंद्र सिंह, सहकारिता समिति, कृषि एवं उद्योग समिति,राजेश चौधरी, समिति अध्यक्ष, संचार तथा संपर्क समिति, विकास पांडेय अध्यक्ष बनाये गये। सभी विभागों की पर्वेक्षण समिति गठन किया गया। इस मौके पर आशा देवी डहु, सुनीता देवी, गीता देवी सराढु, बसंती देवी बहेरा, यशोदा देवी टंडवा, नितेश राणा कबरा, शशि बाला, कुमारी अनुप्रिया, सुरेश यादव बड़गांव आशा कुमारी सिंहा, नावाडीह उर्फ तेलियाडीह, राजेश चौधरी कसियाडीह, विकास कुमार पांडेय राहम समेत अन्य उपस्थित थे।

## थाना प्रभारी की कार्य कुशलता से दो घंटे में मिली बाइक

टंडवा (आजाद सिपाही)। बीते गुरुवार की संध्या टंडवा बाजार टांड़ बाजार आये कामता निवासी कौलेश्वर राम की बाइक चोरी हो गयी। चोरी की सुचना की आग की तरह फैल गयी। बाइक की निबंधन संख्या जेएच-13 डी-4448 था। इसकी सूचना पर टंडवा थाना प्रभारी भोला कुमार दास ने दो घंटे के अंदर बाइक को बरामद कर लिया। प्रभारी भोला दास ने बताया कि बाइक चोरी करके ले जा रहे चोरों ने बाइक की पेट्रोल खत्म देख बाइक को डमहाबागि सड़क किनारे फेंककर भागने में सफल रही। पुलिस छापेमारी दल द्वारा बाइक बरामद कर कोलेश्वर राम को सुपुर्द कर दिया। भुक्तभोगी राम ने पुलिस की तत्परता पर आभार प्रकट किया।

## दिव्यांगजन करेंगें अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन



बरकाकाना (आजाद सिपाही)। झारखंड के सभी जिलों के दिव्यांगजन झारखंड सरकार के ढुलमुल रवैया से त्रस्त होकर मजबूरन छब्बीस नवंबर से रांची के राजभवन के समीप दिव्यांगजन अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन करेंगे। झारखंड के दिव्यांगजनों का कहना है कि सरकार दिव्यांगजनों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। उनके लिए बनाए गए नीति व नियमो का क्रियान्वयन झारखंड राज्य में पूर्णतया सही तरीके से नहीं हो पा रहा है। धरना प्रदर्शन के दौरान उनकी मुख्य मांगों में पिछले 19 महीनों से रिक्त राज्य निशक्तता आयुक्त पद को भरने, दिव्यांगजनों के आरक्षण के अनुरूप बैकलॉग वैकेंसी की गणनाकर अतिशीघ्र नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ करना, राज्य के दिव्यांगजनों का पेंशन 2500 करने (वर्तमान सरकार में सत्तासीन दल के चुनावी घोषणा पत्र के आधार पर),झारखंड में दिव्यांगजनों के लिए अलग से विभाग की स्थापना,राज्य के सभी सार्वजनिक भवनों को दिव्यांग जनों के लिए सुगम बनाना, सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार राज्य के सभी सामान्य विद्यालयों में विशेष शिक्षकों की नियमानुसार नियुक्ति करना, आरपीडब्ल्यूडी एक्ट के तहत दिव्यांगजनों के लिए विशेष न्यायालय की स्थापना,झारखंड दिव्यांगजन निधि को सक्रिय कर अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को लाभ पहुंचाना,पंचायती राज व स्थानीय निकायों में दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण सुनिश्चित करना,राज्य के अंदर सभी बोर्डो निगमों एवं निकायों में कम से कम एक दिव्यांग प्रतिनिधि को नियुक्त करना,सभी गरीबी एवं सामाजिक सुरक्षा की योजनाओं में दिव्यांगजनों का 5% आरक्षण सुनिश्चित करना जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना अंतोदय कार्ड योजना आदि में, सभी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले दिव्यांग खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी प्रदान करना, आदि मुख्य मांगे सरकार के समक्ष रखी गई हैं। दिव्यांग जनों का कहना है कि इस संबंध में एक वर्ष पूर्व भी सरकार को दिव्यांगजनों के प्रतिनिधियों द्वारा मांग पत्र सौंपा गया था, लेकिन किसी भी बिंदु पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई।इससे प्रतीत होता है कि सरकार दिव्यांगजनों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।पिछले उन्नीस महीनों से निशक्तता आयुक्त का पद खाली रहने के कारण राज्य में दिव्यांगजनों से जुड़ी समस्याओं के समाधान का पूरा तंत्र समाप्त हो चुका है जिसके कारण दिव्यांगजन इधर उधर भटकने को मजबूर हैं,फिलहाल उनकी समस्याओं को सुनने वाला कोई नहीं है। दिव्यांग कोरिल कुमार ने कहा झारखंड राज्य में दिव्यांगता क्षेत्र में विकास नहीं होने का मुख्य कारण राज्यसरकार की संवेदनशीलता एवं लापरवाही का रवैया है।झारखंड राज्य में जितने भी सरकारों ने राज किया है सभी ने दिव्यांगजनों की बनी नियम व नीतियों के क्रियान्वयन में रुचि नहीं दिखाई।श्री कुमार ने कहा यह शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन किसी एक संगठन का नहीं है बल्कि झारखंड में दिव्यांग जनों से जुड़े छोटे-बड़े सभी संगठनों का संयुक्त प्रयास है,ताकि सरकार को जागरूक किया जा सके।

## पीवीयुएनएल ने सांकुल को दी खेल सामग्री

पतरातू (आजाद सिपाही)। पतरातू प्रखंड के सांकुल गांव में संचालित मध्य विद्यालय में शुकवार को पीवीयुएनएल सीएसआर विभाग के द्वारा स्कुली बच्चों के बीच खेल सामग्री का वितरण किया। इस मौके पर पीवीयुएनएल के अधिकारी निशांत सैनी ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं। इसलिए इनको बेहतर बनाने के लिए सरकार के साथ साथ सरकारी, गैर सरकारी संस्थाओं को आगे आना चाहिए। मौके पर मुखिया सुमन भारती, चेतक कुमार, प्रधान शिक्षक दीपेद्र कुमार, देवराज राम, आदित्य कुमार, गणेश नारायण, पुनम कुमारी सहित स्कूल के सभी बच्चे शामिल थे।

### रामगढ़ डेली मार्केट बना महासंग्राम का अड्डा, दोनों पक्ष पहुंचा थाना

# छावनी परिषद के सुपरिटेंडेंट और सब्जी विक्रेता ने दर्ज करायी प्राथमिकी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर का डेली मार्केट महासंग्राम का अड्डा बन गया है। यहां छावनी परिषद के अधिकारी और कर्मचारियों के साथ सब्जी विक्रेताओं का रगड़ा थाने तक पहुंच गया है। इस मामले में दोनों पक्ष की ओर से रामगढ़ थाने में एक प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। पहली प्राथमिकी छावनी परिषद के टैक्स सुपरीटेंडेंट श्रीनिवास राव ने दर्ज कराई है। उन्होंने कहा है कि 21 नवंबर को कार्यालय के आदेश के अनुसार पुलिस बल के साथ वे सब्जी मंडी पहुंचे थे। पुराने बस स्टैंड में स्थित सब्जी मंडी को खाली कराने के लिए वहां कार्रवाई की जा रही थी। ऑफिस स्टाफ और पुलिस बल के साथ वहां अवैध कब्जे धारियों को हटाने के लिए प्रयास किया जा रहा था। जब कार्रवाई शुरू की गई तो वहां पर दुकान हटाने के बाद रामदेव प्रसाद, बलराम कुशवाहा, प्रदीप गुप्ता के द्वारा लोगों को उकसाया गया है और वहां भीड़ इकट्ठा हो गई। कार्यालय के आदेश को रोकने के लिए प्रदीप गुप्ता, अमित कुमार, कपिल प्रियदर्शी, पिंटू कुमार, बलराम प्रसाद कुशवाहा, अभिमन्यु प्रसाद कुशवाहा, जमील मियां, रामदेव प्रसाद, सावन कुमार, मदन साव, सतलाल महतो, श्यामनंदन सिंह, राज कुमार महतो, संदीप कुमार, शंभू साहू के साथ कई लोग वहां पर इकट्ठा हो गए। उन लोगों के द्वारा जेसीबी के ड्राइवर शैलेंद्र मंडल के साथ हाथापाई की गई और जेसीबी में आग लगाने का प्रयास किया गया। इस दौरान स्टाफ के साथ भी हाथापाई की गई। इस सूचना के बाद छावनी परिषद के अधिशाषी भी वहां पहुंच गये। इस क्रम में को सीइओ दूर जाने का अनुरोध भी किया गया ताकि किसी का नुकसान ना हो। सीइओ जब दुकान का बांस निकालने लगे तभी पिंटू कुमार के द्वारा उन्हें धक्का दिया गया। इसके बाद प्रदीप गुप्ता के द्वारा उनके साथ मारपीट भी की गई। प्रदीप गुप्ता के पास धारदार हथियार था जिससे उसने सीईओ पर जानलेवा हमला भी किया। उन्हें बचाने के प्रयास में श्रीनिवास राव को चोट भी लगी। इसके बाद प्रदीप गुप्ता को पकड़कर पुलिस के हवाले भी किया गया। इस मामले में श्रीनिवास राव ने रामगढ़ थाना प्रभारी से कार्रवाई करने की मांग की है।

### सब्जी बेच रही महिला ने भी दर्ज करायी प्राथमिकी

**इस पूरे प्रकरण में एक सब्जी बेच रही महिला फुलेश्वरी देवी ने भी छावनी परिषद के सीइओ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी है। उन्होंने कहा है कि जब डेली मार्केट में छावनी परिषद के स्टाफ जेसीबी मशीन और 50 60 अन्य लोगों के साथ वहां पहुंचे तो सीधे डेली मार्केट परिसर में घुस गये। इस दौरान उन लोगों ने दुकान तोड़ने की भी कोशिश की। बीच-बचाव के दौरान एसएन राव, ओम प्रकाश चौहान, गया प्रसाद अनिल राम और अन्य 10-12 लोगों के द्वारा उन्हें धमकाने का भी प्रयास किया गया। एसएन राव ने डंडे से उन पर प्रहार किया गया। जब उस महिला ने विरोध किया तो अधिशासी अधिकारी भी वहां पहुंचे और उन्होंने मारपीट करने का आदेश दिया। उनके के आदेश के बाद कर्मचारी उनके साथ मारपीट करने लगे। इस पूरे मामले में गया प्रसाद के द्वारा लोहे की रॉड से उन पर वार किया गया। जिससे वह घायल हो गई। छावनी परिषद के अन्य कर्मचारी द्वारा भी उन्हें उनके साथ छेड़खानी की गई है। इस पूरे मामले में जेसीबी मशीन के संचालक और 50 अन्य लोगों के द्वारा वहां पर काफी उपद्रव किया गया है। इस मामले में भी पुलिस से कार्रवाई करने की मांग की गई है।**

### पांच लाख का इनामी नक्सली के घर पर चला बुलडोजर

## फरार नक्सली के घर की पुलिस ने की कुर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** राजपुर थाना क्षेत्र के सिकिद गांव में पुलिस ने बुलडोजर से नक्सली के घर को ध्वस्त किया है, न्यायालय से गिरफ्तारी एवं कुर्की के आदेश तामील करने पर फरार नक्सली सहदेव यादव को आत्मसमर्पण न करने पर पुलिस यह करवाई की है, पुलिस कप्तान राकेश रंजन ने कार्रवाई के लिए थाना प्रभारी विकास पासवान के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया था, टीम में एसआइ राजेश शर्मा जिला बल एवं सीआरपीएफ के जवान शामिल थे, टीम ने शुक्रवार को दल बल के साथ नक्सली कमांडर सहदेव यादव के घर पंहुचा, जेसीबी से घर को ध्वस्त कर दिया दिया, साथ ही घर के दरवाजा खिड़की एवं अन्य समान कुर्क कर साथ ले आए थाना प्रभारी विकास पासवान ने बताया की राजपुर पुलिस कई बार उनके घर पहुंचकर आत्मसमर्पण के लिए आग्रह किया एवं घर पर कुर्की जब्ती का नोटिस भी चिपकाया गया था, लेकिन इसके ववजूद सब्जोनल कमाण्डर ने आत्म समर्पण नहीं किया, साथ थाना प्रभारी ने कहा की न्यायालय एवं पुलिस के आग्रह को ठुकराना नक्सली को महंगा पड़ेगा वे सरकार के आत्म समर्पण नीति का लाभ उठा कर समर्पण करें।

## अनियंत्रित ट्रेलर ने भगत सिंह चौक के लोहा के घेराव को तोड़ा

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू में स्थापित भगत सिंह चैक को लोहे के टाइ से घराबंदी को शुक्रवार को एक ट्रेलर (एनएल 01-6835) के द्वारा तोड़ दिया गया। यही नहीं उस ट्रेलर के द्वारा एक स्कुल बस को भी क्षितिग्रस्त किया गया। और एक मोटरसाइकिल को भी अपनी चपेट में लिया। आस पास के लोगों ने ट्रेलर को रुकवा कर उसे पतरातू थाने के हवाले कर दिए हैं। भगत सिंह चैक के आस पास के ग्रामीण व बस का ड्राइवर कार्रवाई करने की मांग को लेकर पतरातू थाने को आवेदन देने की कवायद कर रहे थे।

### नगर परिषद के विकास योजनाओं की हुई समीक्षा, डीसी ने की अध्यक्षता

# होल्डिंग टैक्स वसूल कर राजस्व बढ़ायें: अबु इमरान

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में नगर परिषद के विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, विभिन्न योजनाओं की कार्य प्रगति, राजस्व, सैरात बंदोबस्ती, दिन दयाल अंत्योदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की गई। उपायुक्त अबु इमरान ने चतरा नगर निकाय क्षेत्र में संचालित योजनाओं की समीक्षा संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ की। समीक्षा के क्रम में उन्होने विभाग द्वारा पावर प्वाइंट के माध्यम से प्रस्तुत प्रतिवेदन को क्रमवार अवलोकन किया। उपायुक्त ने निदेश दिया कि निर्माण कार्य में आ रहे भूमि विवाद को दूर कर कार्य को गति दे।

### नागरिक सुविधा बढ़ाएं

उपायुक्त इमरान ने शहरी क्षेत्रों के साफ-सफाई नियमित रूप से कराने का भी उन्होने निर्देश दिया। कहा कि होल्डिंग की वसूली में बढ़ोतरी के साथ आम लोगों के लिए सुविधा बढ़ाने की भी आवश्यकता है। साथ ही जलकर कलेक्शन में भी वृद्धि लाने को कहा। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी की धीमी गति पर उन्होने इसमें तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, निदेशक डीआरडीए श्री अरुण एक्का, कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद, अभय कुमार झा, सिटी मैनेजर, रोहित डेविड गुड़िया, रंजित सिंह, नगर मिशन प्रबंधक, पिंकी सिन्हा, सहायक अभियंता, आनंद पाण्डे, कनीय अभियंता समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड प्रबंधन ने किया स्कूली बच्चों के बीच बैग का वितरण



रामगढ़ (आजाद सिपाही)। बिहार फाउंड्री एंड कास्टिंग्स लिमिटेड के प्रबंधन के द्वारा शुक्रवार को राजकीय मध्य विद्यालय रांची रोड ,राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय फुल सराय, राजकीय प्राथमिक विद्यालय हेसला, उत्क्रमित उच्च विद्यालय मरार, राजकीय प्राथमिक विद्यालय मरार, तथा नव प्राथमिक विद्यालय विनझार के बच्चों के बैग का वितरण किया गया। बताया जाता है कि सभी कार्यक्रम सीएसआर फंड के तहत किया जा रहा है। विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए कुल एक हजार स्कूल बैग का वितरण किया गया। साथ ही इनमें से कुछ विद्यालयों में पानी के पाइप लाइन, वृक्षारोपण, बेंच डेस्क जैसी अन्य सुविधाएं प्रदान किया गया। मौके पर बी एफ सी एल के, राकेश गुप्ता, (महाप्रबंधक), अजय कुमार बेहुरिया ,(महाप्रबंधक ),साहिवाल कुनार, (प्रबंधक) अभिषेक प्रसाद (प्रबंधक) शुभम कुमार (इ.आर एंड सी.एस.आर ,ऑफिसर) सूरज देव प्रसाद( सीएसआर एग्जीक्यूटिव), एवं नितेश अग्रवाल उपस्थित थे।

## धान अधिप्राप्ति के लिए पैक्सों के चयन को लेकर डीसी ने की बैठक

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के ब्लॉक ए स्थित सभागार में शुक्रवार को डीसी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में धान अधिप्राप्ति को लेकर पैक्स केंद्रों व एफपीओ के चयन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान बैठक में डीसी ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी सुदर्शन मुर्मू से पूर्व से रामगढ़ जिले में चिन्हित पैक्सों व एफपीओ की जानकारी ली। वहीं उन्होंने आवश्यकता अनुसार नए पैक्स केंद्रों व एफपीओ के चयन के लिए जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित आपूर्ति विभाग के अन्य अधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर गोदाम की क्षमता, आधारभूत संरचना आदि की जांच कर इससे संबंधित प्रतिवेदन जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, एलआरडीसी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी सहित जिले के अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कुजू पश्चिमी मुखिया जयकुमार ओझा ने लाभुकों का कराया गृह प्रवेश



कुजू (आजाद सिपाही)। कुजू पश्चिमी पंचायत अंतर्गत रामानगर व मच्छखंदवा में मुखिया जयकुमार ओझा उर्फ बुच बाबा ने शुक्रवार को आवास योजना के तहत लाभुकों का गृहप्रवेश कराया। इस दौरान मुखिया जय कुमार ओझा ने नारियल फोड़कर व फीता काटकर तीन लाभुको का गृह प्रवेश कराते हुए कहा कि वंचित परिवारों को सरकार द्वारा आवास उपलब्ध कराया गया है। निश्चित ही हमें और हमारे बीच मौजूद लाभुकों को हार्दिक खुशी है कि सरकार ने गरीबों को छत देने का काम किया है। सरकार इस बेहतर कार्य के लिए कोटि-कोटि धन्यवाद के पात्र है। वहीं, पंचायत सेवक राजकुमार साहू ने कहा कि सरकार की योजनाओं को लाभुकों तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी बनती है। साथ ही, आज कई लाभुकों को गृह प्रवेश करवा रहे हैं। वही, अधूरे आवास का निर्माण का जल्द कराया जाएगा। वही, लाभुकों ने सरकार के प्रति धन्यवाद व आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमे बेहद खुशी है। सरकार ने मुझे गृह प्रवेश कराकर छत देने का कार्य किया है। मौके पर कांग्रेस नेता धर्मराज राम, पंसस संतोष कुमार मेहता, पूर्व पंसस सुरेश केसरी, वार्ड सदस्य रघुनाथ मेहता, सोनू कुमारी मुंडा, मेघलाल रविदास, आशीष चौबे, नरेश करमाली, विनोद रविदास, अरविंद रविदास समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## सांसद ने 14 भाजपा कार्यकर्ताओं को बनाया प्रतिनिधि, दी बधाई



चतरा (आजाद सिपाही)। चतरा जिला के विभिन्न प्रखंडों में 14 भाजपा कार्यकताओं को प्रतिनिधि बनाया गया है। सभी का अनुमोदन सांसद सुनील कुमार सिंह ने किया है। जिसमें मनोज कुमार सिंह मयूरहंड को पर्यटन विभाग, केदार दांगी ऊंटा चतरा वन एवं पर्यावरण, रविंद्र सिंह सिमरिया राजस्व एवं भूमि सुधार (अनुमंडल स्तरीय सिमरिया) अमरेश सिंह प्रतापपुर कल्याण विभाग, रामेश्वर राणा टंडवा खाद्य एवं आपूर्ति ( अनुमंडल स्तरीय सिमरिया) बीरबल दांगी पत्थलगड़ा मत्स्य एवं पशुपालन (अनुमंडल स्तरीय सिमरिया) मंजू देवी नगरा सिमरिया तेजस्विनी (अनुमंडल स्तरीय सिमरिया) मो. बेलाल चतरा नगर अल्पसंख्यक कल्याण एवं सड़क सुरक्षा समिति, संजय कुमार साव बगरा सिमरिया स्वास्थ्य विभाग (अनुमंडल स्तरीय सिमरिया) दीपक कुमार शर्मा चतरा ग्रामीण लघु सिंचाई प्रमंडल (अनुमंडल स्तरीय चतरा) योगेंद्र भोगता कुंदा स्किल डेवलपमेंट एवं सामाजिक सुरक्षा (अनुमंडल स्तरीय चतरा) चंपा देवी चतरा ग्रामीण तेजस्विनी जेएसएलपीएस (अनुमंडल स्तरीय चतरा) मुकेश राम भुइयां इटखोरी कृषि, पशुपालन, खाद्य आपूर्ति और रणविजय गिरी प्रतापपुर को डिजिटल भारत, भू अभिलेख, आधुनिकीकरण एवं प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की जिम्मेवारी सौंपी गई है। सभी नामित सांसद प्रतिनिधि बनाए जाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है और कहा है कि उनके नेतृत्व में पार्टी एक नई ऊंचाई को प्राप्त करेगी और जन मुद्दों का आवाज बनेंगे। इधर सभी चयनित सांसद प्रतिनिधियों ने सांसद सुनील कुमार सिंह के प्रति आभार जताया और दिए गए जिम्मेवारी का निर्वहन निष्ठा और समर्पण के साथ करने का संकल्प जताया है। उन्होंने कहा कि जिन मुद्दों को मजबूती प्रदान करना, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना और संचालित योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा, सांसद प्रतिनिधि निभाई ठाकुर, जिला महामंत्री मिथलेश गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष सुजीत जायसवाल, कुमार शुभम सिंह, कमलेश रजक, उमाशंकर सिंह, अक्षयवट सिंह, उपेंद्र सिंह, सतीश सिंह समेत ने बधाई दी।

## चोरों ने सौंदा वर्कशॉप में कर्मियों को पीटा, तोड़फोड़ की, 35 फीट केबल काटा, अन्य सामान भी लूटा

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। सीसीएल बरकासयाल प्रक्षेत्र के सौंदा वर्कशॉप में बीती रात हथियार बंद चोरों ने जमकर उत्पात मचाया है। यहां चोरों ने एक सीसीएल कर्मी और एक सिक्योरिटी गार्ड के साथ जमकर मारपीट की। वर्कशॉप में तोड़फोड़ कर 30 फीट केबुल सहित कई सामान लूटकर ले गये हैं। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार रात 09:30 बजे सुरक्षाकर्मी महावीर प्रसाद दांगी और शिवलाल भगत ने ट्रांसफार्मर की ओर से कुछ आवाज सुनी। देखा तो पाया कि दो चोर केबल काट रहे हैं। महावीर ने इसकी जानकारी वर्कशॉप में मौजूद सीसीएल कर्मियों को दी। सभी ने चोरों को खदेड़ने का प्रयास किया। लेकिन कुछ दूरी पर हथियार से लैस 25 से 30 की संख्या में चोर मौजूद थे। चोरों ने कर्मियों पर पत्थर बरसाना शुरू कर दिया। इसके साथ ही लाठी-डंडा और टांगी लिये चोर कर्मियों से मारपीट करने लगे। चोरों ने सुरक्षाकर्मि महावीर दांगी और स्विच मैन नौशाद अहमद को जमकर पीटा। वहीं कमियों को बंधक बनाकर 35 फीट कॉपर केबल काट लिया। साथ ही ग्लब्स, टिफिन सहित अन्य चीजें लूट ली। इस दौरान चोरों ने सीसीएलकर्मी सदीक अहमद की बाइक नंबर (जेएच 02 जेड 1352) और नौशाद अहमद की बाइक (जेएच 24 जे 5920) को ईंट पत्थर से क्षतिग्रस्त कर दिया। चोरों के चले जाने के बाद कर्मियों ने क्षेत्रीय सुरक्षा विभाग को इसकी सूचना दी। चोरी की मारपीट में घायल नौशाद अहमद को अस्पताल ले जाया गया। उपचार के बाद उन्हें घर पहुंचा दिया गया है। बताया गया कि नुकसान का आंकलन कर भुरकुंडा थाना में आवेदन दिया जायेगा।

### बैठक : डीसी ने की योजनाओं की समीक्षा

# प्राप्त आवेदनों की जांच कराकर कार्रवाई करने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** छत्तरमांडू स्थित जिला समाहरणालय के ब्लॉक ए के सभागार में डीसी माधवी मिश्रा ने सावित्रीबाइ फुले किशोरी समृद्धि योजना, सुखाड़ राहत योजना, प्री मैट्रिक पोस्ट मैट्रिक एवं ओडिएफ प्लस की समीक्षा की। इस दौरान बैठक में सर्वप्रथम डीसी ने जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को किशोरी समृद्धि योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का यथाशीघ्र जांच करा कर आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने जिला कल्याण पदाधिकारी को प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप के तहत सभी विद्यालयों से आवेदन प्राप्त कर उनका वेरिफिकेशन करते हुए आगे की कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### जल्द किसानों का रजिस्ट्रेशन कराने का निर्देश

बैठक के दौरान डीसी ने सुखाड़ राहत योजना पर चर्चा करते हुए सभी अंचल अधिकारियों को पंचायत, हल्का स्तर पर कैंप आयोजित कर सभी सुखाड़ प्रभावित किसानों से आवेदन प्राप्त करते हुए राज्य द्वारा प्राप्त निर्देश के अनुसार उनका रजिस्ट्रेशन कराने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी अंचल अधिकारियों को लैंड वेरिफिकेशन, केवाईसी, आधार वेरिफिकेशन कराने का भी निर्देश दिया। वहीं, उन्होंने जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी को सभी सीएससी मैनेजर के द्वारा जल्द से जल्द किसानों का रजिस्ट्रेशन कराने का निर्देश दिया।

### डीसी ने कार्यपालक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल को दिए निर्देश

**ओड़िएफ प्लस पर चर्चा के क्रम में डीसी ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए प्रत्येक गांव के हर घर में शौचालय की व्यवस्था, सभी सरकारी भवनों में पुरुष एवं महिला के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए नाडेप एवं लिक्विड वेस्ट मैनेजमेंट के लिए सोख्ता गड्ढा की व्यवस्था करने तथा प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के लिए प्लास्टिक कलेक्शन की भी व्यवस्था करने का निर्देश दिया।**

### बैठक में ये थे उपस्थित

बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, एलआरडीसी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी रामगढ़ सहित अन्य उपस्थित थे।

# बेकाबू न हों आंतरिक विवाद

असम और मेघालय सीमा पर मंगलवार को छह लोगों के मारे जाने के बाद एक बार फिर दोनों राज्यों के बीच का सीमा विवाद सुर्खियों में आ गया है। यह घटना ऐसे समय हुई है, जब कुछ ही दिन बाद, इसी महीने के आखिर में सीमा विवाद को सुलझाने के लिए दूसरे दौर की बातचीत शुरू होने वाली है। देखना होगा कि इस घटना का बातचीत की प्रक्रिया पर किस तरह का प्रभाव पड़ता है। इस बीच दो अन्य राज्यों महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच का सीमा विवाद भी गरमा गया है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बीआर बोम्मई ने बयान दिया कि जल संकट से त्रस्त महाराष्ट्र के सांगली जिले के कई सीमावर्ती गांवों ने प्रस्ताव पारित कर कर्नाटक में शामिल होने की इच्छा जतायी है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने तत्काल बयान जारी कर इस बात का खंडन किया और यह भी कहा कि राज्य के किसी भी गांव के कर्नाटक में शामिल होने का सवाल ही नहीं उठता। ध्यान रहे, इन चारों राज्यों के बीच सीमा विवाद लंबे समय से चला आ रहा है। इनका संकीर्ण राजनीतिक और दलीय हितों से सीधे तौर पर कोई लेना-देना नहीं है। इन चारों राज्यों में बीजेपी और उसके सहयोगी दलों की सरकारें हैं। पहले जब केंद्र के साथ-साथ इन राज्यों में भी कांग्रेस की सरकारें थीं, तब भी जब-तब ये विवाद उग्र रूप धारण करते रहे हैं। असल में पहले भाषाई और फिर अन्य आधारों पर हुए राज्यों के पुनर्गठन के क्रम में सीमा क्षेत्रों और नदियों के जल बंटवारे से जुड़े कई मसले अनसुलझे रह गये।

**कर्नाटक और महाराष्ट्र अलग-अलग जोन में आते हैं। इसके अलावा पूर्वोत्तर राज्यों के लिए अलग कानून है। इसमें दो राय नहीं कि ये विवाद खासे जटिल हैं और स्थानीय आबादी की भावनाओं से जुड़े हैं।**

जंगल और नदी वाले क्षेत्रों, छोटे-छोटे इलाकों में अलग सांस्कृतिक और जातीय पृष्ठभूमि वाली आबादी के मद्देनजर कुछ हद तक ऐसा होना अपरिहार्य भी था। ऐसे में बहुत जरूरी है कि अंतर राज्य परिषद जैसे सांस्थानिक औजारों का ज्यादा कुशलता से और निरंतरता के साथ इस्तेमाल किया जाये। ऐसे ही मसलों से निपटने के लिए 32 साल पहले अंतर राज्य परिषद का गठन किया गया था, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर उसकी बैठकों की निरंतरता बनाये नहीं रखी जा सकी। पिछले 16 वर्षों में इसकी सिर्फ दो बैठकें हुई हैं। जोनल स्तर पर बैठकें जरूर होती रही हैं, लेकिन कई वजहों से वे कारगर नहीं हुईं। उदाहरण के लिए, कर्नाटक और महाराष्ट्र अलग-अलग जोन में आते हैं। इसके अलावा पूर्वोत्तर राज्यों के लिए अलग कानून है। इसमें दो राय नहीं कि ये विवाद खासे जटिल हैं और स्थानीय आबादी की भावनाओं से जुड़े हैं। इन्हें हल करना आसान नहीं है, लेकिन जब ये हिंसात्मक मोड़ ले लेते हैं तो इन्हें हल करना नामुमकिन हो जाता है। ऐसे में अंतरराज्य परिषद जैसे मंचों पर संबंधित पक्षों के बीच निरंतर संवाद भावनात्मक उबाल को काबू में रखने के लिहाज से भी उपयोगी हो सकता है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**आवेदक ने आरोप लगाया था कि जबरन धर्मांतरण पूरे देश और हर राज्य में बड़े पैमाने पर हो रहा है। धर्मांतरण के लिए बल का उपयोग अब्राहमिक धर्मों में परिवर्तित राष्ट्रों द्वारा विजय की एक विशेषता के रूप में किया जाता था, जो यहूदी धर्म का पालन करते थे। ऐसा विशेष रूप से 15वीं और 16वीं सदी में हुआ। 18वीं और 19वीं शताब्दी में भारत में औपनिवेशिक शासन के दौरान जबरन धर्मांतरण पर कोई अनुभवजन्य आंकड़ा नहीं मिला है।**

# आज भारत में जबरन धर्मांतरण असंभव है

**जूलियो रिबैरो**



एक धर्मांतरण विरोधी कानून की मांग फिर से उठायी गयी है। इस बार ,इसे एक वकील द्वारा उठाया गया है जो आश्वस्त प्रतीत होता है कि हिंदू जल्द ही हमारे अधिक आबादी वाले देश की आबादी का एक छोटा-सा हिस्सा बन जायेंगे। वह अपनी बात को साबित करने के लिए आंकड़ों को बहुत ही शानदार ढंग से पेश करता है। हालांकि ये आंकड़े सरकार द्वारा नियंत्रित एजेंसियों द्वारा पेश किये गये आधिकारिक आंकड़ों की पुष्टि नहीं करते। सर्वोच्च न्यायालय ने उनकी जनहित याचिका में दम पाया है और सरकार से इस मुद्दे पर अपना रुख स्पष्ट करने के लिए कहा है, क्योंकि उसे डर है कि अगर इस समय पर इस खतरे से निपटा नहीं गया, तो देश की सुरक्षा गंभीर रूप से खतरे में पड़ जायेगी! जाहिर है शीर्ष अदालत को यह नहीं बताया गया था कि केंद्र की भाजपा सरकार उत्तराखंड जैसे शासित राज्य में ईसाई पादरियों और निजी पूजा स्थलों पर हमलों की आमतौर पर अनदेखी करके खतरे को शांत करने में बहुत सक्रिय रही है।

हम इस मामले की सुनवाई करने वाली शीर्ष अदालत की पीठ के तर्क के साथ बहस नहीं कर सकते। निवेदक के पास अपनी आशंकाओं के लिए उन्नत ठोस कारण होने चाहिए, ताकि उन लोगों को भी प्रभावित किया जा सके, जो तर्कों को ध्यान से सुनते हैं और फिर न्याय की तलाश में बड़ी बुद्धिमानी से निर्णय लेते हैं। आवेदक ने आरोप लगाया था कि जबरन धर्मांतरण पूरे देश और हर राज्य में बड़े पैमाने पर हो रहा है। धर्मांतरण के लिए बल का उपयोग अब्राहमिक धर्मों में परिवर्तित राष्ट्रों द्वारा विजय की एक विशेषता के रूप में किया जाता था, जो यहूदी धर्म का पालन करते थे। ऐसा विशेष रूप से 15वीं और 16वीं सदी में हुआ।

**चर्च द्वारा धन के साथ स्थापित किये गये ट्रस्ट हाल ही में जांच के दायरे में आ गये हैं।**

18वीं और 19वीं शताब्दी में भारत में औपनिवेशिक शासन के दौरान जबरन धर्मांतरण पर कोई अनुभवजन्य आंकड़ा नहीं मिला है। हालांकि औपनिवेशक शासकों के लिए नये ईसाइयों का स्वागत करना बराबर रहा जिन पर उनके खिलाफ राष्ट्रवादी आंदोलनों से दूरी बनाये रखने के लिए भरोसा किया जा सकता था, लेकिन समाज के कमजोर वर्गों को देवताओं को बदलने के लिए मजबूर करने के लिए हिंसा का उपयोग कागजों पर कभी नहीं दिखा था, तब चर्च ने अपने उग्रवादी रवैये को छोड़ दिया था। देश के उत्तर-पूर्वी हिस्से में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण का अनुभव मिशनरियों द्वारा किया गया। विशेष रूप से अमेरिका के बैपटिस्टों द्वारा जिन्होंने आदिवासियों के बीच रहने और उन्हें उपदेश देने में वर्षों बिताये।

आजादी के बाद औपनिवेशक दिनों में सहन की जाने वाली मिशनरी गतिविधियों को हतोत्साहित किया गया। खुफिया एजेंसियां मिशनरियों पर अपनी पैनी निगाह रखती थीं। सरकार ने कुछ मिशनरियों की उपस्थिति को हतोत्साहित किया, जो शिक्षण या सिर्फ अच्छा कार्य करने की तुलना में धर्मांतरण में अधिक सक्रिय थीं। विदेशी लोगों के वीजा का नवीनीकरण नहीं करवाया गया। किसी भी मामले में धर्मांतरण के लिए हिंसा का उपयोग करने के सवाल पर कभी विचार नहीं किया गया था और न ही यह सब संभव था।

आज भारत में जबरन धर्मांतरण असंभव है। यहां तक कि 4 या 5 शताब्दियों पहले पुर्तगालियों द्वारा गांव के नेताओं को धर्मांतरित करने के लिए जमीन का लालच देने जैसे प्रलोभनों का इस्तेमाल खुद चर्च द्वारा किया जाता था। चर्च द्वारा धन के साथ स्थापित किये गये ट्रस्ट हाल ही में जांच के दायरे में आ गये हैं।

वर्ली गांव की कैथरीन किवनी नाम की एक महिला बिना कोई उत्तराधिकारी छोड़े मर गयी। उसने अपनी संपत्ति का दो तिहाई चर्च को और एक तिहाई अपने समुदाय के ग्रामीणों को दे दिया। गांव और आसपास के कोलीवाड़ा के निर्वाचित प्रतिनिधि उन लाभार्थियों की पहचान करते हैं, जिन्हें उच्च शिक्षा या प्रमुख स्वास्थ्य मुद्दों के लिए मदद की जरूरत होती है, लेकिन चैरिटी कमिश्नर के कार्यालय ने ट्रस्ट के बैंक खातों को फ्रीज कर दिया है, जिसके परिणामस्वरूप गरीब छात्र और गंभीर रूप से बीमार लोग खुद के हालातों पर छोड़ दिये गये हैं।

ट्रस्ट फंड का उपयोग केवल कैथोलिक परिवारों के लिए किया गया था, जो कैथरीन किवनी के जीवनकाल के दौरान उसके आसपास थे। किसी अन्य उद्देश्य के लिए धन को डायवर्ट करने का कोई सवाल ही नहीं था, फिर भी एक संदिग्ध सरकारी अधिकारी ने प्रभावी रूप से आश्वासन दिया है कि गरीबों को मंझधार में छोड़ दिया गया है। चर्च और ट्रस्टियों की नीयत पर शक अब नया अवतार ले चुका है।

मैं निजी तौर पर धर्मांतरण के पक्ष में नहीं हूं। कैथोलिक सहित सभी धार्मिक मतों के भारतीयों को अच्छा इंसान बनने के लिए धर्मांतरित करना होगा। दुनिया के सभी धर्म लोगों को सीधे और ईमानदार होना, हत्या या चोरी से बचना, हर समय सत्य बोलना, दूसरों से प्यार करना और दयालु होना सिखाते हैं। ऐसे भी लोग हैं, जो नियमित रूप से रोजाना चर्च या मंदिर या फिर मस्जिद जाते हैं, लेकिन निजी जीवन में सबसे घृणित गतिविधियों में लिप्त रहते हैं। ये वे लोग हैं, जिन्हें एक धर्म से दूसरे धर्म में परिवर्तित होने की नहीं, बल्कि भारत के अच्छे नागरिक बनने की आवश्यकता है।

जनहित याचिका दायर करने वाले वकील जैसे व्यक्ति जब भी चुनाव होते हैं, वे चुनाव में जीत सुनिश्चित करने के लिए अनुयायियों की संख्या बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। अंतिम लक्ष्य केंद्र और राज्यों में डबल इंजन की सरकारों को चलाना है, जो हिंदू राष्ट्र देश में चाहती हैं और उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए भारत की 2 प्रतिशत आबादी को बलि का बकरा बनना होगा।

**(लेखक : पूर्व डीजीपी पंजाब एवं पूर्व आइपीएस अधिकारी हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

### हेमंत सरकार के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन, हजारों कार्यकर्ताओं ने खोला मोर्चा

# आदिवासी-मूलवासी की बात करने वाले सरकार में हो रहा आदिवासी पर अत्याचार : रघुवर दास

**जनहित के कार्यों को छोड़ सिर्फ अपना चेहरा चमकाने में लगी है हेमंत सरकार : जयंत सिन्हा**

**धालभूमगढ़ एयरपोर्ट के निर्माण में सरकार ने अटकाये रोड़े : विद्युत वरण महतो**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** राज्य सरकार की वादाखिलाफी, भ्रष्टाचार, अराजकता, तुष्टिकरण, महिला उत्पीड़न, ध्वस्त विधि व स्वास्थ्य व्यवस्था, खनिज संपदाओं की लूट जैसे मुद्दे को लेकर सूबे की मुख्य विपक्षी दल भाजपा ने सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। शुक्रवार को भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव के नेतृत्व में 'हेमंत हटाओ- झारखंड बचाओ' अभियान के तहत हजारों कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतरकर हेमंत सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। जनाक्रोश प्रदर्शन में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास, हजारीबाग के सांसद सह पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत सिन्हा, जमशेदपुर के सांसद विद्युत वरण महतो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, पूर्व सांसद आभा महतो, पूर्व विधायक मेनका सरदार, पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, प्रदेश मंत्री सह जिला प्रभारी सुबोध सिंह गुड्डू शामिल होकर कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। शुक्रवार को नेताजी सुभाष मैदान आम बागान से जुलूस की शक्ल में निकले हजारों कार्यकर्ता ढोल-नगाड़े, हाथों में पोस्टर, तख्ती एवं हेमंत हटाओ-झारखंड बचाओ के नारों वाली बंडी लेकर पैदल मार्च करते हुए उपायुक्त कार्यालय पहुचे। जनजातीय समाज के दर्जनों युवक-युवतियां शामिल हुई।

मौके पर धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा अमर रहे के जयघोष से गुंजायमान रहा। उपायुक्त कार्यालय पर पहुंचकर जनाक्रोश मार्च सभा में तब्दील हो गयी। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा झारखंड में सरेआम लूट, हत्या व दुष्?कर्म की घटनाएं हो रही हैं। पिछले तीन वर्ष के शासन में हेमंत सरकार ने राज्य का विनाश कर दिया है। आदिवासी मूलवासी की बात करने वाली हेमंत सरकार में सबसे अधिक अत्याचार आदिवासी समाज पर हुआ है। आदिवासियों के नाम पर राजनीति करने वाले मुख्यमंत्री के शासन में चाईबासा और गुमला में आदिवासियों का नरसंहार हुआ। बरहेट में संथाल हूल के महानायक सिद्धो-कान्हू के छठे वंशज रामेश्वर मुर्मू की हत्या का मामला हो या साहेबगंज की ईमानदार पुलिस पदाधिकारी रूपा तिर्की की संदेहास्पद मौत। ऐसे अनेकों मामले ने हेमंत सरकार के आदिवासी हितैषी होने की वास्तिवकता उजागर की है।

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने हेमंत सोरेन सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा सरकार गठन के बाद गलत नीति और अकर्मण्यता से जमशेदपुर ही नही बल्कि राज्य के सवा तीन करोड जनता आक्रोशित हैं। पिछले तीन वर्ष के शासन में राज्य का युवा, महिला, किसान, उधोगपति, मजदूर सभी त्रस्त हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है और प्रदेश में एक परिवार का शासन है। गरीब जनता की आवाज सुनने वाला कोई नही है। जमशेदपुर सहित पूरे




प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति किसी से छुपी नही है। उन्होंने कहा भाजपा ही झारखंड की जन्मदाता है, इसलिए राज्य को सजाने और संवारने की जिम्मेदारी भी भाजपा कार्यकर्ताओं के कंधों पर है।

हजारीबाग के सांसद सह पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत सिन्हा ने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा हेमंत सरकार हर मोर्चे पर विफल है, हर वर्ग से सरकार ने छल किया है। राज्य में आए दिन हो रहे अपराध, लूट, बहन-बेटियों पर हो रहे अत्याचार, परीक्षाओं में धांधली, लंबित नियुक्ति के मामले, बदहाल स्वास्थ्य सुविधा को लेकर भाजपा ने हमेशा ही सरकार को जगाने का काम किया है। परंतु अब भाजपा कार्यकर्ता अब चुप नहीं बैठेगा। सरकार को हर स्तर पर चेताने के बाद अब उन्हें खदेड़ना ही एकमात्र रास्ता बचा है। जनता से किए गए हर वादे पर सरकार पूरी तरह से विफल साबित हुई है। सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा हेमंत सोरेन सरकार की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। राज्य के विकास कार्यों को भूल कर हेमंत सरकार अपने और अपने परिवार के विकास में लगी हुई है। तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास एवं तत्कालीन नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जयंत सिन्हा के संग धालभूमगढ़ एयरपोर्ट निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। केंद्र सरकार द्वारा 'उड़ान' योजना के तहत 100 करोड़ रुपये भी इस हेतु आवंटित किये गये। एयरपोर्ट निर्माण में केंद्र सरकार के द्वारा सभी कार्यों को पूरा करने लेने के बाद हेमंत सरकार ने इसके निर्माण में अबतक रोड़े अटकाने का कार्य किया है। सांसद विद्युत महतो ने कहा झारखंड में राज्य के किसी योजना का उद्घाटन नही हो रहा हैं।

पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिनेशानंद गोस्वामी ने कहा सड़क पर जनता का उतरा यह जनसैलाब संदेश दे रहा है हेमंत सरकार जा रही है। उन्होंने कहा हेमंत सरकार में राज्य के खनिज सम्पदाओं की खुली लूट मची है। झारखंड की हालत बद से बदतर होती जा रही है। लेकिन सरकार और उनके विधायक कान में तेल डालकर सो रही है। पूरे प्रदेश में विकास कार्य पूरी तरह से ठप्प हैं। सूबे में ला एंड आर्डर की हालत अभी तक के सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। कोयला, बालू, खनिजों की चोरी और तस्करी बेधड़क चल रही है। यह सब सत्ता के संरक्षण में हो रहा है। झामुमों-कांग्रेस विधायक ही ये सारा काम करा रहे हैं। मंच संचालन जिला महामंत्री अनिल मोदी एवं धन्यवाद ज्ञापन साकची पश्चिम के मंडल अध्यक्ष बजरंगी पांडेय ने किया। मौके पर देवेंद्र सिंह, अभय सिंह, बिनोद सिंह, चंद्रशेखर मिश्रा, राजकुमार श्रीवास्तव, नंदजी प्रसाद, दिनेश कुमार, नीरज सिंह, राजेश शुक्ला, विकास सिंह, कल्याणी शरण, कुलवंत सिंह बंटी, अनिल सिंह, राजन सिंह,जटाशंकर पांडेय, रमेश हांसदा,राजकुमार सिंह, बिमल बैठा, निशांत कुमार, कुसुम पूर्ति, संजीव कुमार, भूपेंद्र सिंह, सुधांशु सिन्हा, संजीव सिन्हा, बबुआ सिंह, प्रदीप महतो, अनिल मोदी, राकेश सिंह, जितेंद्र राय, मंजीत सिंह पप्पू सिंह, नीलू मछुआ, मानोज राम, राजीव सिंह, बोलटू सरकार, प्रेम झा, ज्ञान प्रकाश, बिनोद सिंह, नारायण पोद्दार, कौस्तव रॉय, मणि मोहंती, ज्योति अधिकारी, धर्मेंद्र प्रसाद, बिनानंद सिरका, अजीत कालिंदी, मोचीराम बाउरी, मोहम्मद निसार, अभिमन्यु सिंह, अमिताभ सेनापति, विजय तिवारी, काजू शांडिल, श्वेता कुमारी, सुरेश शर्मा, संतोष ठाकुर, ध्रुव मिश्रा, बबलू गोप, अजय सिंह, हेमंत सिंह, दीपक झा, बिनोद राय, प्रशांत पोद्दार, संजय तिवारी, राजेश सिंह, बरजंगी पांडेय, फातिमा शाहीन, अमरेंद्र पासवान, संदीप शर्मा बौबी, संजय कुमार सिंह, चंचल चक्रवर्ती, रविन्द्र नाथ सरदार, हलधर दास, सुदीप कुमार डे, हेमेंद्र जैन, त्रिदेव चटराज, दीपक पॉल, पवन सिंह, सुनील सिंह मुंडा, शांतनु मुखर्जी, मंटू चरण दत्ता, प्रधान महतो, प्रोबिर चटर्जी राणा, रूबी झा, धीरज पासवान, कुमार अभिषेक, संतोष कुमार, महावीर सिंह, रमेश विश्वकर्मा, गणेश मुंडा, संजीत प्रसाद, दिलीप पासवान, रंजीत सिंह उपस्थित रहे।

# निवेदन समिति की टीम ने की बैठक, दिये दिशा निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार के निवेदन समिति की टीम शुक्रवार को जमशेदपुर के सर्किट हाउस पहुंची। सर्किट हाउस में विधायक मंगल कालिंदी पूर्व भाजपा नेता अमरप्रीत सिंह काले व अन्य नेताओं ने गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। वहीं शुक्रवार को जमशेदपुर के सर्किट हाउस में निवेदक समिति के बैठक मे समिति के सभापति बरही विधायक उमाशंकर अकेला, उपसभापति झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह के साथ घाटशिला विधायक रामदास सोरेन और जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। बैठक के दौरान पूर्वी सिंहभूम जिला के सभी विभागों के पदाधिकारी शामिल रहे। बारी-बारी से सभी से परिचय प्राप्त कर बैठक की शुरूआत की गई। बैठक में बीते वर्ष 16/ 17 के मामले का समिति के समक्ष रखा गया। मौके पर घाटशिला विधानसभा के दो मामलों का ऑन द स्पॉट समाधान किया गया। वही बैठक में एसएसपी व बिजली विभाग के जीएम के अनुपस्थिति में समिति ने उन्हें शो कॉज जारी किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए सभापति बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने बताया विधानसभा अध्यक्ष के निर्देश पर निवेदन समिति का गठन किया जाता है। जिसका उद्देश्य विधानसभा की समस्याओं से अवगत होना और उसका समाधान दिलाना होता है। ऐसे में संबंधित क्षेत्र के विधायकों एवं अधिकारियों का बैठक में शामिल होना अनिवार्य होना चाहिए। ताकि समय पर उनके क्षेत्र की समस्याओं को विधानसभा के पटल पर रखा जाए। उन्होंने बताया समिति का पूरे राज्य के सभी जिलों में दौरा सुनिश्चित हुआ है। जमशेदपुर से इसका आगाज किया गया है। इसके बाद धनबाद व अन्य जिले में बैठक की जाएगी। उन्होंने बताया जनवरी महीने में समिति की बैठक में आगे क्षेत्र की अन्य समस्याओं का समाधान किया जाएगा। वही पूर्णिमा नीरज सिंह ने बताया बीते साल समिति के द्वारा एक निवेदक निष्पादन किया गया यह समिति के लिए खुशी की बात है। उन्होंने बताया विस्थापन राज्य के लिए एक बड़ी समस्या है। कही ना कही विस्थापन के लिए लोग परेशान है। उन्होंने बताया शहर में पोलूशन और सप्लाई पानी को लेकर कई समस्या है क्षेत्र के सभी विधायकों ने इसको लेकर पहल शुरू की है। विधायक सरयू राय ने श्रम नियोजन की समस्या को लेकर बात रखी है। किसी कारण बस वह नहीं आ पाए। समस्या के समाधान के लिए कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया विशेषकर पानी सप्लाई, पोलूशन और स्वास्थ्य को लेकर स्थल निरीक्षण करते हुए जनवरी महीना के बैठक में समाधान निकाला जाएगा।बैठक में अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा गया है। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा गोविंदपुर जलापूर्ति योजना को लेकर पीएचडी विभाग के पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है जहां पाइप से पानी लीकेज हो रहा है। उसका जल्द समाधान निकालें। इसके लिए पूर्व में पदयात्रा कर समस्या के समाधान के लिए मांग की गई थी। क्षेत्र में कचरा की समस्याओं को लेकर कचरा प्लांट का समाधान निकाला जाएगा, ताकि गोविंदपुर,जुगसलाई,परसुडीह क्षेत्र की जनता को लाभ मिल सके।

# बस्ती वासियों ने बिजली विभाग को सौंपा मांग पत्र

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** मानगो उलीडीह थाना अंतर्गत कुंवर बस्ती मुर्दा मैदान क्षेत्र के बस्ती वासियों ने बिजली की समस्या को लेकर कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि अंसार खान को अवगत कराया। शुक्रवार को अंसार खान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता विशाल कुमार से मुलाकात करने पहुचे। विशाल कुमार की अनुपस्थिति में विभाग के एसडीओ अमरजीत प्रसाद को उन्होंने क्षेत्र की बिजली की समस्याओं को लेकर एक मांग पत्र सौंपा। इस मौके पर अंसार खान ने बताया कुंवर बस्ती मुर्दा मैदान क्षेत्र में अभी तक बिजली के पोल नहीं लगे हैं। बस्ती वासियों को सड़क से गुजरने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बांस के पोल से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। उन्होंने अनहोनी की घटना की संभावनाओं को देखते बस्ती वासियों के साथ बांस के पोल हटाने की मांग की। उन्होंने कहा बस्ती में लगभग 20 बिजली पोल की अधिक आवश्यकता है। वही जानकारी मिलने पर एसडीओ ने आश्वासन देते हुए कहा सर्वे कर जल्द ही बांस के पोल हटाया जायेगा। वही अंसार खान ने जवाहर नगर क्षेत्र में कई जगह पर ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की। मौके पर रमेश चौधरी, राकेश कुमार ठाकुर, अमर देव सिंह, मंगल कुमार, पंकज कुमार, मोहम्मद रिजवान, मोहम्मद फैजान सहित अन्य मौजूद रहे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 26 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com


## महत्वपूर्ण न्यूज

### एसीबी की टीम ने 15 हजार घूस लेते मुखिया को किया गिरफ्तार

**बंशीधर नगर।** एसीबी की टीम ने बंशीधर नगर प्रखंड के कोलझिकी के मुखिया अजय गुप्ता को 15 हजार घूस लेते धर दबोचा है। एसीबी की इस कार्रवाई से घूसखोरों के बीच हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार श्री बंशीधर नगर प्रखंड अंतर्गत कोलझिकी पंचायत के मुखिया अजय प्रसाद गुप्ता आंगनबाड़ी केंद्र से संबंधित एक व्यक्ति से घूस की मांग कर रहा था। जिसके बाद उक्त व्यक्ति ने इसकी सूचना एसीबी को दी। एसीबी ने उक्त मामले की पहले गहनता से छानबीन की। जांच में सही पाये जाने के बाद एसीबी ने एक टीम का गठन कर उक्त कार्रवाई की है। जानकारी के अनुसार मुखिया ने गढ़वा से लौटने के दौरान उक्त व्यक्ति से 15 हजार रुपये घूस के रूप में मांगते हुये रमना बुलाया था। रमना बस स्टैंड पर सर्वेश्वरी चौक के समीप उक्त व्यक्ति से 15 हजार रुपये लेते हुये रंगे हाथ पकड़ लिया गया। इसी बीच मुखिया पैसा फेंक कर शोर मचाने लगा। लोगों की भीड़ बढ़ने लगी। लोगों की भीड़ से एसीबी भी थोड़ी देर के लिये सकते में आ गयी। हालांकि एसीबी की टीम अजय प्रसाद गुप्ता को अपनी गाड़ी में बैठाकर मेदिनीनगर ले जाने में सफल रही। गिरफ्तारी के बाद घूसखोरों में हड़कंप मचा हुआ है।

### एसडीओ के निर्देश पर जायसवाल क्लीनिक के प्रोपराइटर समेत तीन के विरुद्ध एफआइआर दर्ज

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ किया जाना जायसवाल क्लीनिक को महंगा पड़ गया। एसडीओ आलोक कुमार के निर्देश पर जायसवाल क्लीनिक के प्रोपराईटर डॉ अजय जायसवाल समेत तीन लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज हुआ है। अनुमंडल अस्पताल की डीएस डॉ सुचित्रा कुमारी ने थाना में आवेदन देकर जायसवाल क्लीनिक के प्रोपराईटर डॉ अजय जायसवाल उनके कंपाउंडर चंद्रशेखर कुमार एवं कुलदीप गुप्ता के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया है। चंद्रशेखर कुमार नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के बंबा एवं कुलदीप गुप्ता धुरकी थाना क्षेत्र के सगमा का रहने वाला है। उल्लेखनीय है कि एसडीओ आलोक कुमार अनुमंडल अस्पताल की डीएस डॉ सुचित्रा कुमारी के साथ गत बुधवार को श्री बंशीधर नगर शहर में संचालित विभिन्न अस्पतालों का औचक निरीक्षण कर अस्पताल की विधि व्यवस्था का जायजा लिया था। निरीक्षण के दौरान जायसवाल क्लीनिक में बिना चिकित्सक के मरीज का इलाज करते पाया गया था। जिसे देखकर एसडीओ भड़क गये थे तथा डीएस को तत्काल अस्पताल को सील कर एफआईआर दर्ज कराने का आदेश दिया था। एसडीओ की मौजूदगी में डीएस ने तत्काल अस्पताल को सील कर दिया था। जांच के बाद डीएस ने एसडीओ के निर्देश पर जायसवाल क्लीनिक के प्रोपराईटर डॉ अजय जायसवाल समेत तीन लोगों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराया है।

### झारखंड सरकार के शिक्षा उपसचिव ने कन्या मवि का औचक निरीक्षण कर विधि-व्यवस्था पर खुशी जतायी



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के शिक्षा उपसचिव ओम प्रकाश तिवारी ने कन्या मध्य विद्यालय के औचक निरीक्षण के क्रम में विद्यालय की विधि व्यवस्था देख गदगद हुए। उप सचिव के पहुंचने पर बाल सांसद द्वारा उनका आतिथ्य सत्कार किया गया। उन्होंने विद्यालय में संचालित प्रोजेक्टर क्लास, प्रार्थना व्यवस्था, पुस्तकालय एवं बागवानी आदि देख काफी प्रभावित हुए। एचएम पांडेय सूर्यकांत शर्मा के आग्रह पर उन्होंने विद्यालय में बेंच डेस्क, विद्युत वायरिंग, स्मार्ट बोर्ड सहित अन्य शैक्षणिक सुविधा देने का भरोसा दिलाया। इस मौके पर एरिया ऑफिसर नगर ऊंटारी कैसर रजा, बीईईओ विजय कुमार पांडे सहित शिक्षा विभाग के अन्य लोग मौजूद थे।

### रंका प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष के प्रयास से दिव्यांग को मिली ट्राइसाइकिल

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका प्रखंड अंतर्गत ग्राम लिदीकंडा निवासी हदीस अंसारी को जो दिव्यांग हैं जो पिछले कई वर्षों से जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से ट्राईसाईकिल के लिए गुहार लगाकर थक चुके थे। रंका प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी को जानकारी मिलने के साथ ही उन्होंने रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम और प्रखंड प्रमुख हेमंत लकड़ा को जानकारी देते हुए हदीस अंसारी को ट्राईसाईकिल उपलब्ध करवाने का पुनीत कार्य किया गया। मौके पर गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## कार्यक्रम : महिला महाविद्यालय का मंत्री ने किया शिलान्यास, कहा

# अब गढ़वा की बेटियां भी अपने ही शहर में प्राप्त कर सकेंगी उच्च शिक्षा

**मैं जात पात की नहीं जनसेवा की राजनीति करता हूं : मिथिलेश ठाकुर**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जिला मुख्यालय के सोनपुरवा में रेलवे स्टेशन उस पार नहर के समीप 13 करोड़, 62 लाख रुपये की लागत से महिला महाविद्यालय बनेगा। गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शुक्रवार को पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर महिला महाविद्यालय का शिलान्यास किया।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि अब गढ़वा की बेटियां भी अपने ही जिले में उच्च शिक्षा ग्रहण कर सकेंगी। आज तक गढ़वा में एक भी महिला महाविद्यालय की स्थापना नहीं की जा सकी थी। परंतु आज गढ़वा वासियों के आशीर्वाद एवं सहयोग से यह नेक कार्य पूर्ण हो रहा है। गढ़वा में एक सर्व सुविधा संपन्न महिला कॉलेज बन रहा है। यह महाविद्यालय गढ़वा में महिला शिक्षा के क्षेत्र में मील का एक पत्थर साबित होगा। अपनी बेटियां भी पढ़ेंगी और आगे बढ़ेंगी। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि वे गढ़वा के आमूलचूल परिवर्तन के लिए कटिबद्ध हैं। गढ़वा के इतिहास में आज तक जो विकास कार्य नहीं हो सका वह अब हो रहा है। गढ़वा के विकास गाथा में आज एक और नया अध्याय जुड़ गया। उन्होंने कहा कि मैं धनबल, जात, पात और धर्म की राजनीति नहीं करता। सिर्फ और सिर्फ जनसेवा की राजनीति करता हूं। उसी का परिणाम है कि आज गढ़वा में विकास की गंगा बह रही है। झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, शिक्षा विभाग के विधायक प्रतिनिधि अशर्फी राम, बलराम तिवारी, पारसनाथ तिवारी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष रेखा चौबे, मुखिया सुरेंद्र यादव, भवन प्रमंडल के सहायक अभियंता आदि ने भी विचार व्यक्त किये।

मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला सचिव मनोज ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, जितेंद्र सिन्हा, संवेदक अनिल सिंह, आशुतोष पांडेय, नवीन तिवारी, अनिता दत्त, विश्वनाथ सिंह, चंदा देवी, कबूतरी देवी, मीना देवी, रजनीगंधा, दिव्य प्रकाश केशरी, अशोक चंद्रवंशी, राहुल जायसवाल, प्रो. प्रेमलता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



### ऐसा होगा महाविद्यालय का स्वरूप

करीब चार एकड़ भूमि पर इस महाविद्यालय का निर्माण होगा। इस कॉलेज में कला, विज्ञान व वाणिज्य सभी विषयों की पढ़ाई होगी। इसमें एक अत्याधुनिक लाइब्रेरी, कॉमन रूम, स्टाफ रूम, पैंट्री, कैंटीन, अम्पीथीयेटर जैसी सभी सुविधाएं होंगी। कार्यक्रम के आयोजन के लिए एक बड़ा कोर्टयार्ड भी होगा। इसमें एंट्रेंस लॉबी, वेटिंग हॉल, पूछताछ, प्रशासनिक कार्यालय, स्टाफ शौचालय (एम.एफ), प्रधान कार्यालय के साथ पूर्व कक्ष शौचालय, पीए केबिन और अलग प्रतीक्षा क्षेत्र, स्टोर, सेमिनल हॉल, शारीरिक रूप से दिव्यांगों के लिए शौचालय के साथ सामान्य शौचालय, वर्ग कक्ष, दो सीढ़ी, दिव्यांगों के लिए रैंप, व्याख्यान कक्ष, कैंटीन के साथ थिएटर, टीचिंग स्टाफ रूम के साथ अटैच टॉयलेट सहित कॉमन टॉयलेट, शारीरिक रूप से दिव्यांग छात्राओं और कार्यक्रमों के लिए कोर्टयार्ड कॉरिडोर से जुड़ा हुआ होगा। सभी संबंधित विषयों के लिए सामान्य एवं दिव्यांगों के लिए का अलग-अलग प्रयोगशाला, लाइब्रेरियन केबिन के साथ पुस्तकालय, कंप्यूटर कक्ष आदि सभी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग के भी व्यवस्था की जाएगी।

## स्वच्छ गढ़वा के निर्माण में मेरे समर्पण को चाहिए आपका आशीर्वाद : चंदन जायसवाल

**नगर निकाय के तीन-तीन चुनाव होने और प्रतिनिधि चुने जाने के बाद भी गढ़वा वहीं खड़ा है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा जिला मुख्यालय आर्थिक, व्यापारिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और धार्मिक उज्ज्वलता का केंद्र रहा है। परन्तु जिला मुख्याल गढ़वा को इसके प्रखर प्रकाश पुंज और महत्वपूर्ण सन्देशों के अनुरूप ढालने में सफलता नहीं मिल पायी है। नगर निकाय के तीन-तीन चुनाव होने और प्रतिनिधि चुने जाने के बाद भी गढ़वा वहीं खड़ा है, जहां से स्वच्छ और प्रेरणादायी गढ़वा के निर्माण का पहला कदम रखा जाने वाला था। मैं चन्दन जायसवाल गढ़वा नगर परिषद चेयरमैन का चुनाव लड़ने का बड़ा संकल्प लिया हूं। इस संकल्प को आपसब आदरणीय जिला मुख्यालय के अभिभावकों, माताओं, बहनों, युवा साथियों के आशीर्वाद एवं सहयोग के बिना पूरा नहीं किया जा सकता है। मैं आपसबों के मार्गदर्शन और आकांक्षाओं के अनुरूप गढ़वा जिला मुख्यालय को नये अंदाज में पहचान देना चाहता हूं। ताकि जन सुविधाओं और स्वच्छता की कसौटी पर गढ़वा की पहचान दूर-दूर तक पहुंचायी जा सके। वहीं यहां के लोगों के लिए सरकार द्वारा प्रदत्त सुविधाओं को न सिर्फ सार्वजनिक किया जाए बल्कि हर घरों तक पहुंचा दिया जाए। नगर परिषद को प्रदत सारी सुविधाओं पर आपका अधिकार है। ये सुविधाएं पूर्व की तरह कुछ प्रमुख लोगों और मुहल्लों में रेवड़ी की तरह फिर से बंट न जाये, इसकी चिंता सबको होनी चाहिए। जनता की सुविधाओं की लूट और बंदरबाट के साथ गढ़वा में बड़ी तेजी से फैलाये जा रहे सामाजिक विद्वेष को रोकना हमारा प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। मैं आपके वाहक, प्रतिनिधि, सेवक, बेटा, भाई बनकर इस बड़े संकल्प को पूरा करने में अपने आप को हवन करना चाहता हूं। इसके लिए बड़ी शक्ति की जरूरत होगी जो सिर्फ आपके आशीर्वाद से संभव है। इसलिए मैं घोषणा करता हूं कि मैं गढ़वा नगर परिषद अध्यक्ष के रूप में आपकी सेवा करना चाहता हूं। आपके लिए प्रदत सुविधाओं से आपको जोड़ना चाहता हूं। एक आदर्श शहर के सभी कसौटियों पर खरा उतरना चाहता हूं।

## गौशाला की भूमि हो अतिक्रमण मुक्त, चारदीवारी बनाकर बस स्टैंड का निर्माण कराया जाय: भाजपा नगर मंडल

**गोशाला की भूमिं पर बस स्टैंड निर्माण का शिलान्यास के दौरान गोशाला समिति के सदस्यों की आवाज दबाने का पुलिस प्रशासन ने किया है काम**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल गढ़वा के द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा गया कि कल स्थानीय विधायक और मंत्री जी के द्वारा गौशाला की भूमि पर बस स्टैंड निर्माण का शिलान्यास करने का कार्य किया जा रहा था जिसमें गोशाला समिति के सदस्यों के द्वारा मांग पत्र सौंप कर जानकारी उपलब्ध कराना चाहते थे कि यह भूमि गौशाला की है, लेकिन पुलिस प्रशासन के द्वारा उन्हें रोकने व उनकी आवाज को दबाने का काम किया गया। पूर्व में जो जानकारी है नगर परिषद और गौशाला समिति के बीच 60 परसेंट इनकम का गौशाला समिति को उपलब्ध कराने की बात हुई थी, लेकिन नगर परिषद के द्वारा किसी प्रकार की कोई राशि उपलब्ध नहीं करायी गयी। अगर इस तरह की राशि गौशाला समिति को उपलब्ध करायी जाती है तो गौशाला समिति के कार्यों में बल मिलेगा और दूसरी और भाजपा नगर मंडल गढ़वा के द्वारा जिला प्रशासन से मांग की जाती है कि सर्वप्रथम गौशाला की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराकर चारदीवारी का निर्माण कराकर उस पर बस स्टैंड का निर्माण कराया जाए। जिसे आज जमीन के दलालों के द्वारा वहां के जमीन को लूटने का कार्य किया जा रहा है। दूसरी ओर झारखंड मुक्ति मोर्चा सरकार के कार्यकाल में महिलाओं के साथ हत्या दुष्कर्म जैसी घटना आम हो गई है।

गुरुवार को झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की महिला जिला अध्यक्ष के द्वारा आरोप लगाया जा रहा है कि उनका पार्टी में सम्मान नहीं किया जा रहा है इसलिए इस्तीफा दे दिये। ये सच्चाई है कि सरकार में महिलाओं के साथ शोषण किया जा रहा है। अभी तो शुरूआत हुई है। इस सरकार और मंत्री जी के द्वारा जो लॉलीपॉप दिखाकर जनता को भ्रमित करने का कार्य किया जा रहा है यह बहुत दिनों तक नहीं चलेगा। जनता इनके झांसे को समझ चुकी है अब लोगों का मोह भंग होना शुरू हो चुका है।

मौके पर उपस्थित भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप, महामंत्री यशवंत मिश्रा, जिला कार्यसमिति सदस्य राजकुमार गुप्ता, प्रवीण ठाकुर, संजय केसरी सहित अन्य उपस्थित थे।

### सहयोगी शिक्षक शिक्षण कार्य के दैरान नशे में धुत पाये गये

**विशुनपुरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत पतिहारी पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय करकचिया के सहयोगी शिक्षक रामलाल राम विद्यालय में शिक्षण कार्य के दैरान नशे में धुत पाये गए। इसकी सूचना ग्रामीणों के द्वारा प्रमुख की दी गई। सूचना पाकर विद्यालय पहुंची प्रमुख दीपा कुमारी पहुंचने पर पाया कि सहयोगी शिक्षक रामलाल नशे में धुत हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मोहन प्रसाद यादव से पूछे जाने पर बताया कि इनका रोज का यही हाल है। मौके पर सूचना पाकर पहुंचे बीआरपी अनिल विश्वकर्मा ने बताया कि गुरुजी नशे में धुत हैं इनकी हमेशा यह शिकायत विभाग को मिल रही है इनका यह रवैया देख मैं अपने विभाग को लिखित आवेदन दूंगा तथा इनके ऊपर कार्रवाई की जायेगी।

झारखण्ड सरकार
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

ई–निविदा प्रसंग सं० :– RCD/HAZARIBAG/1007/2022-23
दिनांक :–23.11.2022

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | पथ प्रमण्डल, हजारीबाग अन्तर्गत "हजारीबाग नियंत्रण कक्ष से सिमरा रेस्ट हाउस (SH-07 Old Alignment) (कि.मी. 0.00 से 2.00) पथ (कुल लम्बाई 2.00 कि. मी.) के राइडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य। वर्ष 2022–23 |
| 2. | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | रू॰ 1,80,91,600.00 (एक करोड़ अस्सी लाख एकानबे हजार छः सौ रूपये मात्र) |
| 3. | कार्य समाप्ति की अवधि | 03 (तीन) माह |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथि एवं समय | 15.12.2022 10:30 बजे पूर्वह्न |
| 5. | निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 22.12.2022 12:00 बजे दिन तक |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग। |
| 7. | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क नं० | 9431326172 |
| 8. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्प लाईन नं० | 0651–2446007 |

अतिरिक्त जानकारी के लिए वेबसाईट पर देखें :– http://jharkhandtenders.gov.in
E-mail ID : eercdhazari-jhr@nic.in
Tel. No. – 06546-225818

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 283361 Road(22-23).D

Jharkhand Education Project Council
JSCA, Stadium Road, Sector-3, Dhurwa, Ranchi – 834004
Phone : 0651-2444501, 2444502, Fax – 2444506,
e-mail: jepcranchi1@gmail.com

Ref. No.: JEPC/ QU/40/189/2022/3041    Date: 24/11/2022

E-Tender Notice

JEPC, Ranchi invites E-Bids for Supply, Distribution, 3 years Maintenance of 219 Desktop PC, 219 High-Speed Multifunctional Printer (MFP) Printer with Scanner (A4/Legal) & 219 Piece UPS for 160 Leaders Schools and 59 Model Schools. Bidders can download bid documents from website *https://jharkhandtenders.gov.in* from 28.11.2022 (11.00 AM), onwards. Last date/Time for receipt of bids through e-tender is 20.12.2022 up to 05:00 PM. The pre-bid meeting will be held on 06.12.2022 at 04.30 PM.

(Sd/-)
(Kiran Kumari Pasi)
State Project Director

PR 283486 Human Resource Developement(22-23)D

Jharkhand Education Project Council
J.S.C.A Stadium Road, Jagannathpur, Sector -3, Dhurwa, Ranchi - 834004
Phone - 0651-2444502 Fax: 0651-2444506
E-mail: jepcranchi1@gmail.com

E- TENDER NOTICE

For supply and installation of child friendly furniture and outdoor play material in 444 Early Childhood Care and Education (ECCE) /Pre Primary centre's in Government Schools.

Tender No. MRE/33/205/2021-22/3054

The "Jharkhand Education Project Council (JEPC)" invites bids through e-tender from prospective Bidders (manufacturers / authorised suppliers) for supply and installation of child friendly furniture and outdoor play material in 444 Early Childhood Care and Education (ECCE)/Pre Primary centre's of the State for students of 3 – 5 age group studying in ECCE/Pre Primary centers in Government schools. The materials have to be supplied to the destination points viz. concerned 444 Pre Primary centers in the Government schools of the district in the State. The complete tender documents can be seen on and downloaded from the websites **http://jharkhandtenders.gov.in** .The cost of tender documents is Rs. 11,800.00 (Eleven thousand eight hundred only) including 18% GST.

The lists of dates with regard to this Invitation for Bids are given below:

| Sl. | Details | Start Date | Time | End Date | Time |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Online publication of bid document | 25.11.2022 | 10.00 am | 19.12.2022 | 3.00 pm |
| 2 | Document Download | 25.11.2022 | 10.00 am | 19.12.2022 | 3.00 pm |
| 3 | Pre-Bid Meeting | 01.12.2022 | 3.00 pm | - | - |
| 4 | **Bid Submission** | 05.12.2022 | 10.00 am | 19.12.2022 | 3.00 pm |
| 5 | Submission of Original documents | 19.12.2022 | 10.00 am | 19.12.2022 | 6.00 pm |
| 6 | Opening of Technical Bid | 20.12.2022 | 3.00 pm | | |
| 7 | Opening of Financial Bid | Announced after the technical evaluation | | | |

Sd/-
(Kiran Kumari Pasi, I.A.S)
State Project Director
JEPC, Ranchi

PR 283393 Human Resource Developement (22-23)_D

## महिला कॉलेज की स्थापना गढ़वा के लिए गौरव की बात, लोगों ने की सराहना

राजू सिंह

**गढ़वा।** गढ़वा में महिला महाविद्यालय की स्थापना से जिले वासियों में काफी हर्ष है। लोगों ने गढ़वा के लिए गौरव की बात बताते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर के कार्य की सराहना की है।


डा. रमेश चंचल


शैलजा रानी


अंकिता अग्रवाल


प्रतिमा कश्यप


विनीता जायसवाल


रजनी गुप्ता

गढ़वा के प्रसिद्ध शिक्षाविद, साहित्यकार **डा. रमेश चंचल** ने कहा कि गढ़वा जैसे शहर में सर्व सुविधा संपन्न महाविद्यालय की स्थापना पूरे गढ़वा के लिए गौरव की बात है। मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का यह कदम बहुत ही सराहनीय एवं स्वागत योग्य है। सामान्य कॉलेज में छात्राएं खुद को असहज महसूस करती हैं। महिला कॉलेज की स्थापना से छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण करने में काफी सहूलियत होगी।

शहर के चिनियां रोड निवासी सॉफ्टवेयर इंजीनियर **शैलजा रानी** ने कहा कि गढ़वा में महिला महाविद्यालय की कमी थी। जिससे छात्राओं को कॉलेज की पढ़ाई करने में काफी कठिनाई होती थी। बहुत सारी छात्राएं सामान्य कॉलेज में और सहज महसूस करती हैं। इस कारण कॉलेज की पढ़ाई भी नहीं कर पाती हैं। परंतु अब उन्हें कॉलेज की पढ़ाई करने में काफी सुविधा होगी।

लायंस क्लब गढ़वा ग्रीन की पदाधिकारी **अंकिता अग्रवाल** ने गढ़वा में महिला कॉलेज बनने पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि शहर में महिला महाविद्यालय बनने से महिलाएं अधिक से अधिक शिक्षित हो सकेंगी। पहले भी महिलाएं कॉलेज जाती थीं, परंतु वह काफी दूर होने के कारण प्रतिदिन क्लास नहीं कर पाती थी। अब शहर के बीच में महिला कॉलेज होने से प्रतिदिन क्लास कर पाएंगे। इस महिला कॉलेज में पढ़ाई के साथ साथ महिलाओं को खेलकूद में भी प्रोत्साहित किया जाए। आत्मरक्षा के गुण को भी सिखाया जाए ताकि वे आत्मरक्षा खुद कर सकें।

समाजसेवी **प्रतिमा कश्यप** ने कह कि गढ़वा में महिला कॉलेज खुलने से महिलाओं के शिक्षा स्तर में और भी सुधार होगा। क्योंकि सरकारी महिला महाविद्यालय गढ़वा में नहीं था। उन्होंने बताया कि शिक्षित महिलाएं ही नये भविष्य का निर्माण कर सकती हैं। यह गढ़वा के लिए बहुत ही अच्छी पहल है। महिलाएं उच्च शिक्षा ग्रहण कर राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकती हैं।

महिला समाजसेवी **विनीता जायसवाल** ने कहा कि गढ़वा में महिला महाविद्यालय की स्थापना बहुत ही सराहनीय कदम है। इस कार्य के लिए मंत्री श्री ठाकुर की जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम है। ऐसे नेक कार्य के लिए मंत्री धन्यवाद के पात्र हैं। अब गढ़वा की छात्राएं निर्भीक होकर बेहतर शिक्षा ग्रहण कर सकती हैं।

लायंस क्लब ऑफ गढ़वा सिटी की सदस्य **रजनी गुप्ता** ने कहा कि गढ़वा की छात्राओं को उच्च शिक्षा के लिए पहले बाहर जाना पड़ता था। परंतु अब अपने ही शहर में यह सुविधा उपलब्ध होने वाली है। पूरे गढ़वा के लिए गर्व की बात है। गढ़वा में महिला कॉलेज नहीं होने के कारण छात्राएं कॉलेज की पढ़ाई से वंचित रह जाती थी, अब वे गढ़वा में ही शिक्षा ग्रहण कर सकेंगी। महिला शिक्षित होगी तो पूरा देश शिक्षित होगा। इसके लिए मंत्री श्री ठाकुर धन्यवाद के पात्र हैं।

आजाद सिपाही

रांची, शनिवार, 26 नवंबर, 2022

www.azadsipahi.com




## मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना अंतर्गत आये मामलों की समीक्षा हुई



**लोहरदगा।** उपायुक्त की अध्यक्षता में शुक्रवार को मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना अंतर्गत आये मामलों की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में अनुसूचित जनजाति के 12, अनुसूचित जाति के 03 और पिछड़ी जाति के 20 मामलों की समीक्षा हुई। सर्वसम्मति से लाभुकों को अनुदान की राशि से लाभान्वित किये जाने की सहमति प्रदान की गयी। बैठक में सिविल सर्जन डॉ संजय कुमार सुबोध, जिला कल्याण पदाधिकारी नारायण राम, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल समेत सदस्य उपस्थित थे।

## फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



**लातेहार।** मनिका सीएचसी में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर आगामी माह में एक दिसंबर से 15 दिसंबर तक फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर दवा प्रशासकों द्वारा बुथों पर एवं घर में जाकर स्वास्थ्य विभाग के सहिया वह आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा लोगों को डीईसी की गोलियां मुफ्त में खिलाया जायेगी। कार्यक्रम के शत-प्रतिशत सफलता के लिए लातेहार जिले के मनिका प्रखंड में जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ शंभू नाथ चौधरी की अध्यक्षता में आज मनिका प्रखंड के सभागार में आंगनबाड़ी सेविका और सहियाओं को विशेष रूप से प्रशिक्षण डॉ शंभू नाथ चौधरी द्वारा दिया गया। मौके पर जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉक्टर एसएन चौधरी, जिला मलेरिया सलाहकार आर्यन पांडेय, मोहम्मद शाहनवाज, बीपीएम कमलेश कुमार, अनिल कुमार, आशीष कुमार, सहिया सुषमा कुमारी, रेखा कुमारी सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी एवं आंगनबाड़ी सेविका मौजूद थे।

## सप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन




**बरवाडीह।** बरवाडीह बीडीओ के मौजूदगी मे शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में प्रखंड के शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों ने अपनी समस्याओं को बीडीओ के समक्ष रखी। बीडीओ ने जल्द से जल्द जांच कराते हुए सभी शिकायतों के समाधान का भरोसा दिया। बीडीओ ने इस दौरान संबंधित अधिकारियों को आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश देते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों को हर हाल में सुनिश्चित करना होगा। जनता दरबार में मुख्य रूप से स्वास्थ्य, समाज कल्याण, राजस्व और आपूर्ति विभाग से संबंधित आवेदन आये।

## बरवाडीह में प्रमुख व उपप्रमुख ने कई विद्यालयों का किया औचक निरीक्षण



**बरवाडीह।** बरवाडीह प्रखंड प्रमुख सुशीला कुमारी और उपप्रमुख वीरेंद्र जायसवाल ने शुक्रवार को बरवाडीह प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालयों की व्यवस्था से असंतुष्ट होकर गहरी नाराजगी दिखाते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस बारे में जानकारी देते हुए प्रमुख ने बताया कि औचक निरीक्षण के क्रम में बरवाडीह बाजार स्थित मध्य विद्यालय में पिछले एक महीने से बच्चों को मध्यान भोजन में अंडे नहीं मिलने की शिकायत बच्चों ने की। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की सफाई व्यवस्था देख असंतुष्ट होते हुए साफ-सफाई पर पूरी तरह ध्यान देने का निदेश दिया। उपप्रमुख वीरेंद्र जायसवाल ने बताया कि इसी क्रम प्रखण्ड के छेचा और चपरी विद्यालय का भी औचक निरीक्षण किया गया जंहा विद्यालय के प्रभारी अनुपस्थित पाये गये। वहां मौजूद शिक्षकों ने बताया कि प्रभारी विभागीय कार्य से लातेहार गए हुए है। इसी दौरान छेचा स्कूल में उप प्रमुख विद्यालय के विभिन्न वर्गों में बच्चो से सवाल जवाब भी करने का कार्य किये जहां 9वीं के छात्र से झारखंड के शिक्षा मंत्री कौंन पूछा गया तो कोई भी नहीं बता पाया जिससे प्रमुख और उपप्रमुख ने नाराजगी जाहिर की और विद्यालय के शिक्षकों को फटकार लगाते हुए सुधार लाने की बात कही।वही मोके पर पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार, ऋषि प्रजापति समेत अन्य पंचायत समिति सदस्य मौजूद रहे।

## स्क्रैप लदा दो ऑटो को पुलिस ने धर दबोचा, एक फरार, एक को जेल



**चंदवा।** चंदवा के अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट में स्क्रैप ले जाने की लूट मची है जब से स्क्रैप डी लाइट कंपनी स्क्रैप ले जाने का कार्य कर रही है तब से आसपास के दो,तीन जिले के लोग और कुछ स्थानीय लोग ही गलत तरीके से स्क्रैप रात्रि में ले जाने का काम कर रहे हैं। कुछ स्थानीय लोग तो बाहर के लोग को सस्ते दर पर स्क्रैप देने के नाम पर बुलाकर स्क्रैप देने का काम कर रहे है। जिससे काफी लोग अभिजीत ग्रुप पावर प्लांट के आसपास रात्रि में छोटी बड़ी गाड़ी है। आपको हर रोज दिखाई देगी वही कभी-कभी रात्रि में पुलिस की रेड पड़ती है जिससे जिसको जानकारी नहीं होती है उसकी गाड़ी पुलिस के सामने पड़ने पर पकड़ ली जाती है। बताते चलें कि डी लाइट कंपनी के आने से डी लाइट कंपनी तो गलत काम कर ही रही है डी लाइट कंपनी सेटिंग तहत जमीन पर पड़े स्क्रैप को ले जाने का पेपर सरकारी कार्यालयों में देकर बड़े-बड़े मशीनों को ले जाने का काम कर रही है जो मशीन पूरी तरह सुरक्षित है जानकारों ने बताया कि डी लाइट कंपनी फेज वन का स्क्रैप ले रखी है परंतु ऊपर से नीचे तक सेटिंग के बाद फेस दो से भी स्क्रैप जमकर उठा रही है अच्छी मशीन को रात्रि में बंद डब्बे वाली ट्रक में ले जाती है। नीचे पड़ी हुई स्क्रैप को दिन में ले जाती है वही डी लाइट कंपनी की कोई भी गाड़ी को किसी तरह किसी भी प्रशासन के द्वारा जांच पड़ताल नहीं की जाती है और वह मनचाहे अपना कार्य कर रही है इस तरह के कार्य को देखते हुए आसपास के जिले के लोग और स्थानीय लोग के द्वारा चोरों के माध्यम से माल को अपने गाड़ी में लोड करवा कर बड़े कबाड़ी दुकानों में देते हैं इसी क्रम में पुलिस प्रशासन कभी-कभी अभिजीत पावर प्लांट रेड मारती है तो दो टैंपू भरा स्क्रैप ले जाने वाले लोगों को पकड़ लेती है और मामला दर्ज कर एक आरोपी को जेल भेज देती है।

### युवती हत्याकांड का खुलासा, हत्यारा गिरफ्तार

# प्रेम प्रसंग में हुई थी युवती की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत खखपरता इलाके में 22 नवंबर को मिले अज्ञात युवती का शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। घटना के तीन दिन बाद पुलिस ने हत्यारा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। लोहरदगा एसपी आर रामकुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर किया इसका खुलासा करते हुए बताया कि परिजनों ने अज्ञात युवती की शव की पहचान मनीषा बड़ा के रूप में की थी जिसके बाद प्रेमी दीपनारायण सिंह उर्फ चरकू पर प्राथमिकी दर्ज कराई गयी थी। पुलिस ने आरोपी को लोहरदगा के रामपुर से गिरफ्तार कर पूछताछ की जिसमे युवक द्वारा हत्या तथा पहचान छुपाने के लिए युवती के चेहरे को जलाने की बात स्वीकार की गयी। दोनो में 3 वर्षो से प्रेम प्रसंग चल रही थी, प्रेम प्रसंग में आपसी विवाद के कारण युवक ने हत्या की घटना को दिया अंजाम। युवक के पास मृतक युवती मनीषा बड़ा का शैक्षणिक प्रमाण पत्र मिले। मृतक युवती मनीषा बड़ा 22 वर्ष गुमला जिले के विशुनपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली थी। वही हत्यारा प्रेमी की पहचान लोहरदगा जिले के रामपुर गांव का दीपनारायण सिंह 30 वर्ष के रूप में हुई। आरोपी युवक दीपनारायण सिंह का पहले भी अपराधिक इतिहास रहा है लोहरदगा थाना में आर्म्स एक्ट सहित कई मामले है दर्ज। एसपी ने बताया कि लोहरदगा थाना में हत्या की प्राथमिकी दर्ज करते हुए पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम मेडिकल बोर्ड द्वारा वीडियो रिकॉर्डिंग के साथ करायी थी। अनुसंधान के क्रम में युवती की पहचान उनके परिजनों के द्वारा की गयी। अभियुक्त के पास से एक एण्ड्राइड मोबाइल, एक सैमसंग कंपनी का की-बोर्ड मोबाइल, मृतिका का शैक्षणिक प्रमाण पत्र एवं अन्य कागजात, एक काला रंग का बैंग, अभियुक्त द्वारा प्रयुक्त पल्सर-200 मोटरसाइकिल नं-जएच08 एच 6278 बरामद किया गया है। छापामारी टीम में पुअनि पंकज कुमार शर्मा, प्रभार प्रभारी, लोहरदगा थाना, पुअनि अभिनव कुमार, थाना प्रभारी कुडू थाना, पुअनि सन्नी कुमार, थाना प्रभारी, किस्को थाना, पुअनि अर्पना कुमारी, लोहरदगा थाना, सअनि अरविंद कुमार शर्मा, लोहरदगा थाना, चालक आरक्षी-712 निर्मल कुमार सिंह शामिल थे। इस मौके पर एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे।

### डहरबाटी नाली निर्माण बना नेताओं के लिए चुनावी खुराक

# चुनाव के बाद डहरबाटी बुलाने से भी नहीं आते हैं नेता व अधिकारीगण



### 30 किलोमीटर दूरी पर स्थित डहरबाटी गांव हैं

**जिला मुख्यालय से लगभग 30 किलोमीटर दूरी पर स्थित डहरबाटी गांव हैं जहां से एक नदी गुजरती है जो डहरबाटी नाला के नाम से चर्चित है। मालूम हो कि डहरबाटी नाली का निर्माण कार्य कराये जाने को लेकर डहरबाटी गांव के अलावा कसियाडीह, नारी, नवाडीह, दुरहुल, हुटाप, तिसिया, सरना टोली, नाथपुर, नीनी, फटेया टोली, तिसिया डूमर टोली, अम्बा टोली, कांशीटाड़ सहित दर्जन भर से अधिक गांव के लोग लोहरदगा लोकसभा व विधान सभा से चुनाव जितने वाले सांसद एवं विधायक और जिले के आलाधिकारियों से बार-बार गुहार लगा चुके हैं बावजूद अभी तक डहरबाटी नाली का निर्माण कार्य चुनावी मुद्दा बनकर ही दम तोड़ दिया है। ज्ञात हो कि डहरबाटी नाली का निर्माण कार्य करा दिये जाने से लगभग 10 हजार एकड़ से भी अधिक भूमि में सरपट पानी दौड़ पड़ेगी। लोग खेती कार्य को बढ़ावा देकर अपनी आर्थिक स्थिति को सुधार सकते हैं।**

हुसैन अंसारी

**किस्को/लोहरदगा।** विकास के मायने में बदल रही है भारत की तस्वीर लेकिन झारखंड राज्य अंतर्गत लोहरदगा जिले के अति सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित डहरबाटी गांव में आजादी से पहले से निवास कर रहे 75 परिवार वालों एवं गांव का अभी तक नहीं बदली है तश्वीर व तकदीर। लोग नेताओं और अधिकारियों के आश्वासन के तले दबकर किसी तरह अपना जीविकोपार्जन चला रहे हैं। उल्लेखनीय है कि किस्को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पाखर के डहरबाटी गांव घनघोर जंगली क्षेत्र में बसा हुआ है। यहां पर आदिम जनजाति के 33 परिवार और मुंडा जाति के 38 परिवार रहते हैं जिन्हें आजादी के बाद से अभी तक सरकारी योजनाओं का लाभ व सुविधाएं नाम मात्र का मिला है। बात करें डहरबाटी गांव के विकास की तो गांव के लोगों को शुद्ध पेयजल मयस्सर नहीं है। सिर्फ इतना ही नहीं बल्कि गांव के लोगों को बाजार हाट और प्रखंड एवं जिला मुख्यालय आवागमन करने में पसीने छूट जाती है। यहां के लोगों को इस बदलते युग में भयमुक्त जीवन भी नसीब नहीं होता है। डहरबाटी गांव के मजलूम परिवार वालों की बखान सुनकर ऐसा प्रतीत होता है कि भगवान भरोसे ही गांव के लोग अपना जीवन यापन कर रहे हैं। बता दें कि डहरबाटी गांव के लोगों को आज भी मूलभूत सुविधाएं नहीं मिली है। लोग नदी से दूषित पानी पीने को मजबूर हैं। बात करें आवागमन की तो गांव वालों के लिए टूटी-फूटी एक कच्ची रास्ता है जिससे किसी तरह आवागमन कर दो जून की रोटी जुगाड़ कर भूख मिटाने का काम करते हैं। यहां के लोग बरसात के मौसम में आलम यह होता है कि लोगों को अपने घरों के अंदर कैद रहना मजबूरी बन जाता है। गांव के मजलूम परिवार बरसात के दिनों में जंगल से कंदमूल लाकर अपना भूख मिटाने का काम करते हैं। डहरबाटी गांव के मजलूम लोगों की जबानी लोहरदगा विधान सभा चुनाव हो या फिर लोकसभा चुनाव बस ऐसे समय में नेतागण और अधिकारी अपना चेहरा दिखाने आते हैं उसके बाद चुनाव खत्म होते ही नेताओं और अधिकारियों का चेहरा दिखाई नहीं देता है। सबसे बड़ी बात यह है कि गांव में स्वास्थ्य की कोई भी सुविधा नहीं है। यहां के लोग कभी बीमार पड़ जाते हैं तो इन्हें अस्पताल तक पहुंचने में कितने चुनौतियों से गुजरना पड़ता है। गांव वाले बताते हैं कि जिले में उपायुक्त रही एकमात्र आईएस अधिकारी आराधना पटनायक ही ऐसे अधिकारी थी जो डहरबाटी गांव का दौरा कर लोगों की समस्याओं को करीब से देखी थी। तब गांव वालों को लगा था कि अब हमारे गांव का विकास होगा। लेकिन पूर्व डीसी आराधना पटनायक का दौरा सिर्फ दौरा तक ही सीमित रह गया।

## महिलाओं के खिलाफ लोहरदगा में राष्ट्रीय जेंडर अभियान की शुरूआत हुई




**लोहरदगा।** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार की ओर से शुक्रवार को महिलाओं के खिलाफ हिंसा उन्मूलन अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय जेन्डर अभियान की शुरूआत मुख्य अतिथि मंत्री, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज गिरिराज सिंह के कर कमलों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से किया गया। इस अवसर पर महिला हिंसा के खिलाफ कार्य करने व जागरूकता प्रदान करने के लिए लोहरदगा जिले के कुडू प्रखंड के 3 आजीविका न्याय सलाह केंद्र (जस्टिस सेंटर) सहित देश के 160 ऐसे केन्द्रों का उद्घाटन किया गया। यह केंद्र जेएसएलपीएस से जुडी महिला संगठनो द्वारा संचालित किया जायेगा। केंद्र का प्रमुख उद्देश्य महिला हिंसा की रोकथाम करना, पीड़ित महिलाओं एंव लडकियों को सरकारी तंत्रों के सहयोग से न्याय दिलाना सहयोग दिलाना एवं समाज में महिला हिंसा एंव जेंडर आधारित भेदभाव के खिलाफ जागरूकता फैलाना है। इस अवसर पर कुडू प्रखंड में तीन जेंडर जस्टिस सेंटर, निर्मल धारा आजीविका न्याय सलाह केंद्र पंडरा, चुल्हापनी आजीविका न्याय सलाह केंद्र जिमा एवं कोयल झरना आजीविका न्याय सलाह केंद्र कुडू में उद्घाटन किया गया। यह राष्ट्रीय जेंडर अभियान का एक हिस्सा है। इस अभियान का समापन विश्व एकजुटता दिवस 20 दिसंबर को औपचारिक रूप से कर दिया जायेगा। यह अभियान प्रत्येक वर्ष चलाया जायेगा। इस अभियान को व्यापक रूप से सफल बनाने के लिए सरकार के जो अनेको विभागों की सहभागिता सुनिश्चित की जानी है जो महीने भर चलाये जाने वाले अभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रखंडो में किये जाने वाले गतिविधियों में सहयोग एंव अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। कुडू में आयोजित आज के कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी कुडू मनोरंजन कुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रकाश रंजन, उप निरीक्षक कुडू थाना जोस्फिना हेम्ब्रम, जिला प्रबंधक . सामाजिक विनोद होरो, जिला प्रबंधक मानव संसाधन रोहित कुमार, प्रखंड समन्वयक दीपक गुप्ता सहित सभी जेएसएलपीएस कुडू प्रखंड कर्मचारी उपस्थित थे।

# मनिका विधायक ने 35 योजनाओं का किया शिलान्यास

आजाद सिपाही संवाददाता




**महुआडांड़।** लोकप्रिय मनिका विधायक रामचन्द्र सिंह ने शुक्रवार को महुआडांड प्रखंड के विभिन्न ग्रामों का तुफानी दौरा कर अपने मद से लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से 35 योजनाओं का शिलान्यास किया। अपने तुफानी दौरे के क्रम में विधायक रामचंद्र सिंह ने महुआडांड़ प्रखंड के संत मिखाइल स्कूल में चबूतरा शेड निर्माण, सरनाडीह स्थित चर्च परिसर मे चबूतरा निर्माण, जामिया, गौसिया, मदीना तीनो मदरसा परिसर में सामुदायिक भवन निर्माण का शिलान्यास फीता काट एवं नारियल फोड़ कर किया, साथ ही संत मिखाइल स्कूल में विद्यालय के छात्रो ने विधायक का स्वागत गुलदस्ता देकर किया.वही महुआडांड़ के दुर्गा बाड़ी परिसर में स्टेज शेड निर्माण, सरनाडीह स्थित चर्च परिसर में चबूतरा निर्माण एवं अक्सी ग्राम के जामून पेड़ से कब्रिस्तान तक, लुरगुमी खुर्द कब्रिस्तान से पति तूरी के घर तक, गांव बराही से अलकसयुस पन्ना के घर तक, गांव अम्वाटोली में मजीद के घर से बिहारी जयसवाल के घर तक, महुआडांड़ बाजार स्थित आजाद मार्केट से समीम किराना दूकान तक एवं समीम किराना दूकान से डीपाटोली चौक तक व उमेश के घर तक और हबलू के घर तक पीसीसी पथ निर्माण समेत लगभग ढेड़ करोड़ की लागत से प्रखंड के विभिन्न गांव में कुल 35 योजनाओ का शिलान्यास किया। विधायक श्री सिंह ने कहां कि विधान सभा क्षेत्र में आने वाले समय में योजनाएं और भी आयेगीं, सड़क, भवन, नाली समेत जन विकास की योजनाओ को प्रथमिकता दिया जायेगा। मौके पर महुआडांड़ डीएसपी राजेश कुजूर, थाना प्रभारी अशुतोष यादव, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, प्रखंड उप प्रमुख अभय मिंज, मुखिया प्रमिला मिंज, उषा खलखो, कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधी मो. इफ्तेखार अहमद, रामनरेश ठाकुर, अजित पाल कुजुर, रानू खान, बसारत अली, तनवीर अहमद उर्फ रिंकु, नुरूल अंसारी, मुजाहिद (गुड्डू), शहीद खान, सोनी खान, नसीम अंसारी, सौदागर अंसारी, मो. शहीद, समेत कांग्रेस के अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## महिला हिंसा के विरुद्ध जागरूकता अभियान चला

**लोहरदगा।** कुडू मे सेंटर कैटलाइजिंग चेंज के कार्यकर्ताओं द्वारा महिला एवं बालिका हिंसा के विरुद्ध जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में किशोर किशोरियों द्वारा महिला हिंसा विरोधी संबंधित नारा लगाते हुए पूरे गांव का भ्रमण करते हुए वैसे जगह चिह्नित किया गया जहां पे इस तरह की हिंसा अक्सर होती हैं। कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि आज लोहरदगा जिले के बिभिन प्रखंडों में महिला एवं बालिका हिंसा के बिरुद्ध जागरूकता अभियान मनाया जा रहा है। इस दिवस को मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि जिन महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ हिंसा हो रही है।

## विद्यालय की दयनीय स्थिति पर उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराया



**लोहरदगा।** शहरी क्षेत्र के वार्ड नंबर 8 के राजकीय मध्य विद्यालय पावरगंज की दयनीय स्थिति को लेकर वार्ड पार्षद अविनाश कौर ने उपायुक्त महोदय को पत्र लिखते हुए दयनीय स्थिति से अवगत कराया है। पत्र में पार्षद ने कहा कि विद्यालय के कमरे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गये हैं और दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं, जिसके कारण तीन कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को एक ही कमरे में पढ़ाई करनी पड़ रही है। विद्यालय में पेयजल, रनिंग वाटर हैंड वॉश यूनिट, नये कमरे, दरवाजे, खिड़की, मेन गेट, बिजली की वायरिंग, पंखे, रंग रोगन और पहले तल्ले में रेलिंग की आवश्यकता है, क्योंकि विद्यालय अवधि के पश्चात छात्र छात्राएं सीधे मेन गेट से मुख्य सड़क पर ही निकलते हैं इससे भी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता है। पार्षद ने उपायुक्त महोदय को यह भी लिखा इस संदर्भ में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्वारा विभाग को पूर्व में ही अवगत कराया जा चुका है। पार्षद ने उपायुक्त महोदय से मांग की हैं कि शीघ्र ध्यान देते हुए इन कार्यो को कराने की कृपा की जाये ताकि बच्चों की शिक्षा में कोई बाधा न पहुंचे।

## एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**लोहरदगा।** जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के पत्रांक 1092 दिनांक 23.11.2022 के निदेश के आलोक में शुक्रवार को रामजीवन नायक प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, लोहरदगा की अध्यक्षता में ह्समावेशी शिक्षा अंतर्गत इनवायरोनमेंटल बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत प्रखंडाधीन सभी विद्यालयों के विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, अभिभावकों और चिह्नित दिव्यांग छात्र-छात्राओं के माता-पिता का एक दिवसीय उन्नमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बीआरसी, लोहरदगा में किया गया। इस कार्यशाला में तकनीकी सहायक धीरज पटेल द्वारा दिव्यांग बच्चों को विभाग द्वारा प्रदत्त सुविधाओं की जानकारी दी गई। बताया गया कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है रिसोर्स शिक्षिका शीलवंती मिंज ने भी सभी उपस्थित माता पिता, अभिभावकों को स्काउट भत्ता, दिव्यांग बच्चों के विशेष देखभाल आदि की जानकारी दी। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, लोहरदगा ने सभी को संवेदनशील होने की जानकारी दी। इन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चे विशेष बच्चे हैं जो हम सभी के अभिन्न अंग है। इन्हें भी सामान्य बच्चों की भांति सभी अधिकारी दिया गया है।

## मुआवजा भुगतान को लेकर शिविर का आयोजन



**महुआडांड़।** उपायुक्त के निदेर्शानुसार सड़क निर्माण में अधिग्रहित किए गए गैर विवादित भूमि के रैयतों को मुआवजा भुगतान हेतु शुक्रवार को चंपा पंचायत भवन में सुबह 11 बजे से 3 बजे तक विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मुआवजा भुगतान हेतु आवश्यक कागजात जमा लिया गया। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए एसडीएम नीत निखिल सुरीन ने बताया कि मेराम-अम्बोऑटोली-चंपा-छतीसगढ़ सीमा तक बने पथ निर्माण में अधिग्रहित किये गये भूमि के रैयतों को मुआवजा भुगतान हेतु खतियान,रसीद, आधार कार्ड, वोटर आई कार्ड, बैंक पासबुक, शपथ पत्र, वंशावली प्रमाण पत्र, रंगीन फोटो एवं नोटिस की मूल प्रति के साथ शिविर में उपस्थित होने को कहा गया था। शिविर में उपस्थित होकर कई रैयतों ने अपना कागजात जमा किया वही कई रैयतों ने सीएस टू आरएस नहीं होने के कारण कागजात जमा कर पाने की बात कही। इस मौके ओर सीओ अमरेन डांग, प्रभारी सीआई बासुदेव महतो, हल्का कर्मचारी अनिल होरो समेत कई रैयत मौजूद थे।

## बालूमाथ में दो दिवसीय आयुष मेला

**बालूमाथ।** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देश पर बालूमाथ सीएचसी परिसर मे दो दिवसीय आयुष मेला सह जांच शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमे विभिन्न रोगो का जांच के बाद अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा ईलाज किया जायेगा। उक्त जानकारी बालूमाथ सीएचसी के चिकित्सक डां सुरेश राम ने दिया है।

## उप प्रमख ने गरीबों के बीच बांटे कंबल

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के चमातु गांव में शुक्रवार को उप प्रमुख कामेश्वर राम के द्वारा गरीब व असहाय वृद्ध ग्रामीणो के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस सादे समारोह में उप प्रमुख ने पंचायत के विभिन्न गांवों के सैकड़ों गरीबों के बीच कंबल मुहैया कराया। इस संबंध में उप प्रमुख कामेश्वर राम ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। उन्होंने कहा कि पंचायत के वैसे असहाय व निर्धन परिवार के बीच कंबल का वितरण करते हैं। जिनके पास इस कंपकपाती ठंड में भी तन ढकने के लिए सही से कपड़े नहीं रहते हैं। उन्होंने बताया की इसके बाद भी वैसे गरीब असहाय लोगो के चिन्हित कर-के कंबल का वितरण करेंगे अभी ठंड गिरना बाकि है। किसी भी गरीब को ठण्ड से मारने नहीं दिया जायेगा। और जरूरत पड़ने पर और भी कंबल गरीबो के बीच बाटा जायेगा।

## गांजा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**कैरो/लोहरदगा।** पुलिस की एंटी नारकोटिक्स सेल टीम ने गांजा (मादक पदार्थ) के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके दुकान में ही अवैध गांजा के साथ नगजुआ निवासी छेदी अंसारी के पुत्र जसीम अंसारी को गिरफ्तार कर कांड संख्या 51/22 धारा 20 (बी) (11) (बी)/ 22 एनडीपीएस एक्ट नारकोटी के तहत मामला दर्ज कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। पकड़ा गया व्यक्ति के पास 45 ग्राम गांजा 24 पुड़िया में व 7 पीस चिलम बरामद किया। थाना प्रभारी संखनाथ उरांव ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार आरोपित को पकड़ा गया था, तलाशी के दौरान उसके पास से अवैध सामानों की बरामदगी हुआ। इस अभियान में एसडीपीओ बीएन सिंह, सीओ कमलेश उरांव, इंस्पेक्टर मंटू कुमार, थाना प्रभारी संखनाथ उरांव, एएसआई धर्मेंद्र कुमार सिंह, देवनाथ मरांडी के साथ थाना के दलबल मौजूद थे।

## जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण

**चंदवा।** चंदवा के प्रमुख मनीषा उड़ाओ और चंदवा पूर्वी के जिला परिषद सदस्य प्रतिमा देवी ने टुमारो पंचायत में जाकर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण करने का काम किया प्रमुख मनीषा ग्राम में बतलाया की पूरे चंदवा प्रखंड में हम लोग घूम घूम कर गरीब असहाय और बहुत ही जरूरतमंद व्यक्ति को घर घर जाकर हम लोग उपस्थित थे।

## मंत्री रामेश्वर उरांव के पहल पर लगा ट्रांसफार्मर



**भंडरा/लोहरदगा।** विगत दो सप्ताह पूर्व ब्लॉक परिषर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का ट्रांसफार्मर जल गया था जिसकी सूचना मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव को प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत के द्वारा दिया गया था। मंत्री जी के पहल पर ट्रांसफार्मर लगाया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष जुगल भगत के द्वारा फीता काट कर किया गया। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर अमित कुमार, शंकर भगत, स्वास्थ्य कर्मी कुलदीप भगत, प्रखंड कर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित हुए।

## बरवाडीह में वाहन चेकिंग अभियान चला

**बरवाडीह।** उच्चाधिकारियों के निर्देश पर बरवाडीह प्रखण्ड के छिपादोहर थाना क्षेत्र अंतर्गत केड पिकेट मे पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान दर्जनों दुपहिया तथा चार पहिया वाहन का जांच किया गया। एसआई कमलेश्वर राम ने बताया उच्च पदाधिकारियों तथा थाना प्रभारी अभिषेक कुमार के निर्देश पर केड पिकेट मे वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। ताकि क्राइम की संभावना ना रहे। साथ ही बताया एंटी क्राइम चेंकिंग के तहत वाहनों के जांच किया जा रहा है। वहीं थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया उच्च पदाधिकारियों के निर्देश पर प्रखण्ड क्षेत्र में एंटी क्राइम चेंकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें दो पहिया वाहन का कागजात, चार पहिया वाहनों का कागजात एवं उसके डिकी की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा समय-समय पर वाहन चेकिंग करने का निर्देश उच्य पदाधिकारियों के द्वारा प्राप्त हुआ है। इसी के आलोक में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही बताया दो पहिया वाहन चालकों का हेलमेट लगाकर चलने का निर्देश दिया गया।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 26 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com
09

## उपायुक्त ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय घाघरा का किया औचक निरीक्षण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** गुमला उपायुक्त सुशांत गौरव ने शुक्रवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय घाघरा का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालय भवन के अलावे पूरे परिसर का घूम-घूम कर निरीक्षण किया। साथ ही कनीय अभियंताओं को कई कार्यो के लिए एस्टीमेट बनाने का निर्देश दिया है। इस दौरान बच्चों को खेलने के लिए खेल के मैदान को बेहतर तरीके से बनाने का निर्देश दिया, खाना खाने की जगह को और बेहतर तरीके से विकसित करने की बात कही। इस दौरान रसोई व रसोई में काम आने वाली मशीन का एस्टीमेट बनाने का निर्देश कनीय अभियंताओं को दिया। सुरक्षा के दृष्टिकोण से गेट को मजबूती के साथ बनाने, पुरानी बिल्डिंग को मरम्मत करने, साथ ही बाउंड्री से सटी सभी झाड़ियों को काटकर हटाने का निर्देश दिया है। वहीं परिसर में उगी घास व झाड़ी को देखकर उपायुक्त ने जमकर फटकार विद्यालय के वार्डन व शिक्षिकाओं को लगायी और जल्द से जल्द पूरे परिसर में उगी झाड़ी को काटकर हटाने का निर्देश दिया है। इस दौरान शिक्षकों को फटकार लगाते हुए उपायुक्त ने कहा खुद का ख्याल जैसे रखते हैं, वैसे बच्चों का भी ख्याल रखें। विद्यालय में बच्चे आप लोगों की जिम्मेवारी पर रहते हैं। कनीय अभियंताओं को कहा टेंडर देने के बाद गुमला में सोना नहीं है उसका अवलोकन भी करना है और काम बेहतरीन तरीके से हो, किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## तीन दिवसीय बिरसा क्रीड़ा महोत्सव का समापन



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर विकास भारती बिशुनपुर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय बिरसा क्रीड़ा महोत्सव का समापन शुक्रवार को हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद समीर उरांव सहित अन्य अतिथियों ने बिरसा मुंडा के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समापन कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने कल्चरल प्रतियोगिता में भाग लिया। जहां मौर ठीन कोनो नखे मौर फुलक हार ले एवं झारखंड के लोक नृत्य का एक से बढ़कर एक छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा प्रस्तुति की गई। वहीं नुक्कड़ नाटक चित्रकला प्रदर्शनी एवं झारखंड के महापुरुषों को लेकर झांकी प्रदर्शित की गई। वहीं तीन दिवसीय प्रतियोगिता के मौके पर समीर उरांव ने कहा कि खेल केवल शारीरिक उन्नति का ही नहीं, बल्कि मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक उन्नति का भी मूल है। मौके पर संयुक्त सचिव विकास भारती महेंद्र भगत, अध्यक्ष अनिल उरांव, भिखारी भगत, मंडल अध्यक्ष केदार साहू, झारखंड प्रांत धर्म जागरण सह संयोजक लालू यादव, कुमकुम मैत्रा, राजा ज्योतिंद्र नाथ शाहदेव, बच्चन चौरसिया, संदीप सिंह सहित विभिन्न विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बच्चों के अभिभावक उपस्थित थे। प्रतियोगिता में भाग लिए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान लाने वाले प्रतिभागियों के बीच अतिथियों के द्वारा पुरस्कार स्वरूप मोमेंटो, स्कूल बैग, घड़ी आदि का वितरण किया गया। महोत्सव में जतरा टाना भगत विद्या मंदिर, कालेश्वर नाथ विद्या मंदिर, विकास चिल्ड्रन एकेडमी, ज्ञान निकेतन, आवासीय विद्यालय गुटवा, आवासीय बालिका विद्यालय तुसगांव, आवासीय विद्यालय महेशपुर, स्वामी विवेकानंद पब्लिक स्कूल, एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय, राजकीयकृत मध्य विद्यालय, कस्तूरबा गांधी विद्यालय, मॉडल विद्यालय आवासीय विद्यालय चपा टोली सहित 17 विद्यालय हुए शामिल।

## युवती पर युवक ने किया तेज हथियार से कई बार हमला, मां और बहन भी हुई जख्मी, युवती रेफर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले के रायडीह थाना अंतर्गत पतराटोली गांव निवासी रोशनी कुजूर पर एक युवक के द्वारा धान काटने वाली तेज हथियार हसुआ से शरीर के कई हिस्से पर वार किया गया, जिससे युवती बुरी तरह जख्मी होकर गिर पड़ी। वहीं बीच बचाव करने पहुंची युवती की मां दोमनिक कुजूर और उसकी बहन रोजीमाला कुजूर भी युवक के हमले में जख्मी हो गयी। घटना शुक्रवार दोपहर का है। हमला करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। वहीं गंभीर स्थिति में युवती को लेकर घायल अवस्था में उसकी मां और बहन रायडीह अस्पताल पहुंचे जहां से प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने युवती की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर किया। युवती की मां ने बताया कि आरोपी युवक पिबो गांव का रहने वाला है और उसका नाम जॉनसन खेस है। घटना की सूचना पर पुलिस की टीम अस्पताल पहुंची और मामले की जानकारी ली। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत होता है लेकिन फिलहाल कुछ नहीं कहा जा सकता। तेज हथियार से आरोपी के द्वारा युवती के सिर, हाथ सहित शरीर के कई हिस्से में वार किया गया है। वहीं बीच-बचाव में पहुंची मां और बहन भी जख्मी हुई हैं। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

**कार्यक्रम :** उपायुक्त ने गुमला कारागृह का निरीक्षण कर सभी सुविधा मुहैया कराने के दिये निर्देश

# सभी कैदियों को उनके आने वाले भविष्य में बेहतर इंसान बनने के लिए किया प्रेरित

**उपायुक्त ने महिलाओं के सीखने के जज्बे की सराहना की एवं उन्हें विभिन्न प्रकार के कौशल विकास का प्रशिक्षण देने को कहा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव ने शुक्रवार को गुमला कारागृह का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कारागृह की सभी जरूरतों को देखते हुए उचित निर्माण कार्य तथा अन्य आवश्यकताओं को मुहैया करवाने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कारा अंतर्गत कैदियों से भी मुलाकात की, इस दौरान उन्होंने कैदियों को ग्रुप बनाते हुए देश के महापुरुषों की जीवनी पर आधारित किताबों को पढ़ने हेतु प्रेरित किया। उपायुक्त ने कहा कि सभी कैदी आपस में ग्रुप बना कर उन किताबो पर चर्चा करेंगे एवं तिथि निर्धारित करते हुए उन किताबों के ऊपर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाए। जिन कैदियों द्वारा बेहतरीन भाषण दिया जाएगा उन्हे उपायुक्त के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। उपायुक्त ने सभी कैदियों को उनके आने वाले भविष्य में बेहतर इंसान बनने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने सभी को खाली समय का सदुपयोग करते हुए अपना कौशल विकास करने को कहा। उन्होंने गार्डेनिंग करने, किताबें पढ़ने आदि की सलाह दी। उपायुक्त ने कहा कि कैदी जब जेल से बाहर जाएं तो अच्छे इंसान बनकर निकलें इसके लिए जिला प्रशासन लगातार कौशल विकास एवं अन्य प्रशिक्षण कार्यक्रम कारा गृह के अंदर आयोजन करती रहता है। कारा गृह के अंदर बनाये जाने वाले पेपर कवर, फाइल, एन्बोलॉप को अब जिला प्रशासन के सभी कार्यालयों के लिए खरीदा जाएगा।

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने महिला कारागृह का भी दौरा किया, जहां आरसेटी द्वारा महिलाओं को 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत पेपर कवर, फाइल, एनवोलॉप बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा था। उपायुक्त ने कारागृह के सभी महिलाओं से मुलाकात की साथ ही उनके द्वारा बनाए जा रहे पेपर फोल्डर/फाइल/ एनवोलप आदि की बेहतरीन क्वालिटी को देखते हुए जिला के सभी कार्यालयों के लिए उचित मोल में खरीदने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने महिलाओं के सीखने के जज्बे की सराहना की एवं उन्हें और भी विभिन्न प्रकार के कौशल विकास का प्रशिक्षण देने को कहा। साथ ही कारा गृह में योग की भी क्लासेज करवाने की बात कही।

उपायुक्त ने कारागृह परिसर अंतर्गत सभी भवनों, कमरों, क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

निमार्णाधीन भवनों की गुणवत्ता की जांच की। खराब गुणवत्ता के बालू को देखते हुए उपायुक्त ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए निर्माण कार्यों को अच्छे गुणवत्ता से बनाने का निर्देश दिया। पुराने भवनों की मरम्मती करवाने, साफ सफाई करवाने, नाली बनवाने, किचन को सुंदर तथा स्वच्छ बनाए रखने आदि हेतु आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने जल निकासी वाले पाइपलाइन की जांच करवाते हुए आवश्यक मरम्मती करने, भवनों के रंग रोगन करने, 12 हजार लीटर वाले पानी की टंकी बनवाने, लाइटिंग अरेस्ट का नियमित जांच करते हुए आवश्यक मरम्मती कराने, हाथ धोने के स्थान बनाने आदि जैसे महत्वपूर्ण निर्माण तथा मरम्मती कार्य करने का निर्देश दिया।

उपायुक्त ने सभी कैदियों की जरूरतों को देखते हुए बाल्टी तथा सभी कैदियों के लिए बड़े थैले का वितरण करने का निर्देश दिया। साथ ही अन्य स्टेशनरी वस्तुओं की आवश्यकताओं को देखते हुए उसकी सूची बना कर प्रस्ताव की मांग की।

उपायुक्त ने कहा कि कारागृह में सकारात्मक माहौल रहे, कैदियों के मानसिकता में सकारात्मक बदलाव आए इसके लिए जेल की व्यवस्था में बदलाव लाना आवश्यक है।

## संकट मोचन दवाखाना व लाइफ मेडिकल हॉल को प्रशासन ने किया सील

**उपायुक्त के निर्देश पर पालकोट बीडीओ ने की कार्रवाई**

आजाद सिपाही संवाददाता






**पालकोट।** प्रखंड विकास पदाधिकारी रश्मि खुशबू मिंज के द्वारा डीसी सुंशात गौरव के आदेशानुसार पालकोट के दो मेडिकल सेंटर संकट मोचन दवा खाना व लाईफ मेडिकल हॉल को प्रशासन के द्वारा सील कर दिया गया।

जानकारी देते हुए बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज ने बताया कि जिला के वरीय पदाधिकारियों के द्वारा आदेश मिला था कि पालकोट प्रखंड के दो दवाखाना में दवा दुकान की आड़ में अवैध तरीके से मरीजों का इलाज किया जाता है। इस संदर्भ में दोनों दवा दुकानों को प्रशासन के द्वारा सील कर दिया गया। इसके अलावा दोनों मेडिकल दुकानों में किसी प्रकार का लाईसेंस नहीं है।

सील करने की कार्रवाई में सीआई मो. युसुफ, बिरसा बड़ाईक, थाना से एसआई सुभाषचंद्र गगराई, एसआई निरंजन कुमार सिंह व प्रखंड सह अंचल के साथ पालकोट थाना के जवान शामिल थे।

## जारी प्रखंड कांग्रेस ने की भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत

**यह पदयात्रा प्रत्येक पंचायत के बूथ स्तर तक पहुंचेगी : रघुनंद प्रसाद**



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेश टोप्पो की अगुवाई में अलबर्ट एक्का स्मारक स्थल जारी से भारत जोड़ो पद यात्रा का शुभारंभ किया गया। जहां सर्वप्रथम अलबर्ट एक्का की प्रतिमा पर मुख्य रूप से उपस्थित जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अलबर्ट तिग्गा, चैनपुर प्रखंड पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष रघुनंद प्रसाद और जारी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेश टोप्पो ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए यात्रा का शुभारंभ किया। बाद में पदयात्रा सभा में तब्दील हुई। मौके पर अलबर्ट तिग्गा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार देश की एकता और अखंडता से खिलवाड़ कर रही है। यहां के वर्षों पुराने भाईचारे को तोड़ने में लगी है। इसी को लेकर हमारे नेता राहुल गांधी ने देश जोड़ो पदयात्रा शुरू की है, इसे हम सबको मिलकर सफल बनाना है। रघुनंद प्रसाद ने कहा कि यह पदयात्रा प्रत्येक पंचायत के बूथ स्तर तक पहुंचेगी। केंद्र की सरकार महंगाई बढ़ा रखी है, जिससे आम लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इस मौके पर महिला कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष पुष्पा लकड़ा, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष राजेश टोप्पो, युवा कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मिल्कियुस बड़ा, हरिहर सिंह, सहजेब खान सहित सैकड़ों लोग पदयात्रा में शामिल थे।

## साइकिल से गिरकर किशोर की मौत

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पोटरो गांव निवासी रामसेवक साहु का पुत्र शिवम साहू (14) की खेत से धान लाने के क्रम में साईकिल से गिर कर शुक्रवार को मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शिवम रा उत्क्रमित उच्च विद्यालय प्रखंड मुख्यालय सिसई का 7वीं कक्षा का छात्र था। घर में काम होने के कारण वह शुक्रवार को स्कूल नहीं गया था और वह साइकिल से अपने खेत का धान ढुलाई कर रहा था। इसी दौरान अपने खलिहान से कुछ दूरी पर अनियंत्रित होकर साइकिल से गिर कर बेहोश हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से परिजन उसे इलाज के लिए रेफरल अस्पताल लाये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के शरीर में कहीं भी चोट के निशान नहीं हैं।

## सिसई में ग्रामीण ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के शिवनाथपुर करम टोली गांव निवासी मंगलेश्वर उरांव (45) ने शुक्रवार को अपने घर में साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस घटना स्थल के लिए निकल चुकी थी। प्राप्त जानकारी की अनुसार परिवार के अन्य सदस्य धान कटनी व पशु चराने खेत में गए थे। शाम करीब साढ़े चार बजे मृतक की छोटी बेटी पशु लेकर घर आयी तो उसने अपने पिता को फांसी से झूलते देखा और इसकी जानकारी आस-पड़ोस के लोगों को दी। ग्रामीणों पहुंते तब तक उसकी मौत हो गई थी। मंगलेश्वर पिछले कई दिनों से शराब के नशे में धुत रहता था।

**कार्यक्रम :** विकास भारती बिशुनपुर में जलवायु अनुरूप कृषि पर राष्ट्रीय नवाचार का जोनल स्तरीय समीक्षा कार्यशाला का आयोजन

# कृषि विज्ञान केन्द्र की प्रकाशित पुस्तक एवं प्रसार पत्रिका का किया गया विमोचन

**कार्यशाला में बिहार के 11 एवं झारखंड के 03 कृषि विज्ञान केन्द्रों के वरीय वैज्ञानिक हुए शामिल**

आजाद सिपाही संवाददाता




**बिशुनपुर।** शुक्रवार को कृषि विज्ञान केन्द्र गुमला विकास भारती बिशुनपुर में होने वाले दो दिवसीय जलवायु अनुरूप कृषि पर राष्ट्रीय नवाचार (निकरा) का जोनल स्तरीय समीक्षा कार्यशाला का आयोजन कृषि विज्ञान केंद्र गुमला विकास भारती बिशुनपुर एवं आईसीएआर-अटारी, जोन-4, पटना के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेंट्रल रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर ड्रायलैंड एग्रीकल्चर (क्रीड़ा), हैदराबाद के निदेशक डॉक्टर वी.के. सिंह, विशिष्ट अतिथि निदेशक अटारी जोन-4, पटना के निदेशक डॉ अंजनी कुमार सिंह, केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के प्रसार निदेशक डॉ. एम.एस. कुंडू, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची के प्रसार निदेशक डॉ जे. उरांव, कार्यक्रम लीडर, टी.डी सी-निकला, हैदराबाद, डॉ. जे.वी.एन.एस प्रसाद, डॉ अमरेंद्र कुमार प्रिंसिपल साइंटिस्ट, अटारी जोन-4, पटना के साथ-साथ बिहार के 11 एवं झारखण्ड के 03 कृषि विज्ञान केन्द्रों के कुल 14, वरीय वैज्ञानिक एवं विषय वस्तु विशेषज्ञ उपस्थित हुए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का स्वागत कृषि विज्ञान केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान ने पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र दे कर किया। कार्यक्रम का विधवत उद्घाटन मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि एवं पद्मश्री डॉ अशोक भगत के द्वारा दीप प्रज्वलित एवं आई.सी.ए.आर. के कुलगीत के द्वारा किया गया। तत्पश्चात कृषि विज्ञान केन्द्र के द्वारा प्रकाशित पुस्तक (परंपरागत औषधीय वाटिका, औषधीय एवं सुगंधीय पौधों की खेती) एवं प्रसार पत्रिका (खेती-बारी एवं आम बगीचा का प्रबंधन) विमोचन किया गया। उद्घाटन सत्र के समापन में धन्यवाद ज्ञापन प्रधान वैज्ञानिक डॉ अमरेंद्र कुमार अटारी जोन-4 पटना, के द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ बी.के. सिंह के द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र के कार्यों को सराहा गया साथ ही साथ यह भी कहा गया कि जब हमें निकरा प्रोजेक्ट के लिए झारखंड में चुनाव का समय आया तो सबसे पहले मेरी प्राथमिकता कृषि विज्ञान केंद्र गुमला का रहा और इसमें पूरा योगदान निदेशक अटारी जोन-4, पटना के निदेशक डॉक्टर एके सिंह का चुनाव करना हुआ। मेरा पहला चॉइस कृषि विज्ञान केंद्र गुमला रहा।

कार्यक्रम के अध्यक्षीय संबोधन में पद्मश्री डॉक्टर अशोक भगत के द्वारा सेंट्रल रिसर्च इंस्टीट्यूट फॉर ड्रायलैंड एग्रीकल्चर (क्रीडा), हैदराबाद के निदेशक डॉक्टर वी.के. सिंह, विशिष्ट अतिथि निदेशक अटारी जोन-4, पटना के निदेशक डॉ अंजनी कुमार सिंह ने कहा इतने बड़ा कार्यक्रम को संस्थान में कराने का मौका दिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### प्रखंड कार्यालय परिसर में रोजगार मेले में 65 युवक-युवतियों ने दिया आवेदन



**डुमरी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय डुमरी के प्रखंड परिसर में शुक्रवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अंचलाअधिकारी शिवपूजन तिवारी उपस्थित रहे। रोजगार मेले में 65 युवक-युवतियों ने रोजगार के लिए आवेदन दिया। कार्यक्रम में रोजगार से जोड़ने की योजना के बारे में विस्तार पूर्वक बतलाया गया। श्रम नियोजन विभाग कौशल विकास के द्वारा आयोजित इस मेले में 18 से 35 वर्ष आयु के 65 लोगों ने आवेदन भरा। योजना के अंतर्गत सबसे पहले लोगों को प्रशिक्षण दिया जाना है। उसके बाद इन्हें रोजगार से जोड़ने की योजना है। इसमें निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाना है। लंबे समय के बाद इलाके में हो रहे इस मेले से लोगों में काफी उत्साह नजर आया। उक्त जानकारी संस्थान के दीपक कुमार रजक ने दी। मौके पर पंचायत के मुखिया, सहिया सहित काफी लोग शामिल हुए।

### भरनो में न्यू हॉलैंड एग्रीकल्चर ट्रैक्टर शोरूम व सर्विस सेंटर का उद्घाटन



**भरनो (आजाद सिपाही)।** एनएच 23 रांची-गुमला मुख्य मार्ग पर भरनो के बोडोमोड़ के समीप शुक्रवार को सोनी इंटरप्राइजेज के द्वारा न्यू हॉलैंड एग्रीकल्चर ट्रैक्टर शोरूम व सर्विस सेंटर का अतिथियों के द्वारा विधिवत उद्घाटन किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित प्रखंड प्रमुख पारसनाथ उरांव, दक्षिणी भरनो पंचायत के मुखिया शांति उरांव, सोनी इंटरप्राइजेज के भोला महतो, सुरेश मुंडा, पहान दिनेश उरांव के द्वारा संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर और विधिवत फीता काटकर शोरूम व सर्विस सेंटर का उद्घाटन किया गया। मौके पर सोनी इंटरप्राइजेज के संचालक भोला महतो ने कहा कि न्यू हॉलैंड एग्रीकल्चर ट्रैक्टर ज्यादा माइलेज के साथ शून्य मेंटेनेंस में है, साथ ही छह साल का इसका इंजन की गारंटी भी है। उन्होंने बताया कि सरकारी बैंकों द्वारा तथा प्राइवेट फाइनेंस के द्वारा आसानी से ट्रैक्टर को किसानों द्वारा खरीदा जा सकता है। ये सुविधा आसानी से यहां उपलब्ध है। वहीं इंटरप्राइजेज की तरफ से अतिथियों को शॉल ओढ़ाकर और डायरी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से रणधीर कुमार, सुरेश मुंडा, मनमोहन सिंह, नीरज महली, त्रिभुवन कुमार पांडे, रामप्रसाद बड़ाईक, सुदामा केशरी, गोविंद लोहरा, जयराम उरांव, दिनेश उरांव, पीके सिंह, सुनील लोहरा, संजय उरांव, भरत महतो, ललकू उरांव, रामा उरांव समेत काफी संख्या में प्रखंड के विभिन्न गांवों के किसान उपस्थित थे।

### पुलिस ने नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रेम प्रसंग में नाबालिग लड़की को भगा ले जाने के आरोपी जारी थाना क्षेत्र के सिकरी गांव निवासी अवधेश लोहरा (23) को उसके घर से गिरफ्तार कर सिसई पुलिस ने शुक्रवार को जेल भेज दिया। इस बाबत थानेदार आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि बीते 21 नवंबर को नगर मेरेंगबीरा गांव निवासी एक नाबालिग लड़की के पिता ने उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर कर कहीं भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए अवधेश लोहरा के विरुद्ध केस दर्ज कराया था, और अपनी पुत्री को खोजने की गुहार लगायी थी। कांड अंकित कर आरोपी व नाबालिग लड़की की खोजबीन की जा रही थी। गुरुवार को गुप्त सूचना के आधार पर अवधेश लोहरा को उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उसके घर से नाबालिग लड़की को भी बरामद कर लिया गया। पूछताछ के बाद आरोपी को शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। वहीं नाबालिग लड़की को 164 का बयान दर्ज कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

### पीएलएफआइ का नौ साल से फरार लाल वारंटी अपराधी गिरफ्तार

**सिसई (आजाद सिपाही)।** पीएलएफआई के नौ साल से फरार लाल वारंटी अपराधी रेड़वा कुचईटोली निवासी छेदी उर्फ छेदू उर्फ लम्बू (30) पिता सोमरा उरांव को उसके घर से गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। इस बावत थानेदार आदित्य कुमार चौधरी ने बताया कि छेदू 2013 में पीएलएफआई का सक्रिय सदस्य था। उसके विरुद्ध सिसई थाना में जनवरी 2013 में रंगदारी, लेवी व आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज है। कांड अंकित होने के बाद से वह फरार चल रहा था। गुरुवार की रात को गुप्त सूचना मिली थी कि छेदू अपने घर आया हुआ है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गुरुवार रात को टीम गठित कर छापेमारी की गयी और छेदू को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। उसे शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि छेदू के ऊपर घाघरा थाना में 2013 में अपहरण, हत्या व आर्म एक्ट, सीएलए व 2014 में लूट के मामले में केस दर्ज है। इसके अलावा अन्य आपराधिक मामलों में उसकी संलिप्तता की जांच की जा रही है।

### सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज ने महिला हिंसा के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया




**बसिया (आजाद सिपाही)।** सेंटर फॉर कैटलाइजिंग चेंज के कार्यकर्ताओं द्वारा महिला एवं बालिका हिंसा के विरुद्ध जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में किशोर किशोरियों ने महिला हिंसा विरोधी नारा लगाते हुए रैली निकालकर कस्तूरबा विद्यालय से बसिया धर्मशाला, देवी गुड़ी चौक होते हुए पुनः कस्तूरबा विद्यालय पहुंचे। कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए सेंटर फॉर कैटालाइजिंग चेंज के कार्यक्रम पदाधिकारी दीपक कुमार ने बताया कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य यह है कि जिन महिलाओं एवं बालिकाओं के साथ हिंसा हो रही है उनमें जागरूकता आये। जब भी उनके साथ किसी भी तरह की हिंसा हो तो वे उसका विरोध करें। यह कार्यक्रम 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक विभिन्न स्थानों एवं संस्थाओं में चलाया जायेगा। कार्यक्रम को प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में भी विद्यार्थियों के बीच महिला हिंसा विरोधी संबंधित वीडियो क्लिप दिखाकर जागरूक किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता, एसआइ प्रदीप रजक, प्रकाश सारंगी, प्रमुख, सुपरवाजर डेजी कुजूर, मनीषा श्रीवास्तव, अमित कुमार, प्रवीण मिश्रा, सभी विद्यालय के शिक्षक, मुखिया, सेविका, स्वास्थ्य कर्मी सहित लगभग 600 किशोर किशोरियां एवं महिलाओं ने अहम भूमिका निभायी।

## उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने अपने कार्यालय कक्ष में शुक्रवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं डीसी के समक्ष रखी। उपायुक्त ने लोगों की फरियाद सुनते हुए उनके सभी शिकायतों संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को जल्द से जल्द जांच कर निवारण का निर्देश दिया। जनता दरबार में पाटन के जोड़ा खुर्द से आये संदीप कुमार ने डीसी को बताया कि मैं हाथ से दिव्यांग हूं और मेरी आर्थिक स्थिति इतनी नहीं है कि मैं अपना इलाज करा सकूं अतः उन्होंने डीसी से इलाज हेतु आर्थिक मदद करने की बात कही इस पर उपायुक्त ने ऑन स्पॉट रेड क्रॉस के सचिव डां सत्यजीत गुप्ता को अपने कार्यालय में बुलाकर संदीप कुमार को 20 हजार रुपये की मदद करने के लिए निर्देशित किया। इसी तरह चैनपुर के हरिनामाड़ से आये सुनील राम को भी अपना इलाज के लिए वेल्लोर जाना था लेकिन पैसे नहीं रहने के कारण वह वेल्लोर जाने में असमर्थ थे उपायुक्त ने रेड क्रॉस के माध्यम से सुनील राम को भी पचास हजार रुपये देने की बात कही। पांडू के महूगांवा के रहने वाले बजरंगी गुप्ता ने अपना दिव्यांगता पेंशन स्वीकृति को लेकर आवेदन दिया कहा कि कई बार प्रयास करने के बावजूद आजतक पेंशन निर्गत नहीं हो पाया है मामला संज्ञान में आते ही उपायुक्त ने सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक को पेंशन स्वीकृति लेकर निर्देशित किया जिसके पश्चात ऑन स्पॉट लाभुक का पेंशन स्वीकृत कर दिया गया। इसके अलावे विभिन्न प्रखंडों से जुड़े कुल 5 मामले आये जिसमे वृद्धा पेंशन एवं विधवा पेंशन शामिल थे।उपायुक्त ने सभी पेंशन संबंधित आवेदन को संबंधित बीडीओ को अग्रसारित करते हुए 15 दिनों के भीतर स्वीकृत करने का निर्देश दिया।आज के जनता दरबार में मुख्य रूप से जमीन संबंधी,वृद्धा पेंशन,विकलांग पेंशन,प्रधानमंत्री आवास व म्यूटेशन से जुड़े आवेदन आये जिसे उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर 15 दिनों के भीतर निष्पादित करने का निर्देश दिया।

## नाबालिक लड़की के साथ किया दुष्कर्म,बनायी अश्लील वीडियो

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** एक नाबालिग लड़की को उसके घर तक पहुंचाने के क्रम में उसके साथ जबरन दुष्कर्म कर उसकी अश्लील वीडियो बना कर पांच माह तक शारीरिक संबंध बनाने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में महुदंड ओपी क्षेत्र के चोरपहरा गांव निवासी एवं पीड़िता के पिता विजय परहिया ने गांव के ही एक युवक सनोज पासवान के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है की मेरी पुत्री कस्तूरबा गांधी स्कूल जपला में वर्ग आठ की छात्रा है, बीते11जुलाई को कन्या मध्य विद्यालय से परीक्षा देकर घर लौटने के लिए गांव तक चलने वाली वाहन का इंतेजार कर रही थी, इसी क्रम में सनोज पासवान वहां बाइक से पहुंचकर कहने लगा की घर चलना है तो चलो हम गांव जा रहे है,वह उसे अपने बाइक पर बैठा लिया और रास्ते मे उसे उतार कर उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया और मेरी लड़की की अश्लील वीडियो बना लिया और उसे धमकी दिया कि इस बात की जानकारी घर पर दी तो तुम्हारे सभी घर वालों को जान से मार देंगे। और वह मेरी लड़की को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसके साथ चार माह तक शारीरिक संबंध स्थापित करता रहा। जब मेरी बेटी ने इंकार किया तो उसने वीडियो और फोटो वायरल कर दिया, वे लोग गांव के दबंग होने के कारण मेरा पूरा परिवार दहशत में है।

## श्राद्ध में पौधरोपण से प्रकृति एवं पितरों के साथ देवता भी होते हैं प्रसन्न : कौशल



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु एवं वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने छतरपुर अनुमंडल के सबसे अधिक सुदूरवर्ती हुलसम पंचायत के तारू दाग बाघमनवा निवासी विलास यादव की मौत चेन्नई में एक दुर्घटना में हो गयी थी। उनके श्राद्ध कर्म में शामिल होकर मृतक के नाम पर थाईलैंड प्रजाति के बारहमासी आम का पौधरोपण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। श्राद्धकर्म में शामिल लोगों को पर्यावरण धर्म के प्रार्थना के साथ पौधरोपण किया। उन्होंने उक्त मौके पर उपस्थित लोगों को पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों की शपथ भी दिलाई। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा है कि लोगों को माता-पिता की सेवा से यदि मुक्ति मिल जाती हैं तो दुनियां के हरेक पुत्रों को पर्यावरण धर्मगुरु कौशल के द्वारा चलाए गए पर्यावरण धर्म के आठ मूल ज्ञान मंत्रों के तहत उनके नाम पर पौधा लगाकर उसकी सेवा करना चाहिए। क्योंकि उससे मृतक की आत्मा को शांति मिलती है। वन राखी मूवमेंट के प्रणेता कौशल ने कहा कि हमारी हिन्दू संस्कृति में पौधों को देव तुल्य मानकर उसे पूजा करने का विधान है। क्योंकि एक वृक्ष से समस्त धरती और ब्रह्मांड पर रहने वाले जीवो को 10 तरह का लाभ मिलता है। जिसका उपभोग लोग सदियों से करते आ रहे हैं। जिसका प्रमाण हमारे धर्म ग्रंथों में उल्लेख है। श्राद्ध में स्वर्गीय विलास यादव के पुत्र अंकेश यादव,राकेश यादव, अखिलेश यादव, मुखदेव यादव, विष्णु देव यादव,सुभाष गुप्ता,अरुण पाठक, जुबेर अंसारी,जयराम सिंह, हरेंद्र सिंह, रामचंद्र सिंह,कैलाश भुइया उपस्थित थे।

# शहीदों को गुमनामी से निकालें बाहर लेकर आयें सामनेः अन्नपूर्णा देवी

### तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का समापन समारोह आज, उपायुक्त होंगे मुख्य अतिथि



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** आजादी के अमृत महोत्सव, एक भारत श्रेष्ठ भारत एवं संविधान दिवस के मौके पर आयोजित इस तरह की चित्र प्रदर्शनी से पलामू के स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में काफी कुछ जानकारी मिल रही है। प्रदर्शनी में संविधान निर्माण में पलामू की भूमिका पर भी काफी विस्तृत जानकारी दी गई है। यह चित्र प्रदर्शनी तभी सफल होगी जब इससे प्रेरणा लेकर यहां मौजूद बच्चे अपने आसपास से जानकारी जुटाकर आजादी के गुमनाम शहीदों को ढूंढ निकलें एवं उन्हें उचित मंच तक पहुंचायें। आजादी के गुमनाम शहीदों को सच्ची श्रद्धांजलि तभी दी जाकती है, जब उन्हें गुमनामी से बाहर लाकर उनके योगदान के बारे में लोगों को बताया जाये। यह एक शानदार आयोजन है, ऐसे आयोजन और भी होने चाहिए। उक्त बातें केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन करने के दौरान शुक्रवार को कहीं। इससे पहले केंद्रीय मंत्री का क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी श्री गौरव कुमार पुष्कर ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इसके बाद मंत्री महोदया ने सेल्फी विथ पीएम एवं सेल्फी बूथ में फोटो भी खिंचाई। इसके उपरांत मंत्री महोदया के साथ डालटनगंज के विधायक आलोक चौरसिया, पांकी के विधायक डा. शशिभूषण मेहता, मेदिनीनगर नगर निगम की महापौर अरुण शंकर ने संयुक्त रूप से प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं दीप प्रज्जवलित कर दूसरे दिन के समारोह का उद्घाटन किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि आजादी के गुमनाम नायकों के बारे में जानकारी इकट्ठा करने के लिये शिक्षा मंत्रालय के द्वारा भी पहल की जा रही है। विभिन्न स्पर्द्धाओं के माध्यम से बच्चों को उनके बारे में जानकारी दी जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में बताते हुए मंत्री महोदया ने कहा कि इससे शिक्षा की पुरानी व्यवस्था में बदलाव आ रहा है। छात्रों को रुचि के अनुसार से पढ़ाई की सहूलियत हो गई है। पीएम नरेंद्र मोदी के द्वारा युवाओं के लिए शुरू की गई व्यावसायिक शिक्षा से पढ़ाई के साथ-साथ कमाई का भी मौका मिल रहा है। इस दौरान मुख्य रूप से डालटनगंज के विधायक श्री आलोक कुमार चौरसिया, पांकी के विधायक डा. शशिभूषण मेहता, मेदिनीनगर नगर निगम की महापौर श्रीमती अरुणा शंकर उपस्थित रहीं। प्रदर्शनी के दूसरे दिन गांधी स्मृति टाउन हॉल में गिरिवर प्लस टू स्कूल के बच्चों बीच भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता प्रतिभागियों को केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री के हाथों पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर गिरिवर प्लस टू स्कूल के प्रचार्य नीरज कुमार द्विवेदी, क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार, तकनीकी सहायक अंजनी कुमार मिश्रा, गिरिवर प्लस टू उच्च विद्यालय के शिक्षक, सर्वश्री शाहिद अख्तर, राकेश यादव, ब्रह्मदेव यादव, अनूप राकेश खलखो, नवीन पांडेय, शशिकांत, नरेश सिंह, जितेंद्र मेहता,रामजन्म पाल, सतीश कुमार, विवेकानंद, सचिन, राजेंद्र प्रसाद, अशोक सिंह, शिवजी प्रसाद , आकांक्षा कुमारी, स्मृति कुमारी,हेमलिन कांत, रख्शॉ रमीजा, प्रीति कुमारी मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### प्रभात मिश्र 'सुमन' को एफपीओ ने किया सम्मानित

संविधान निर्माण में पलामू की भूमिका पर जानकारी इकट्ठा करने वाले वरीय शिक्षाविद् एवं वरिष्ठ पत्रकार प्रभात मिश्र सुमन को सीबीसी, डालटनगंज के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव कुमार पुष्कर ने अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस दौरान श्री मिश्र ने उपस्थित लोगों को पलामू के इतिहास एवं स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में भी जानकारी दी।

### तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का समापन समारोह आज

तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का समापन समारोह शनिवार को दोपहर 12 से आयोजित किया जायेगा। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पलामू जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु डोड्डे होंगे एवं गणमान्य अतिथि के तौर पर वरीय शिक्षा विद् प्रभात सुमन मिश्रा एवं अन्य लोग मौजूद रहेंगे।

## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल वार्षिक प्रदर्शनी सह माता सबरी सुशीला मेहता मेधावी पुरस्कार समारोह



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल न्यू टाउनशीप, शाहपुर, मेदिनीनगर में वार्षिक प्रदर्शनी सह माता सबरी सुशीला मेहता मेधावी पुरस्कार समारोह का आयोजन हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य शिक्षा मंत्री अन्नपूर्णा देवी, ऑक्सफोर्ड विद्यालय के निदेशक सह पांकी विधायक डां एसबीपी मेहता एवं विशिष्ट अतिथि पलामू सांसद वीडी राम, विधायक आलोक चौरसिया, पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव एवं पाटन विधी पुष्पा देवी का स्वागत किया गया। फिर कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि अन्नपूर्णा देवी, स्कूल के चेयरमैन डा. एसबीपी मेहता, प्राचार्य डा. एके सिंह एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा फीता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। छात्र-छात्राओं के द्वारा विभिन्न विषयों से संबंधित कई प्रकार के मनमोहक मॉडल (परियोजना) इत्यादि के प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया गया। उद्बोधन विद्यालय की अकादमिक निदेशक डा. सिम्मी मेहता के द्वारा दिया गया। इसके बाद प्राचार्य डां एके सिंह ने विगत सत्र में बच्चों के द्वारा प्राप्त उल्लेखनीय सफलता को विस्तारपूर्वक वर्णित किया। विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के विषय में भी उन्होंनें बताया। वार्षिक प्रदर्शनी के लिए बच्चों के द्वारा लगभग 856 मॉडल बनाये गये। बच्चों के द्वारा बनाये गए मॉडलों एवं मेधावी पुरस्कार प्राप्त छात्रों की सफलता पर उन्होनें हार्दिक शुभकामनाएं दी। स्कूल गुणात्मक शिक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित है। माता सबरी सुशीला मेहता मेधावी पुरस्कार मुख्य अतिथि, चेयरमैन, महापौर,प्राचार्य एवं अन्य अतिथियों के द्वारा 213 मेधावी विद्यार्थियों को 1001 रुपये का चेक तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। विद्यालय के चेयरमैन डा. एसबीपी मेहता ने मुख्य अतिथि अन्नपूर्णा देवी को शॉल, श्रीफल एवं विद्यालय स्मृति चिंह भेंटकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने सभी मेधावी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विद्यार्थियों को एकाग्रचित होकर पढ़ाई करें साथ ही लगन, मेहनत से अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करें। उन्होनें इस बात पर विशेष जोर दिया कि नैतिक शिक्षा के द्वारा बच्चों में गुणवत्ता आ सकेगी जिसके लिए विद्यालय, शिक्षक और अविभावक संयुक्त रुप से जिम्मेदारी का निर्वहन करें। नवीन शिक्षा नीति का मुख्य अतिथि द्वारा सराहना करते हुए विस्तार पूर्वक वर्णन किया गया। मंच संचालन शिक्षिका शिवांगी आनंद एवं मीनू सिंह के द्वारा किया गया। तत्पश्चात धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य डॉ. एके सिंह के द्वारा किया गया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं अविभावक उपस्थित रहे।

## हुसैनाबाद कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में किया पौधरोपण

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद के प्लस टू कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर वृक्षारोपण किया गया। मौके पर प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहा कि पेड़ पौधे हैं तभी जीवन संभव है। पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए हम सबकी जिम्मेदारी बनती है की बृक्ष का पुत्र की तरह देखभाल करें।मौके पर अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने कहा कि आज पर्यावरण संकट से देश प्रदेश के साथ साथ पूरा विश्व भी जूझ रहा है। हमसबको अपने जीवनकाल में अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने चाहिए। प्रकृति ने अमूल्य उपहार दिया है तो उसका संरक्षण करना सबकी जिम्मेदारी बनती है।मौके पर महुअरि पंचायत की मुखिया सरिता कुमारी ने कहा कि पौधारोपण के साथ-साथ हम सबो को इनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी भी उठाना चाहिए। पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप में मुखिया अमरेंद्र ठाकुर, मुखिया पति गुड्डू सिंह, रामलखन यादव, बिमलेश पासवान,बीपीओ अमन कुमार,धर्मेंद्र मिश्रा, कृषि मित्र सुदर्शन सिंह,केजीबीवी की वार्डेन राकी मुक्ता, शिक्षिका दीपमाला कुमारी, रागनी कुमारी, शारदा भारती, सुमन कुमारी, मीना देवी, नीलम मेहता, नीलम अंसारी,सबिता कुमारी, गार्ड सुनील कुमार समेत सैकड़ों की संख्या में छात्रा मौजूद थी।

## चाणक्या साइंस एकेडमी जपला के छात्र को एनआइटी में मिली सफलता, हर्ष



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के चाणक्या साइंस एकेडमी कोचिंग संस्थान के छात्र नितेश कुमार एनआइटी की परीक्षा में सफल होकर क्षेत्र का नाम रौशन किया है। उनका नामांकन राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान श्रीनगर में हुआ है। उनकी इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए चाणक्या साइंस एकेडमी के विवेक कुमार व अखिलेश कुमार ने कहा कि हुसैनाबाद क्षेत्र के बच्चे काफी मेधावी है। ग्रामीण परिवेश के बच्चे स्थानीय स्तर पर शिक्षा ग्रहण करके देश के नामी संस्थानों में सफलता पा रहे है।यह हम सबो के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि देश के सर्वश्रेष्ठ परीक्षा एनआइटी एवं जेई मेंस के परीक्षा की तैयारी के लिए यहां के छात्र कोटा,पटना एवम रांची जैसे शहरों में जाते हैं। लेकिन जपला जैसे छोटे शहर में चाणक्या साइंस एकेडमी के माध्यम से सफल हुए छात्र भी आज देश के अग्रणी शिक्षण संस्थान में शिक्षा ग्रहण कर रहे है।उन्होंने कहा कि हमारे कोचिंग संस्थान की ख्याति विशेष रूप से अलग प्रकार की टीचिंग और लर्निंग मॉड्यूल को लेकर है। संस्थान के शिक्षक अध्यापन के तरीकों और गुणवत्ता पर पूरी निगरानी रखते है।बच्चों को सही शिक्षा और मार्गदर्शन के कारण छात्रों को लगातार सफलता मिल रहा है। उन्होंने कहा कि चाणक्या साइंस एकेडमी का एकमात्र लक्ष्य समाज के गरीब तबके के युवा को शिक्षा का सर्वोत्तम रूप प्रदान करना है।

## मंत्री प्रतिनिधि रुद्र शुक्ला ने खाद्य आपूर्ति की समस्या को लेकर की बैठक



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड के खाद आपूर्ति समस्याओं को लेकर पदाधिकारी और डिलरो के साथ खाद्य आपूर्ति के मंत्र के मंत्री प्रतिनिधि रूद्र शुक्ला ने बैठक किया। पांकी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के ब्लॉक परिसर के सभागार में खाद्ध आपूर्ति समस्या को लेकर प्रखण्ड बिकास पदाधिकारी सह खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अनील कुमार और सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानदार की उपस्थिति में बैठक किया। जिसमे मुख्य रूप से इस बैठक में अतिथि के रूप में मंत्री के जिला प्रतिनिधि दीनानाथ तिवारी भी उपस्थित रहे और सभी ने अपनी बातों से मंत्री प्रतिनिधि को अवगत कराया। इस बैठक में जनवितरण प्रणाली के दुकानदारों ने अपनी अपनी समस्या से भी अवगत कराया। मंत्री प्रतिनिधि ने उनकी बातों को मंत्री तक पहुँचा ने का वादा किया। मंत्री प्रतिनिधि ने कहा कि इस बैठक का मूल उद्देश्य यह है कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के नीलांबर पीतांबरपुर के सभी आम जनता को खाद्य आपूर्ति संबंधित सभी जन समस्याओं से जल्द निदान मिल सके। साथ ही राशनकार्ड में हो रही समस्या को लेकर बिभाग सहित मंत्री जी युद्ध अस्तर पर कार्य कर रहे है। इस मुहिम को लेकर मंत्री प्रतिनिधि प्रखण्ड स्तर से ग्राम स्तर तक जाकर आम जनता से सीधा संवाद स्थापित कर रहे है। नीलांबर पितांबरपुर बैठक की समीक्षा में यही पाया गया कि यह प्रखण्ड जिला स्तर पर अपने कार्यो के लिए हमेशा 1 नंबर 2 नंबर पर रह रहा है इनकी कार्य शैली बेहतर है। साथ ही मंत्री प्रतिनिधि रूद्र शुक्ला ने कहा कि वित्त सह खाद्य आपूर्ति मंत्री रामेश्वर उरांव जी भी जल्द ही नीलांबर-पितांबरपुर की जनता के बीच आएंगे और उनसे सीधा संवाद करंगे। बैठक में बीडीओ अनिल कुमार, एजीएम संजय सिंह, जनवितरण संघ के अध्यक्ष व्रज किशोर तिवारी, डीलर दिलीप तिवारी, मुनेंद्र नाथ दुबे, ईश्वरी शुक्ला सहित भारी संख्या में लोग उपस्थि रहे।

## प्रखंड परिसर में हुआ बीस सूत्री कार्यालय का उद्घाटन

**छतरपुर (पलामू) (आजाद सिपाही)।** प्रखंड परिसर में शुक्रवार को बीस सूत्री कार्यालय का उद्घाटन किया गया जिसमें झारखंड के पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष विमला देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर श्री त्रिपाठी ने कहा कि बीस सूत्री कार्यालय खूलने से लोगों को सरकार से मिलने वाली सुविधाओं एवं प्रखंड में होने वाली कठिनाइयों से मुक्ति मिलेगी और सरकार द्वारा चल रही योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने में मील का पत्थर साबित होगा। जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचे और लोगों को कोई कठिनाई न हो इसके लिए झारखंड के साथ सरकार लगातार काम कर रही है। बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष विमला देवी ने कहा कि जिला कमेटी हमेशा प्रखंड बीस सुत्री कमिटी के सहयोग के लिए तत्पर रहेगी और इन्हें होने वाली हर एक कठिनाइयों में सहायता किया जाएगा ताकि सरकार जिस सोच के साथ बीस सुत्री का गठन किया है उस पर खरा उतर सके। जेएमएम के केंद्रीय समिति सदस्य सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि बीस सूत्री कार्यालय खुलने से लोगों को सहूलियत होगी और बिचौलियों तथा दलालों को प्रखंड कार्यालय से समाप्त किया जायेगा। शिक्षा,स्वास्थ्य एवं जन वितरण प्रणाली में व्याप्त खामियों को खत्म किया जायेगा ताकि लोगों तक सुविधाएं आसानी से पहुंच सके। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार, प्रखंड बीस सूत्री गोपाल सिंह, प्रमुख उर्मिला देवी, उप प्रमुख संतोष कुमार, राजेंद्र कुमार सिंह, गणेश कुमार सिंह, मो. मुस्ताक आलम, रविंद्र कुमार सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



गोस्सनर कॉलेज रांची में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें इस वर्ष के अंतर महाविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के विजेता एवं एथलीट के मेडल विजेताओं को सम्मानित किया गया।

## गोस्सनर कॉलेज में खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया

# आपका एक गलत रास्ता सारे विकास के रास्ते बंद कर सकता है : असुंता



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिनांक 25 नवंबर 2022 को गोस्सनर कॉलेज रांची में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें इस वर्ष के अंतर महाविद्यालय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के विजेता एवं एथलीट के मेडल विजेताओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान सह भारतीय हॉकी की चयनकर्ता असुंता लकड़ा बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अपने रोल मॉडल खिलाड़ी पर पैनी नजर रखने की जरूरत है। उनके हर मैच को देखकर अपनी कमजोरी दूर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आपका एक गलत रास्ता आपकी सफलता और विकास के सारे दरवाजे बंद कर सकता है।

### प्रोफेसर दीपक बारला ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया

कॉलेज शिक्षक प्रतिनिधि प्रोफेसर अमरदीप टोपनो ने विषय प्रवेश कराया। प्रोफेसर हेमंत कुमार टोप्पो ने खेल गतिविधियों की जानकारी दी। प्रोफेसर दीपक बारला ने मुख्य अतिथि का परिचय दिया। नागपुरी विभाग के डॉक्टर कोरनेलियुस मिंज एवं प्रोफेसर जैकब लकड़ा ने कार्यक्रम का संचालन किया। डॉ. योताम कुल्लू ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम में कॉलेज की बर्सर प्रोफेसर आशारानी केरकेटटा, कला संकाय के डीन डॉ. जयपाल कच्छप, डॉ. मीना तिर्की, डॉ. प्रशांत गौरव, प्रोफेसर जोलेन सोय, प्रोफेसर फ्रांसिस मुर्मू आदि मौजूद थे।

# मिश्रौल का छात्र महेश गंझू बना प्रखंड चैंपियन



**टंडवा (आजाद सिपाही)।** खेलों झारखंड के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय टंडवा प्रखंड खेल मैदान में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता शुक्रवार को संपन्न हो गया। दूसरे दिन की प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 10 के विधाथीयों ने उत्कृष्ट विभिन्न खेलो में प्रदर्शन किया। जिसमें परियोजना उच्च विद्यालय मिश्रौल के छात्र महेश गंझू ने बेहतर प्रदर्शन करते हुये 3000 मीटर की दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही निरंजन उरांव राज्य सम्पोषित उच्च विद्यालय टंडवा के छात्र दुसरे स्थान पर रहे एव दर्जनों विद्यार्थी प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान में सफलता पाया। खेलकूद प्रतियोगिता का संचालन सहायक अध्यापक संघ टंडवा के अध्यक्ष सुमन भारतीय, माध्यमिक शिक्षक संघ के कोषाध्यक्ष हीरालाल साहू ने किया। प्रतियोगिता में सफल विद्यार्थियो को सीओ विजय कुमार दास, बीडीओ रंथू महतो, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मंजू कुमारी, बीपीओ महावीर पासवान समेत स्कूल के एचएम ने सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया।

## हर्ल के पुराने मजदूरों ने ढुल्लू महतो से मिलकर की रोजगार की मांग

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड (हर्ल) प्लांट सिंदरी के दर्जनों पुराने मजदूरों ने शुक्रवार को बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के चिटाही स्थित आवासीय कार्यालय जाकर उनसे मुलाकात की और अपनी समस्याओं से अवगत कराया। मजदूरों ने विधायक को बताया कि वे लोग जब से प्लांट निर्माण का काम शुरू हुआ था तभी से काम कर रहे हैं। लेकिन जब प्लांट बनकर तैयार हो गया तो उत्पादन कार्य के लिए बाहर के मजदूरों को लाकर यहां काम करवाया जा रहा और हम लोगों को हटा दिया गया है। वहीं, उनकी बातें सुनने के बाद विधायक ढुल्लू महतो ने नाराजगी जाहिर की और हर्ल कंपनी के जीएम फोन पर बात की। कहा कि जिन मजदूरों ने प्लांट के लिए अपनी जमीन दी। अपनी मेहनत से प्लांट का निर्माण किया। आज उन्हीं विस्थापित ग्रामीणों को बेरोजगार कर दिया गया। अविलंब स्थानीय मजदूरों को रोजगार दिया जाए या अंदोलन को तैयार रहें।

### कार्रवाई : आरोपितों के पास से दो पिस्टल और चार कारतूस जब्त

# अस्पताल में भर्ती युवक की हत्या करने जा रहे छह अपराधी गिरफ्तार

**आरोपितों की पिटाई से ही गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल में भर्ती है युवक**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** सदर अस्पताल में भर्ती एक युवक की हत्या की नीयत से पहुंचे छह अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से हथियार भी बरामद हुआ है। डीएसपी पूनम मिंज ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर बताया कि पकड़े गए अपराधियों ने माराफारी थाना क्षेत्र के जावेद नामक युवक को बुरी तरह मारा-पीटा था। जिससे जावेद गंभीर रूप से घायल हो गया था। वह शिकायत करने सिटी थाना पहुंचा, तो पुलिस ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करा दिया। उसकी हत्या के इरादे से सभी अपराधी अस्पताल जा रहे थे, लेकिन सिटी पुलिस की तत्परता से योजना विफल हो गई। डीएसपी ने बताया कि पुलिस को इन अपराधियों के सदर अस्पताल में स्कॉर्पियो से आने की पूर्व सूचना मिल चुकी थी। पुलिस टीम पहले से ही वहां मुस्तैद थी। पुलिस को देखते ही अपराधी स्कॉर्पियो (जेएच 09 एएम 9479) से भागने लगे। पर उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर सेक्टर दो स्थित आवास संख्या 1-069 के बाउंड्री तोड़कर अंदर जा घुसी। जिसके बाद पुलिस ने अपराधियों का पीछा कर सभी छह अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से दो पिस्टल व चार जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया। वहीं, छापामारी दल के दौरान पुअ निरीक्षक नियाज अंसारी, पवन कुमार, पुनीत गौरव, गौतम आनंद, कुशल मुर्मू, आनंद इंदवार, प्रदीप राम और मंगल मुर्मू शामिल थे।


गिरफ्तार आरोपितों की जानकारी देते डीएसपी पूनम मिंज।

## कसमार में घर में लगी आग, लाखों से सामान जले

आजाद सिपाही संवाददाता

**कसमार/बेरमो।** कसमार प्रखंड मुख्यालय के समीप सुरजुडीह में शुक्रवार की दोपहर 2.30 बजे एक घर में अचानक आग लग गई। जिससे घर में रखा लाखों का सामान जलकर राख हो गया। ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद आग पर कुछ काबू पाने के बाद इसकी सूचना ग्रामीणों ने अग्निशमन विभाग को दी। जिसके बाद दमकल कर्मी मौके पर पहुंचे और लगभग एक घंटे के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया प्राथमिक पड़ताल के आधार पर बताया कि बिजली के तार में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगी हो सकती है। वहीं, आग लगने की सूचना पाकर जिप सदस्य अमरदीप महाराज, कसमार थाना प्रभारी रामाकांत गुप्ता, मुखिया रईश कोशर आदि भी मौके पर पहुंच गए। बताया गया कि शार्ट-सर्किट से घर में आग लगने के बाद ग्रामीणों ने उस पर काबू पाने के लिए पानी व बालू फेंकना शुरू किया। लेकिन तब तक घर में रखा का सारा सामान जल चुका था। घरवालों ने बताया कि शार्ट सर्किट होने के बाद अचानक घर से धुआं निकलने लगा। जो धीरे-धीरे आग में तब्दील हो गया। लोग कुछ समझ पाते तब तक आग की लपटों ने घर में रखे सारे सामान को जला दिया। स्थानीय लोगों ने काफी प्रयास करते हुए आग पर काबू पाया।



## बगदा में हर्षोल्लास से संपन्न हुआ बरध खूंटा पर्व

आजाद सिपाही संवाददाता

**कसमार/बेरमो।** कसमार प्रखंड के बगदा गांव में झारखण्ड की संस्कृति से जुड़ा पर्व सोहराय धूमधाम से मनाया गया। ग्रामीणों के सहयोग से बरद खूंटा का आयोजन किया गया। परंपरानुसार किसानों ने नौ दिनों तक अपने- अपने पशुधन की सेवा की। उनके पैरों और सींग में तेल लगाये। इस दौरान उन्हें किसी भी प्रकार का कष्ट नहीं होने दिया जाता है और न ही उनसे खेतों में जोताई ही कराई जाती है। गोहाल पूजा के बाद पशुधन का चुमावन के करने के उपरांत धान का मडवर बनाकर गिरि गोवर्धन की पूजा- अर्चना की गई। बैलों को खुंटे में बांधकर झारखंडी गीत व संगीत के साथ ढोल-नगाड़े और मांदर की थाप पर जानवर को नचाया गया। परंपरा को आज भी युवा पीढ़ी जीवित रखने का भरपूर प्रयास कर रहा है। इसके अलावे हरनाद, मंजूरा तथा सिंहपुर आदि गांव में धूमधाम के साथ बरदखुंटा मनाया गया। मौके पर रामसिंग महतो, चॉदमुख महतो, अशोक हिंदयार, प्रकाश महतो आदि थे।

## बीएसएल में कौमी एकता पर काव्य गोष्ठी का हुआ आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बीएसएल के संपर्क एवं प्रशासन विभाग द्वारा प्रशासनिक भवन में कौमी एकता सप्ताह के अवसर पर शुक्रवार को काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य महाप्रबंधक (सिक्योरिटी) मनोज कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (एसपीयू-बेतिया) पीतांबर चौधरी, मुख्य महाप्रबंधक (कार्मिक) हरि मोहन झा, महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) एनए सैफी, वरीय प्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) शशांक शेखर आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान डॉ नरेंद्र, दिलकश बोकारवी, श्री महेश मेहंदी, कस्तूरी सिन्हा, नीता सहाय, एफ आलम, अमृता शर्मा, करुणा कलिका ने अपनी कविताओं एवं रचनाओं से श्रोताओं को मन मुग्ध कर दिया। इन कवियों ने अपनी कविता के माध्यम से कौमी एकता के प्रसार का संदेश दिया। मुख्य अतिथि मनोज कुमार ने भी अपने संबोधन में सभी को अपने दिलों में कौमी एकता की भावना बनाए रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन शशांक शेखर ने किया।

## मैथन में बाइक और कार की भिड़ंत में दो घायल



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** मैथन थाना क्षेत्र के कुमारधुबी लिंक रोड स्थित बर्फ फैक्ट्री के समीप शुक्रवार की सुबह बिना नंबर की बाइक और कार के सीधी भिड़ंत हो गयी। जिसमें दो लोग घायल हो गए। आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से घायल बाइक और कार चालक को मैथन डीवीसी बीपी नियोगी अस्पताल ले जाया गया। जहां बाइक चालक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। वहीं, सूचना पाकर मैथन पुलिस घटनास्थल पर पहुंच दोनों वाहनों को जब्त कर थाना ले गई। मैथन ओपी प्रभारी बालाजी राजहंस ने बताया कि बाइक चालक शेख निजामुद्दीन निरसा के मदनपुर का रहने वाला है। उसे बेहतर इलाज के लिए धनबाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया है। वहीं कार चालक को हल्की चोटें आई है और उनका नाम डॉ समीरण राय बताया जा रहा है। आवेदन मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## फिल्मी पटकथा की तरह है भेलटांड़ में हुई साले के हाथों जीजा की हत्या

### आरोपित का कबूलनामा, बहन के ही यौन शोषण में जेल जा चुका था बहनोई

**- विनय की ससुराल में बढ़ती ईज्जत व मिल रहे आदर सत्कार से नाराज था आरोपित**

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** भेलाटांड़ में बुधवार की रात साले के हाथों मारे गये जीजा विनय ठाकुर की कहानी किसी फिल्मी पटकथा की तरह है। विनय की हत्या के आरोप में गिरफ्तार साले अभिषेक महतो ने पुलिस के समक्ष हत्या की बात कबूल करने के साथ ही बताया कि वह (विनय ठाकुर) साइबर अपराध और यौन शोषण के आरोप में जेल भी जा चुका था। शुक्रवार को मुख्यालय डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने संवाददाता सम्मेलन कर पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पूछताछ में अभिषेक महतो ने पुलिस को बताया कि विनय ठाकुर उसकी खुद की बहन का यौन शोषण करने के आरोप में जेल जा चुका है। दरअसल शादी का झांसा देकर उसने उसकी बहन का ही यौन शोषण किया। बाद में शादी से इन्कार कर दिया। इससे नाराज होकर उसकी बहन ने गिरिडीह में विनय के खिलाफ यौन शोषण की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने विनय को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद जेल से बाहर आने पर साल 2021 में दीपावली के बाद आरोपित ने उसकी बहन भारती को दोबारा अपने प्रेम जाल में फांस कर शादी कर ली थी। वहीं, आरोपित अभिषेक को बरवाअड्डा पुलिस ने शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। जेल भेजने से पूर्व मुख्यालय डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने बताया कि अभिषेक सिंफर में रंग रोगन का काम करता था। उसकी बहन भारती गिरिडीह के बेंगाबाद स्थित चपुआडीह निवासी विनय ठाकुर से प्रेम करती थी। दोनों एक दूसरे से शादी करने वाले थे, पर आखिर में विनय ठाकुर ने शादी से इन्?कार कर दिया था। इसके बाद भारती ने उसके खिलाफ थाने में शिकायत की थी। बाद में मामला सुलझा और विनय ठाकुर लड़की से शादी करने के लिए राजी हो गया। दीपावली के बाद दोनों ने कोर्ट में शादी कर ली। हालांकि इस शादी से दोनों के घर वाले नाखुश थे। खासकर भारती का भाई अभिषेक महतो काफी नाराज था। डीएसपी ने बताया कि भारती की फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा थी। इसी वजह से भारती अपने पति विनय ठाकुर के साथ धनबाद में रह रही थी। दोनों धैया के राहरगोड़ा में किराए के एक मकान में रहते थे। खर्च निकालने के लिए भारती प्रभातम मॉल में काम भी करती थी। घटना के दिन भारती ने अपने घर में चिकन बनाया था। विनय चिकन पहुंचाने के लिए ही भेलाटांड़ स्थित अपने ससुराल गया था। पूछताछ में अभिषेक ने बताया है कि विनय ठाकुर उसके मां-बाप से बात करने लगा था। उनसे मिलने भी जाता था, पर यह उसे पसंद नहीं था। उसने उसे घर में घुसने से भी मना कर रखा था। बुधवार की रात विनय ठाकुर चिकन लेकर उसके घर गया तो वह (अभिषेक) भी घर में था। यह बात उसे हजम नहीं हुई। गुस्से में आकर उसने लौटते समय विनय ठाकुर के सिर पर बांस की फट्टी से जानलेवा हमला कर दिया। सिर से काफी खून बहन की वजह से विनय की मौत हो गई।

## कसमार में अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त, चालक गया जेल

**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** कसमार थाना अंतर्गत ओरमो ग्राम के पास अंचलाधिकारी कसमार प्रदीप कुमार शुक्ला एवं कसमार पुलिस के संयुक्त छापेमारी के दौरान अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर जब्त किया गया। साथ ही दोनों वाहनों के चालक को पकड़ कर अदालत में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया।

## डीएवी कोयला नगर ने दून पब्लिक को हराकर अगले चक्र में किया प्रवेश



**धनबाद दून पब्लिक स्कूल में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** सहोदया स्कूल कांप्लेक्स की ओर से शुक्रवार को दून पब्लिक स्कूल धनबाद में नॉकआउट कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित किया गया। मैच में डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर की टीम ने दून पब्लिक स्कूल को पराजित कर अगले चक्र में प्रवेश किया। मैच का उद्घाटन धनबाद दून पब्लिक स्कूल के चेयरमैन जेएन सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। इस मौके पर स्कूल के डिप्टी डायरेक्टर सुनील कुमार सिंह, प्रिंसिपल बीके सिंह, एजुकेशन कंट्रोलर प्रियरंजन कुमार उपस्थित थे। मैच के सफल संचालन में स्कूल के खेल विभागाध्यक्ष मृदुल बोस, शिक्षक देवाशीष दे, अमोद कुमार, विनोद कुमार श्रीवास्तव के अलावा उमेश कुमार, मनोरंजन महतो, अंकित, मनोरंजन, अमित, संस्कृति, ऋषिका, राजेश्वरी आदि ने अहम भूमिका निभाई। निर्णायक की भूमिका डीएवी कोयला नगर के सुखदेव और सुनीता कुमारी ने निभाई।

### अभियंता को साथ लेकर विधायक ने किया निरीक्षण

# राज सिन्हा के विधायक निधि से होगा रणधीर वर्मा चौक धरनास्थल का जीर्णोद्धार

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** रणधीर वर्मा चौक स्थित धरनास्थल के जीर्णोद्धार करने की दिशा में विधायक राज सिन्हा शुक्रवार को एई सरजू प्रसाद के साथ निरीक्षण किया। विधायक ने बताया कि रणधीर वर्मा चौक स्थित धरनास्थल पर कई राजनीतिक पार्टियों, संस्थाओं एवं लोगों द्वारा धरना दिया जाता है एवं विभिन्न कार्यक्रम साल भर किए जाते हैं। लेकिन अव्यवस्थित रूप से बने होने के कारण आंदोलन और कार्यक्रम करने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है। जिसको लेकर उक्त स्थल के सुव्यवस्थित निर्माण की आवश्यकता करेंगे, ताकि किसी को असुविधा ना हो। इसी के मद्देनजर अभियंता के साथ निरीक्षण कर निर्माण लागत पर कार्य शुरू हो गया है। निर्माण लागत आते ही यथासंभव शीघ्र ही सुविधाजनक धरनास्थल का निर्माण कार्य उनके विधायक निधि से शुरू हो जाएगा। धरनास्थल निरीक्षण में रिंकू सिन्हा, मनोज मालाकार, निर्मल प्रधान, मंजीत सिंह, अमित सिंह, डिंपू लाला शामिल थे।


रणधीर वर्मा चौक के धरनास्थल का निरीक्षण करते विधायक राज सिन्हा व अन्य।


## कार्यालय: जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग

### जॉबकार्ड मुद्रण हेतु आमंत्रण सूचना

हजारीबाग जिले में मनरेगा अन्तर्गत मजदूरों के लिए जॉबकार्ड मुद्रण किया जाना है। जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग के ज्ञापांक–2041, दिनांक–29/08/2018 को प्रकाशित निविदा के आलोक में क्रय समिति द्वारा प्रति जॉबकार्ड का न्यूनतम दर 9.80/–रु0 (नौ रुपये अस्सी पैसे) की दर निर्धारित कर छपाई की गई थी। वर्तमान में हजारीबाग जिले में सभी 16 प्रखण्डों के लिए आवश्यकता अनुसार जॉबकार्ड का मुद्रण कराया जाना है।

इच्छुक मुद्रण प्रेस/फर्मो को सूचित किया जाता हैं कि उक्त न्यूनतम दर 9.80/–रु0 (नौ रुपये अस्सी पैसे) की दर से छपाई करने हेतु दिनांक–30/11/2022 तक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, हजारीबाग में आवेदन प्राप्त किया जायेगा।

जॉबकार्ड की विशिष्टता :–

| क्रम | सामग्री का नाम | विशिष्टता |
|---|---|---|
| 1 | जॉबकार्ड | Cover Page art board multicolor 300GSM page Size A5 inside page White 80GSM, no of page 28 (both side printing & job card number on cover page) |

ह0/–
उप विकास आयुक्त–सह–
जिला कार्यक्रम समन्वयक, हजारीबाग

PR 283420 District (22-23)_D

## कार्यालय जिला परिषद, खूँटी।

कार्यालय आदेश सं० – 40/2022–23 दिनांक – 25.11.2022

### -: अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण :-

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कर्रा मनरेगा पार्क, ग्राम लोयोंकेल प्रखण्ड कर्रा में विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत पशुपालन/मत्स्य पालन/कुक्कुट पालन/गौ पालन का कार्य किया जा रहा है।

दिनांक 18.11.2022 को आयोजित क्रय समिति की बैठक में लिए गए निर्णयानुसार निम्नांकित तालिका के अनुसार इच्छुक आवेदकों/सप्लाईर/संस्था/फर्म के द्वारा मुहर बंद लिफाफे में Rate Quotation प्रति किलो ग्राम आंमत्रित किए जाते है।

विवरणी निम्न प्रकार है:–

| गाय/भैंस | बकरी | मुर्गी | मछली | बत्तख |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| • धान की भूसी (कुट्टी)<br>• हरा चारा<br>• खनिज मिश्रण<br>• चोकर<br>• बादाम खली<br>• मकई दर्रा<br>• पशु आहार<br>• किसान दाना<br>• अरहर<br>• टीका | • धान की भूसी (कुट्टी)<br>• खनिज मिश्रण<br>• चोकर<br>• बादाम खली<br>• मकई दर्रा<br>• पशु आहार<br>• टीका | • प्री –स्टार्टर<br>• स्टार्टर<br>• फिनिषर<br>• चिक स्टार्टर<br>• पुल्लेट ग्रोवर<br>• ऑल परपस दाना<br>• टीका | • चूना<br>• खनिज<br>• जिओलाइट<br>• सरसों केक<br>• मछली का चारा | • धान की भूसी<br>• टुटा चावल (खुड्डी)<br>• चोकर<br>• टीका |

आवेदन शुल्क 1000.00/– (एक हजार) रू० प्रति आवेदक डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, खूँटी के नाम से देय होगी।
आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 05.12.2022 को अपराह्न 02 00 बजे निविदा निष्पादन की तिथि 05 12.2022 को अपराह्न 03:00 बजे उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, खूँटी के कार्यालय कक्ष में निर्धारित की गयी है। अधिक जानकारी के लिए खूँटी जिले के ऑफिसियल वेबसाईट www.khunti.nic.in में विज्ञापन को देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, खूँटी।

PR 283472 (District) 22-23 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पश्चिम, राँची

### ई–प्रोक्योरमेंट अति अल्पकालीन निविदा सूचना (अठवां कॉल)

जिसका PR No. 255948 (Drinking Water and Sanitaion) 2021–22 है।

Tender Reference No. - DWSD/RW/SVS-05/2021-22 Date - 24-11-2022

| S.No | Name of the Work | Cluster Name | Sub Cluster/ Group No. | Block | Estimate Cost (in Lac) | Ernest money (in Lac) | BOQ cost (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | Construction of Solar Based Mini Water Supply Schemes (SVS) in Different Block, comprising of suitable R.C.C. / Framed structure ESR, Distribution Lines, Source (as required) and FHTC all complete job in the Different Block of District Ranchi under Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi West, Ranchi for the year of 2021-22 (on Turn Key Basis) | 1B | 1B(i) | Mandar | 870.54 | 8.71 | 10000.00 |
| 2 | | | 1B(ii) | | 815.65 | 8.16 | 10000.00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | | | 09 Months + 1 months (trial and run) | | | |
| 4 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | | | 26-11-2022 at 04:00 P.M | | | |
| 5 | बीड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | | | 02-12-2022 up to 04:00 P.M | | | |
| 6 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय/स्थान | | | 03-12-2022 up to 04:00 P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची / अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता, राँची अंचल, राँची। | | | |
| 7 | बीड खोलने की तिथि/समय | | | 05-12-2022 up to 05:00 P.M | | | |
| 8 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | | | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, राँची पश्चिम, राँची। | | | |
| 9 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | | | 0651-2491247 | | | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगा।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल
राँची पश्चिम, राँची

PR 283425 Drinking Water and Sanitation (22-23)_D

## नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की द्वितीय छमाही बैठक संपन्न

# हिंदी हमें जोड़ती है : केशव राव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड, मुख्यालय संबलपुर में गुरुवार को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, संबलपुर की द्वितीय छमाही बैठक केशव राव, निदेशक (कार्मिक) एमसीएल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में नराकास, संबलपुर के सभी सदस्य कार्यालयों के प्रमुख/प्रतिनिधि एवं राजभाषा अधिकारी उपस्थित हुए।




अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि बैठक में आप सभी की बहुतायत संख्या में उपस्थिति ही राजभाषा के प्रति आपकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सभी सदस्य कार्यालय अपने-अपने कारोबार के लिए अधिक से अधिक लोगों से हिंदी में एक-दूसरे से वार्तालाप करके हिंदी के प्रचार-प्रसार में अपना सहयोग दे रहे हैं, जो सराहनीय प्रयास है। राजभाषा हिंदी हमें आपस में जोड़ती है। यह एक संपर्क भाषा है। प्रेरणा और प्रोत्साहन के माध्यम से हम सभी राजभाषा का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। हमारा देश विविधताओं से भरा हुआ है। सभी प्रदेशों की अपनी अलग-अलग भाषाएं हैं। हमें सबसे पहले अपनी मातृभाषा इसके बाद हिंदी और बाद में अंगेजी का सम्मान करना चाहिए। हम जितनी अधिक भाषाएं सीखेंगे, उतना ही हमारा बौद्धिक विकास होगा और यही कारण है कि हमारे देश से विदेशों में काम करने वाले बहुत ज्यादा सफल हो रहे हैं। हिंदी की व्यापकता के लिए हमें हिंदी को व्यापार एवं कानून की भाषा बनानी होगी।

बैठक के प्रारंभ में सौमेन घोष, महाप्रबंधक (राजभाषा)/सदस्य सचिव, नराकास, संबलपुर ने अध्यक्ष एवं सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए कहा कि राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग एवं प्रचार-प्रसार के लिए नराकास का यह मंच काफी महत्वपूर्ण है।

बैठक में लालचंद यादव, पुलिस महानिरीक्षक, सीआरपीएफ, अनिल प्रकाश, मुख्य परियोजना अधिकारी, पूर्व तट रेलवे, कुमार शैलेजा, सहायक निदेशक हस्तशिल्प, ललित कुमार उदगाना, सहायक महाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक, अनमोल उत्सव, मुख्य प्रबंधक, पंजाब नेशनल बैंक, सरोज कुमार नायक, मुख्य प्रबंधक, यूनियन बैंक, प्रमोद कुमार, अधीक्षण अभियंता, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, प्रशांत कुमार षाड़ंगी, प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1, गणेश प्रधान, प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एवं मिथिलेश कुमार, मंडल प्रबंधक, यूनाइटेड इंश्योरेंस ने भी हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं आधुनिक तकनीकी का प्रयोग करते हुए कार्यालयीन कार्यों में वृद्धि लाने का सुझाव दिये। कार्यालयों में हिंदी प्रगामी प्रयोग में वद्धि के लिए गूगल लेंस एवं वाइस टाइपिंग के प्रयोग पर चर्चा हुई और इसके उपयोग का सुझाव दिया गया।

# नवीन पटनायक ने हैप्पीएस्ट माइंड्स ग्लोबल आइटी डेवलमेंट सेंटर का किया उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** राज्य में आइटी इकोसिस्टेम का विस्तार करते हुए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने फॉर्च्यून टॉवर भुवनेश्वर में हैप्पीस्ट माइंड्स ग्लोबल आइटी डेवलमेंट सेंटर का उद्घाटन किया। नया केंद्र भारत के प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में ओड़िशा की स्थिति को और मजबूत करेगा। नवाचार केंद्र भारत और भारत के बाहर ग्राहकों की सेवा करने के लिए एक हजार से अधिक कर्मचारियों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगा। इसके अलावा, ओड़िशा आने वाले वर्षों में प्रतिभाशाली इंजीनियरों के लिए कई अवसर पैदा करेगा।



इस केंद्र का उद्घाटन करते हुए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों से ओड़िशा आइटी के क्षेत्र में कई दूरदर्शी कदम उठा रहा है। ओड़िशा सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निवेशकों की पहली पसंद बनने के साथ विकास दर राज्य में आइटी के क्षेत्र में तेजी आयी है। अब ओड़िशा को तेजी से भारत का प्रौद्योगिकी संसाधन केंद्र माना जा रहा है और हमारे युवाओं के लिए कई नौकरियां पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

मुख्यमंत्री ने भुवनेश्वर में उपलब्ध आइटी अनुकूल पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कई आइटी कंपनियां यहां निवेश करने में रुचि रखती हैं। ओड़िशा के अनुकूल वातावरण सरकारी समर्थन और भारी निवेश ने अधिक निवेशकों को आकर्षित किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हैप्पीएस्ट माइंड्स ग्लोबल आइटी एक विकास केंद्र खोल कर आइटी क्षेत्र में एक और विशेष अध्याय जोड़ा गया है। यह राज्य के सक्रिय आइटी इकोसिस्टम का संकेत देता है।

सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव मनोज कुमार मिश्र ने कहा कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में हम सूचना और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विकास के साथ-साथ रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए एक सक्षम वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हैप्पीएस्ट माइंड्स ग्लोबल आइटी ने ओड़िशा की परिवर्तनकारी कहानी में भागीदार बनने का फैसला किया। श्री मिश्र ने विकास केंद्र का आभार व्यक्त किया। सूचना और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव ने यह भी कहा कि केंद्र राज्य में आइटी पारिस्थितिकी तंत्र को और बढ़ायेगा और ओड़िशा के युवाओं के लिए रोजगार के कई अवसर पैदा करेगा।

हैप्पीस्ट माइंड्स टेक्नोलॉजी के चेयरमैनअशोक सोट्टा ने हैप्पीएस्ट माइंड्स सेंटर की स्थापना में मदद के लिए मुख्यमंत्री नवीन पटनायक और राज्य सरकार को धन्यवाद दिया और राज्य की नयी आइटी नीति की प्रशंसा की। उन्होंने जल्द ही भुवनेश्वर में एक स्थायी विकास केंद्र स्थापित करने का भी वादा किया। इस परिसर राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के पर्याप्त अवसर पैदा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

# नीलांचल भक्त निवास और यात्री निवास रूम बुकिंग के नाम पर ऑनलाइन ठगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** पुरी श्रीमंदिर प्रशासन की नीलांचल भक्त निवास और यात्री निवास की रूम बुकिंग से संबंधित ऑनलाइन ठगी की घटना को लेकर साइबर थाने की ओर से मामला दर्ज किया गया है। फर्जी वेबसाइट खोल कर ठगी करने वाले आरोपी के सारी जानकारी पुलिस के हाथ में लगी है। पुलिस ने कहा कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी और उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा। पुरी बड़ दांड स्थित श्रीमंदिर प्रशासन के नीलांचल भक्त निवास और यात्री निवास के नाम से फर्जी आइडी बनाकर एक शख्स ऑनलाइन ठगी कर रहा था। गुरुवार को श्रीमंदिर प्रशासन की ओर से साइबर थाने में शिकायत की गयी। कथित तौर पर, साइबर जालसाजों ने एक फर्जी वेबसाइट https://nilachalbhaktaandy-atriniwas89.godaddysites.com/ बनायी है। इसमें वे उन भक्तों या पर्यटकों को धोखा दे रहे हैं, जो नीलांचल भक्त निवास या नीलाचल यात्री निवास बुक करना चाहते हैं। हालांकि श्रीमंदिर प्रशासन ने श्रद्धालुओं से श्रीमंदिर प्रशासन की अफिशियल वेबसाइट www.sreejagannath.in पर जाकर सभी यात्री निवास में ऑनलाइन रूम बुक करने को कहा है। इसमें श्रीमंदिर के प्रशासन के अंतर्गत आने वाले सभी यात्री निवास के फोन नंबर हैं। प्रबंधक का फोन नंबर भी उपलब्ध है। इसलिए अलग साइड में जाकर कमरा बुक करने की जरूरत नहीं है।

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव आज ओड़िशा का दौरा करेंगे

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** रेल, संचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव 26 नवंबर को ओड़िशा का दौरा करेंगे। अपनी यात्रा के दौरान वैष्णव भुवनेश्वर में ओड़िशा निर्माण कॉन्क्लेव में भाग लेंगे। इसके अलावा अश्विनी वैष्णव रेल सदन, चंद्रशेखरपुर, भुवनेश्वर में ईस्ट कोस्ट रेलवे के अधिकारियों के साथ ओड़िशा में चल रही रेल परियोजनाओं और अन्य विकास कार्यों की समीक्षा भी करेंगे।



# सोआ छात्रों के आने-जाने के लिए इ-स्कूटर उपलब्ध

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** सोआ छात्रों के लिए परिसर के भीतर या शहरों के बीच आने-जाने के लिए अब इ-स्कूटर उपलब्ध है। जहां पहले सोआ द्वारा संचालित तकनीकी शिक्षा और अनुसंधान संस्थान के परिसर में 100 इ-स्कूटर का उपयोग किया जा रहा था, जो गुरुवार को सोआ कैंपस 2 में 20 इ-स्कूटर शुरू किये गये हैं। यह व्यवस्था को जल्द ही अन्य सोआ परिसरों में भी उपलब्ध होगी। अंकुर बी पटेल ड्राइव नामक एक स्टार्ट-अप के सह-संस्थापक और सीइओ ने कहा कि इस अवसर पर विश्वविद्यालय में इ-स्कूटर के उपयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किये गये और सोआ उपाध्यक्ष शास्वती दास की उपस्थिति में कैंपस 2 में इ-स्कूटर की शुरुआत की गयी।



इस अवसर पर शास्वती दास ने कहा कि इन इ-स्कूटरों का उपयोग छात्र करेंगे और परिसर प्रदूषण मुक्त होंगे। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सोआ के सभी परिसरों में इ-स्कूटर पेश किये जायेंगे। इस स्टार्टअप को शुरू करते हुए सोआ के एक पूर्व छात्र श्री पटेल ने कहा कि छात्रों को इस इ-स्कूटर को किराये पर लेने के लिए 70 पैसे प्रति किलोमीटर और 40 पैसे प्रति मिनट का भुगतान करना होगा। उन्होंने कहा कि कैंपस की डिमांड के मुताबिक ई-स्कूटर की संख्या भी बढ़ायी जायेगी। इस मौके पर छात्रों ने कहा कि कैंपस में घूमना बहुत आसान होगा। इसमें विभिन्न परिसरों में री-चार्जिंग की सुविधा भी है। इस अवसर पर आइटीइआर डीन प्रो प्रदीप कुमार साहू, आइबीसीएस डीन प्रो अनूप कुमार सामांतराय, आइडीएस डीन प्रो नीता महांती और छात्र मंगल डिन डीन प्रो ज्योति रंजन दास प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# अर्चना की सहयोगी श्रद्धांजलि बेहेरा दूसरी बार हुई इडी के सामने पेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** लेडी ब्लाक मिलर की आरोपी अर्चना नाग की सहयोगी श्रद्धांजलि बेहेरा शुक्रवार को दूसरी बार प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के सामने पेश हुईं। ईडी ने इससे पहले बुधवार को अर्चना और उनके पति जगबंधु के खिलाफ आरोपों के सिलसिले में श्रद्धांजलि से करीब 14 घंटे तक पूछताछ की थी। दूसरी तरफ अर्चना नाग का ड्राइवर चंदन शनिवार को इडी के सामने पेश होगा। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने उन्हें नोटिस दिया है। चंदन अर्चना के साथ कहां जा रहा था? इडी इस बात से पूछताछ करेगी कि



अर्चना किस-किस के पास जाती थी। हालांकि इडी चंदन से श्रद्धांजलि बेहेरा से आमने-सामने पूछताछ कर सकती है।

कथित तौर पर फिल्म निर्माता अक्षय पारिजा ने नयापल्ली पुलिस स्टेशन में अर्चना और श्रद्धांजलि के खिलाफ ब्लैकमेल का मामला दर्ज किया था। परिजा ने अर्चना पर आरोप लगाया था कि उसने कथित तौर पर उसकी अंतरंग तस्वीरें खींच कर तीन करोड़ रुपये की मांग की थी। वहीं अर्चना और खगेश्वर का आर्थिक लेन-देन राज्य से बाहर का है। इसकी जानकारी इडी को मिली है। 2019 और 2022 के बीच, वाईाग के एक खनि व्यवसायी कार्तिके बोजोडीआ के साथ 70 लाख रुपये से अधिक का लेनदेन हुआ है। इतने पैसे का लेन-देन क्यों किया गया, इसकी जानकारी नहीं मिल पायी है। कार्तिके भुवनेश्वर मंचेश्वर इलाके में रहते थे। उस इलाके में खगेश्वर का एक गैरेज था और दोनों की मुलाकात हुई थी। फिर लाखों का लेन-देन हुआ।

# पुलिस अधिकारियों को भी जगन्नाथ मंदिर में ड्यूटी के दौरान स्मार्ट फोन ले जाने पर रोक

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भूवनेश्वर।** पुरी के एसपी कंवर विशाल सिंह ने बताया कि पुलिसकर्मियों, होमगार्डों, जगन्नाथ मंदिर पुलिस (जेटीपी) और ओड़िशा राज्य सशस्त्र पुलिस (ओएसएपी) के कर्मियों को पुरी के श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में ड्यूटी के दौरान स्मार्टफोन ले जाने से प्रतिबंध लगा दिया गया है।



गर्भगृह के अंदर भगवान श्री जगन्नाथ की तस्वीरें हाल ही में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल होने के बाद यह निर्णय लिया गया। पुरी एसपी ने स्पष्ट किया कि विशेष उद्देश्यों और आपातकालीन सेवाओं के लिए तैनात वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को छूट दी गयी है। इससे पहले 1 जनवरी 2018 से मंदिर के सेबायतकों को श्रीमंदिर परिसर के अंदर स्मार्टफोन ले जाने पर रोक लगा गया था।







# एम्स भुवनेश्वर में अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर आशुतोष विस्वास की उपस्थिति में प्रसिद्ध मेडिकल माइकोलॉजिस्ट प्रोफेसर अरुणालोक चक्रवर्ती ने शुक्रवार को एम्स भुवनेश्वर के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में आइसीएमआर एडवांस्ड मॉलिक्यूलर एंड डायग्नोस्टिक रिसर्च सेंटर फॉर फंगी का उद्घाटन किया। समारोह के दौरान उपस्थित अन्य गणमान्य व्यक्तियों में डीन (अकादमिक) प्रो पीआर महापात्रा, माइक्रोबायोलॉजी विभाग के प्रमुख प्रो बैजयंतीमाला मिश्रा, और डॉ मधुचंदा दास, वैज्ञानिक डी, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद शामिल हैं।



प्रो अरुणालोक चक्रवर्ती ने रेखांकित किया कि कई घातक फंगल संक्रमण हैं। प्रो आशुतोष बिस्वास ने माना कि हाल ही में फंगल संक्रमण वायरल हो गये हैं। उपरोक्त के बावजूद, फंगल संक्रमणों की पहचान करने और उनका इलाज करने में विशेषज्ञता की कमी है। इस अंतर को भरने के लिए भारत भर में कवक के लिए उन्नत आणविक और नैदानिक अनुसंधान केंद्र स्थापित किये गये हैं। प्रो अरुणालोक चक्रवर्ती और डॉ मधुचंदा ने जोर देकर कहा कि उन्नत प्रयोगशाला स्थापित करने का उद्देश्य ओडिशा के लोगों के लिए फंगल संक्रमण के लिए अत्याधुनिक निदान उपलब्ध कराना है। फंगल संक्रमण की पहचान और उपचार के लिए ओड़िया डॉक्टरों और पैरामेडिकल कर्मियों को प्रशिक्षण देना है और फंगल संक्रमण के निदान और प्रबंधन के लिए पूर्वी भारत के विभिन्न चिकित्सा अस्पतालों का समर्थन करें।

लैब पूर्वी भारत के लिए रेफरल सेंटर के तौर पर काम करेगी। यह विभिन्न फंगल संक्रमण वाले रोगियों के लिए विभिन्न सीरोलॉजिकल, आणविक और एंटीफंगल संवेदनशीलता परीक्षण सेवाओं की पेशकश करते हुए चिकित्सा कवक की पहचान करने में मदद करेगा। इसके अतिरिक्त, प्रयोगशाला हमारे केंद्र में माइक्रोबायोलॉजी प्रशिक्षुओं या माइक्रोबायोलॉजिस्ट का अभ्यास करने के लिए पूरे वर्ष निरीक्षण/हैंड्स-ऑन प्रयोगशाला प्रशिक्षण के अवसर प्रदान करेगी। फंगल संक्रमण के प्रकोप का अनुभव करने वाले अस्पताल प्रकोप को समाप्त करने के लिए अंतर्निहित कारणों की पहचान करने और भविष्य की घटनाओं को रोकने के उपायों को लागू करने के लिए इस केंद्र से मदद ले सकते हैं।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**